हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11




खेल

## हार्दिक की कप्तानी जाना तय, मुंबई इंडियंस से हो सकती है छुट्टी, सीनियर खिलाड़ियों...


Page 09




देश

## कर्नाटक में कांग्रेस का चार डिप्टी सीएम के फॉर्मूले पर मंथन, सिद्दरमैया के बेटे को मिल...


मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, अनुराधा, विक्रम संवत् 2083 • औरंगाबाद • शनिवार • 30 मई 2026 • वर्ष 28 • अंक 177 • पृष्ठ 12


## सोना चांदी



| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,57,640 | ₹ 2,80,000 |

## आज का इतिहास

**1987 :** गोवा भारत का 25 वाँ राज्य बना। गोवा भारत के दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में स्थित एक राज्य है, यह महाराष्ट्र के उत्तर में उत्तर और पूर्व और दक्षिण में कर्नाटक से घिरा है, जबकि अरब सागर इसका पश्चिमी तट बनाता है। यह क्षेत्रफल के हिसाब से भारत का सबसे छोटा और जनसंख्या के हिसाब से चौथा सबसे छोटा राज्य है।

**1975 :** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का गठन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### मानसून अब सात दिन बाद केरलम पहुंचेगा

**नई दिल्ली (ए.) ।** देश में मानसून की एंट्री लेट हो गई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि श्रीलंका के ऊपर कम दबाव वाली तूफानी हवाओं के चलते मानसून केरलम तट से 30-35 किमी दूर 5 दिन से अटका है और अगले 2-3 दिन इसके आगे बढ़ने के आसार नहीं हैं। केरलम के तट पर मानसून पहुंचने की सामान्य तारीख 1 जून मानी जाती है। इससे पहले मौसम विभाग ने 26 मई तक ही मानसून आने का अनुमान जताया था। ताजा अनुमान के मुताबिक अब यह 7 दिन बाद केरल तट पर पहुंचेगा। यानी, पिछले अनुमान से मानसून करीब 10 दिन बाद देश में एंट्री करेगा। आईएमडी के मुताबिक जून-जुलाई में भी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, गुजरात और आंध्र प्रदेश में हीटवेव चलने की संभावना है।

### शिक्षा विभाग एक जुलाई से चलाएगा राज्यव्यापी विशेष जांच अभियान

# निजी स्कूलों की होगी सघन जांच

### फर्जी मदरसों और संस्कृत विद्यालयों पर भी कार्रवाई की तैयारी

- 15,668 निजी स्कूलों की जांच का आदेश जारी।
- फीस, सुविधा, शिक्षकों के वेतन की होगी पड़ताल।
- नियम तोड़ने पर मान्यता रद्द करने की कार्रवाई।



निज संवाददाता | पटना

बिहार सरकार ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। राज्य के सभी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों की व्यापक जांच के साथ-साथ फर्जी मदरसों और संस्कृत विद्यालयों के विरुद्ध भी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है। शिक्षा विभाग 1 जुलाई से राज्यव्यापी विशेष जांच अभियान चलाएगा, जो पूरे एक माह तक जारी रहेगा।

शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार इस अभियान के दौरान राज्य के सभी निजी विद्यालयों की कार्यप्रणाली, आधारभूत संरचना, शिक्षकों की उपलब्धता, छात्र नामांकन, विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा सरकारी मानकों के अनुपालन की जांच की जाएगी। विशेष रूप से यह देखा जाएगा कि विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) तथा बिहार राज्य बच्चों की निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा नियमावली का पालन हो रहा है या नहीं।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में बिहार में 19,186 निजी विद्यालय पंजीकृत हैं, जबकि 1,012 विद्यालयों की मान्यता प्रक्रिया अभी लंबित है। जांच अभियान के दौरान विद्यालयों के संचालन से संबंधित सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी और अनियमितता पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इधर बिहार सरकार ने फर्जी मदरसों और संस्कृत विद्यालयों के विरुद्ध भी सख्त रुख अपनाया है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने घोषणा की है कि राज्य में संचालित सभी मदरसों और संस्कृत विद्यालयों की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर जो संस्थान फर्जी अथवा नियमों के विरुद्ध संचालित पाए जाएंगे, उन्हें बंद कर दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा के नाम पर किसी भी प्रकार के फर्जीवाड़े को बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसे संस्थान बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सरकार का उद्देश्य केवल वैध और मानक के अनुरूप संचालित शैक्षणिक संस्थानों को बढ़ावा देना है। विभागीय सूत्रों के अनुसार जांच के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जल्द जारी किए जाएंगे तथा जिला और राज्य स्तर पर विशेष जांच टीमों का गठन किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इस अभियान से शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी, सरकारी संसाधनों का सही उपयोग सुनिश्चित होगा और विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। शिक्षा विभाग के इस फैसले को राज्य में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### अभिभावकों को मिल सकती है राहत

सरकार की इस कार्रवाई से अभिभावकों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। लंबे समय से निजी स्कूलों पर मनमानी फीस वसूलने और नियमों की अनदेखी के आरोप लगते रहे हैं। अब देखना होगा कि जांच अभियान के बाद शिक्षा विभाग निजी स्कूलों के खिलाफ कितना सख्त कदम उठाता है।

## एक जून से बिहार में बस यात्रा होगी महंगी, किराए में 10 से 15 प्रतिशत तक बढ़ोतरी



**पटना(नि.सं.)।** बिहार में बस यात्रियों को अगले महीने से सफर के लिए अधिक किराया चुकाना होगा। परिवहन विभाग ने राज्य में संचालित सभी यात्री बसों के किराए में 10 से 15 प्रतिशत तक वृद्धि करने की अधिसूचना जारी कर दी है। नई किराया दरें 1 जून 2026 से पूरे राज्य में लागू होंगी। परिवहन विभाग के अनुसार डीजल की बढ़ती कीमतों और बसों के परिचालन व्यय में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए किराए का पुनर्निर्धारण किया गया है। विभाग का मानना है कि वर्तमान परिस्थितियों में परिवहन सेवाओं के संचालन को सुचारु बनाए रखने के लिए किराया संशोधन आवश्यक हो गया था। जारी अधिसूचना के अनुसार साधारण बस सेवा में 50 किलोमीटर तक की यात्रा के लिए अब प्रति किलोमीटर 1.73 रुपये किराया देना होगा, जबकि पहले यह दर 1.50 रुपये प्रति किलोमीटर थी। इसी प्रकार 100 किलोमीटर तक की दूरी के लिए 1.71 रुपये प्रति किलोमीटर तथा 300 किलोमीटर से अधिक दूरी की यात्रा के लिए 1.65 रुपये प्रति किलोमीटर किराया निर्धारित किया गया है। साधारण बसों के अलावा डीलक्स, सेमी डीलक्स और वातानुकूलित बस सेवाओं के किराए में भी बढ़ोतरी की गई है। नई दरों के अनुसार यात्रियों से निर्धारित किराया ही वसूला जाएगा और सभी बस संचालकों को संशोधित किराया सूची बस स्टैंडों तथा बसों में प्रमुखता से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया गया है।

## बिहार में मौसम का कहर : आंधी-बारिश और वज्रपात से आठ की हुई मौत, 20 जिलों में दिन में छाया अंधेरा

निज संवाददाता | पटना



बिहार में शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट लेते हुए व्यापक तबाही मचाई। सुबह से दोपहर तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में तेज आंधी, बारिश और वज्रपात का दौर जारी रहा। मौसम विभाग की चेतावनी के बीच पटना, औरंगाबाद, खगड़िया, रोहतास, कैमूर, सारण, छपरा सहित करीब 20 जिलों में घने काले बादलों के कारण दिन में ही अंधेरे जैसी स्थिति बन गई। कई स्थानों पर लोगों को वाहनों की हेडलाइट जलाकर सफर करना पड़ा। राज्यभर में वज्रपात की घटनाओं में अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार हो रही बारिश और तेज हवाओं के कारण जनजीवन प्रभावित रहा, वहीं प्रशासन को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है।

औरंगाबाद जिले के रफीगंज प्रखंड में भेखनपुरा प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक सुनील कुमार सिंह (43 वर्ष) की विद्यालय परिसर में आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं दाउदनगर थाना क्षेत्र के केशराड़ी गांव निवासी किसान केदार यादव (55 वर्ष) भी वज्रपात की चपेट में आकर जान गंवा बैठे। गया जिले के बरवाडीह गांव निवासी दिनेश यादव की बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं गुलरबेद गांव में बारिश से बचने के लिए पेड़ के नीचे खड़ी 17 वर्षीय मनीषा कुमारी पर वज्रपात होने से उसकी मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं।

पटना जिले के परसा बाजार थाना क्षेत्र के सकरैचा गांव में बकरी चराने गई दो बच्चियां सिमरन कुमारी (12 वर्ष) और स्वीटी कुमारी (10 वर्ष) वज्रपात की चपेट में आ गईं। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे गांव में मातम पसरा हुआ है।

खगड़िया जिले के थारूवा टोला गांव में गिरीश यादव की आकाशीय बिजली गिरने से मौत हो गई। वहीं सारण जिले के रिविलगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरिया छपरा गांव में एक किसान की वज्रपात की चपेट में आने से जान चली गई। इसके साथ ही राज्य में मृतकों की संख्या बढ़कर आठ हो गई है। पटना में तेज आंधी के कारण कई वीवीआईपी क्षेत्रों में पेड़ गिर गए, जिन्हें हटाने के लिए नगर निगम और प्रशासन की टीमों ने अभियान चलाया। सासाराम सदर अस्पताल समेत कई स्थानों पर जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। खगड़िया और अन्य जिलों में भी निचले इलाकों में पानी भरने की शिकायतें सामने आई हैं। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में बारिश, आंधी और वज्रपात को लेकर चेतावनी जारी की है। लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, खेतों और पेड़ों के नीचे जाने से बचने तथा मौसम विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है। लगातार हो रही बारिश और वज्रपात की घटनाओं ने राज्य में चिंता बढ़ा दी है। प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग हालात पर नजर बनाए हुए हैं तथा लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

### मृतकों के परिजनों को मिलेगा चार लाख मुआवजा

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वज्रपात से हुई मौतों पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देश दिया है कि मृतकों के परिजनों को तत्काल 4-4 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान उपलब्ध कराया जाए। साथ ही संबंधित जिलों के प्रशासन को प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया गया है।

### दिन में छाया अंधेरा जनजीवन प्रभावित

बक्सर, जहानाबाद, बेतिया, छपरा, पटना और औरंगाबाद समेत कई जिलों में सुबह से ही घने बादलों के कारण दिन में अंधेरा छा गया। तेज हवा और बारिश के कारण सड़कों पर दृश्यता कम हो गई, जिससे वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा।

## भाजपा प्रदेश संगठन के विस्तार से पार्टी को मिलेगी नई मजबूती : डॉ. प्रेम कुमार

निज संवाददाता | पटना



डॉ. प्रेम कुमार ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के नेतृत्व में हुए संगठन विस्तार की सराहना करते हुए नव नियुक्त सभी प्रदेश पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संजय सरावगी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बिहार लगातार मजबूत हो रही है। इसी क्रम में प्रदेश टीम की घोषणा की गई है, जो संगठन को और अधिक सशक्त और प्रभावी बनाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों पर चलने वाली पार्टी है। नवगठित प्रदेश टीम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ताओं का विशेष महत्व है। पार्टी कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नई प्रदेश टीम संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी तथा जनता के बीच पार्टी की विचारधारा और नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने में सफल होगी।

## फसल नुकसान का होगा सर्वे, प्रभावित किसानों को मिलेगी राहत

**पटना(नि.सं.)।** बिहार के विभिन्न जिलों में हाल के दिनों में हुई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से फसलों तथा फलदार वृक्षों को हुए नुकसान को लेकर राज्य सरकार सक्रिय हो गई है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कृषि विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग को प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल सर्वेक्षण कराने का निर्देश दिया है, ताकि किसानों को उचित राहत उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि राज्य सरकार इस कठिन समय में उनके साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि फसलों एवं फलदार वृक्षों को हुए नुकसान का आकलन कर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए, जिससे प्रभावित किसानों को नियमानुसार सहायता प्रदान की जा सके। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी संदेश में कहा कि राज्य के कई जिलों में अचानक आई तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि के कारण फसलों तथा पेड़ों पर लगे फलों को नुकसान पहुंचा है। इस क्षति का सर्वेक्षण कराने के लिए कृषि विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग को निर्देशित किया गया है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के आधार पर किसानों को समुचित राहत उपलब्ध कराई जाएगी। इधर मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। मौसम विज्ञान केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के कई जिलों में मौसम का खराब दौर अभी जारी रह सकता है।







बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### कौआकोल में बेमौसम बारिश और आंधी से मौसम हुआ सुहावना

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आंधी और बेमौसम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी। शुक्रवार की सुबह से ही आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई।बारिश के कारण जहां तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई,वहीं लोगों ने भीषण गर्मी से राहत महसूस की। कई दिनों से पड़ रही उमस और तपिश से परेशान लोग बारिश के बाद सुहावने मौसम का आनंद लेते नजर आए। हालांकि तेज बारिश और आंधी के कारण कुछ जगहों पर जलजमाव की स्थिति भी उत्पन्न हो गई। सड़कों पर पानी भर जाने से यातायात प्रभावित हुआ और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। तेज हवाओं के चलते कई जगह पेड़ों की डालियां भी टूटकर गिर गईं। अचानक बदले मौसम के कारण बाजारों में भी अफरा-तफरी का माहौल रहा। लोग बारिश से बचने के लिए दुकानों और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेते दिखे।मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों तक मौसम में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है।

### कौआकोल में महिला की वज्रपात से दर्दनाक मौत

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र के कौआकोल पंचायत अंतर्गत बीझो गांव में शुक्रवार को वज्रपात की चपेट में आने से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान बीझो गांव निवासी सुलेखा देवी (36 वर्ष), पति शिवदानी यादव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि सुलेखा देवी गांव स्थित छठ घाट के पास अपने खेत में गोबर का मलवा फेंकने गई थीं। इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ वज्रपात हो गया,जिसकी चपेट में आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी और मातम का माहौल कायम हो गया। स्वजनों ने बताया कि मृतका अपने पीछे तीन पुत्री एवं एक पुत्र छोड़ गई हैं। वहीं उनके पति शिवदानी यादव चंडीगढ़ में मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

### वज्रपात से दुधारू गाय की मौत, बछड़ा बाल-बाल बचा

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को हुई जोरदार बारिश और आंधी के बीच वज्रपात की घटनाएं भी सामने आई हैं। इसी क्रम में जहां बिझो गांव में एक महिला की मौत हो गई,वहीं प्रखण्ड के देवनगढ़ पंचायत अंतर्गत भोरमबाग गांव में वज्रपात की चपेट में आने से एक दुधारू गाय की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार भोरमबाग गांव निवासी टूकन चौधरी की दुधारू गाय गांव स्थित एक बरगद के पेड़ के नीचे बंधी हुई थी। इसी दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ,जिसकी चपेट में आने से गाय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं पास में मौजूद बछड़ा बाल-बाल बच गया। घटना के बाद पशुपालक परिवार में मातम का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि गाय परिवार की आजीविका का मुख्य सहारा थी। घटना की सूचना स्थानीय प्रशासन को दिए जाने की बात कही जा रही है।

### कौआकोल में जोरदार आंधी-पानी ने मचाई तबाही, कई घरों को नुकसान

**कौआकोल।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को अचानक आए तेज आंधी-पानी ने भारी तबाही मचाई। अचानक मौसम बदलने के साथ तेज हवा और बारिश से कई घरों एवं गौशालाओं को नुकसान पहुंचा,जबकि बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई।प्रखंड के बरौन गांव में तेज आंधी के कारण अशोक सिंह के मकान का पूरा करकट उड़ गया,जिससे हजारों रुपये मूल्य की क्षति हुई। वहीं मौलेश्वर सिंह के गौशाला का भी करकट उड़ गया, जिससे पशुपालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी के दौरान इसी गांव में बिजली के दो पोल टूटकर क्षतिग्रस्त हो गए,जिसके कारण पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं प्रखण्ड के लगभग सभी इलाकों में करीब दस घंटे से अधिक समय तक बिजली गुल रहा। जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### गयाजी में छात्रा संग टीचर को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा

**गयाजी।** गयाजी में एक टीचर को 10वीं की छात्रा के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़े जाने का मामला सामने आया है। घटना गुरुवार देर रात की है। बताया जा रहा है कि गांव के लोगों ने छात्रा और टीचर को एक साथ आपत्तिजनक हालत में देखा, जिसके बाद करीब एक घंटे तक गांव में हंगामा होता रहा। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने छात्रा और शिक्षक को अपने साथ थाना ले गई। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। शुक्रवार सुबह मामले की जानकारी के बाद आरोपी टीचर की पत्नी भी थाना पहुंची है। घटना आमस थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, आरोपी टीचर आमस थाना क्षेत्र के ही एक गांव में स्थित सरकारी स्कूल में पोस्टेड है। 16 साल की छात्रा इसी स्कूल में पढ़ाई करती है। छात्रा के परिजन गुरुवार की शाम गांव से बाहर गए थे। छात्रा अपने छोटे भाई के साथ घर में अकेली थी। इसी दौरान आरोपी टीचर छात्रा के घर देर रात करीब 11 बजे पहुंच गया। बताया जा रहा है कि गांव के लोगों को छात्रा और टीचर के बीच अफेयर की जानकारी पहले से थी। इसलिए टीचर जैसे ही छात्रा के घर पहुंचा, गांव के लोगों ने दोनों को रंगेहाथों आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इसके बाद काफी देर तक हंगामा होता रहा। गांव के लोगों ने टीचर को घेर लिया था, लेकिन सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छात्रा और टीचर को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर थाना ले आई। ग्रामीणों का आरोप है कि शिक्षक और छात्रा के बीच पिछले 4 महीने से अफेयर चल रहा था। गांव के लोगों को इसकी जानकारी थी और वे लगातार दोनों पर नजर रख रहे थे। बताया जा रहा है कि आरोपी टीचर का अक्सर छात्रा के घर पर आना जाना बना हुआ था। हालांकि इस मामले में अभी तक आधिकारिक तौर पर कुछ भी स्पष्ट नहीं कहा गया है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। इलाके में इस घटना को लेकर काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

गांव के लोगों के मुताबिक, आरोपी टीचर पिछले 12 साल से आमस के स्कूल में पोस्टेड था। बताया जा रहा है कि उसकी पहली पत्नी की मौत चुकी है। पहली पत्नी की मौत के बाद उसने अंतरजातीय शादी की। दूसरी पत्नी से आरोपी टीचर को 5 साल का एक बेटा है। दूसरी पत्नी सरकारी टीचर है। मामले की जानकारी के बाद थाना पहुंची उसकी पत्नी ने अपने पति का बचाव किया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी। आमस थाना प्रभारी धनंजय कुमार ने बताया कि सूचना मिलने के बाद दोनों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। छात्रा की उम्र, दोनों के बीच संबंध और घटना की वास्तविक स्थिति की पड़ताल की जा रही है। जांच रिपोर्ट और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने बताया कि जांच पूरी होने के बाद आरोपी शिक्षक को जेल भेजा जाएगा। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि मामला सिर्फ जान-पहचान का था या इसके पीछे कोई और बात है।

### गयाजी में बारिश के बाद रेलवे ट्रैक पर बढ़ी फिसलन

**गयाजी।** गयाजी जिले में शुक्रवार को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। सुबह से आसमान में बादल छाए रहे और कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। वहीं, दूसरी तरफ रेलवे परिचालन पूरी तरह प्रभावित हो गया। धनबाद रेल मंडल के गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन में रेलवे ट्रैक पर फिसलन बढ़ जाने से कई ट्रेनें घंटों तक अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ी रहीं। यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 8:20 बजे गुरपा-दिलवा रेल स्टेशन के बीच बसकटवा होम सिग्नल के पास डाउन लाइन में दुरंतो एक्सप्रेस का इंजन अचानक जवाब दे गया। लगातार बारिश के कारण रेलवे ट्रैक पर काफी फिसलन हो गई थी। इसी वजह से इंजन ट्रेन को आगे नहीं खींच पा रहा था। लोको पायलट ने तुरंत इसकी सूचना रेलवे कंट्रोल को दी। सुरक्षा को देखते हुए डाउन लाइन पर रेल परिचालन रोक दिया गया। घटना के बाद रेलवे महकमे में हड़कंप मच गया। गझंडी स्टेशन से तुरंत दूसरा इंजन भेजा गया। काफी मशक्कत के बाद अतिरिक्त इंजन को दुरंतो एक्सप्रेस में जोड़कर ट्रेन को आगे बढ़ाया जा सका। हालांकि इसके कुछ ही देर बाद एक और परेशानी खड़ी हो गई। बताया गया कि बसकटवा के पास पोल संख्या 416/26 के समीप एक लोडेड मालगाड़ी का इंजन भी फेल हो गया। इससे डाउन रेलखंड पर परिचालन पूरी तरह प्रभावित हो गया। करीब दो घंटे बाद गुरपा स्टेशन से दूसरा इंजन भेजा गया। फिर मालगाड़ी को हटाने की प्रक्रिया शुरू हुई।

# अंतर्राज्यीय (उड़ीसा) चोर गिरोह के 06 अभियुक्त को नवादा पुलिस ने किया गिरफ्तार

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**नवादा** : बीते दिनों 20 मई को समय लगभग 12 :35 बजे हिसुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति बैंक ऑफ इंडिया, शाखा हिसुआ से 3,10,000/- (तीन लाख दस हजार रुपये) की निकासी कर गाड़ी की डिक्की में रखकर अपने कार्यालय आ रहे थे, इसी क्रम में रास्ते में स्थित गंगदेव पेट्रोल पंप वालियरी स्थित खड़ी मोटरसाइकिल की डिक्की को खोलकर अज्ञात चोरों के द्वारा पैसों की चोरी की गई थी। इस संबंध में हिसुआ थाना कांड संख्या 268/26 दिनांक 20.05.2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए हिसुआ थाना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन किया गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर एक संदिग्ध व्यक्ति को चिन्हित किया गया तत्पश्चात तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा लगातार छापामारी की गई।

अनुसंधान के क्रम में पुलिस के द्वारा कांड में संलिप्त 28 मई को कुल 06 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। उल्लेखनीय है कि इन सभी के द्वारा गिरोह बनाकर उक्त घटना को अंजाम दिया जाता था । इनकी संलिप्ता कुर्था थाना कांड संख्या 84/26 के प्रकाश में आया है । गिरफ्तार अभियुक्तों को थाना परिसर लाया गया एवं उससे सघन पूछताछ की गई। उन्होंने अपने स्वीकारोक्ति बयान मे कांड में अपनी संलिप्तता को बताया तत्पश्चात सभी अभियुको को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्त में अजय दास उम्र 28 वर्ष पिता विजय दास ग्राम मुण्डमल पत्रसाड थाना कोइनपूर जिला गाजपुर राज्य उड़ीसा, देवेन्द्र दास उम्र 18 वर्ष पिता टुकना दास सा0 मुस्तफापुर थाना थामनगर जिला भदरख राज्य उड़ीसा,टी0 बाला उम्र 35 वर्ष पिता टी0 मारकोण्डा सा0 सुरूडा थाना सुरूडा जिला बरमपुर राज्य उड़ीसा, राजेश दास उम्र 25 वर्ष पिता विजय दास ग्राम मुण्डमल पत्रसाड थाना कोइनपुर जिला गाजपुर राज्य उड़ीसा, अशोक कुमार दास उम्र 27 वर्ष पे0 कृष्णादास सा0 शासन थाना गोंदारी पोकोटी जिला भदरख राज्य उड़ीसा टी0 मारकण्डे उम्र 55 वर्ष पिता टी0 लक्ष्मण सा0 सुरूडा थाना सुरूडा जिला कोन्जम वरमपूर राज्य उड़ीसा का है।गिरफ्तार अपराधियों के पास से 53,000 (तीरपन हजार रूपया) 02. 02 मोटरसाईकिल, 03 एण्ड्रयड मोबाईल एवं कीपैड मोबाईल 04. 02 पायल 05. 02 मोटरसाईकिल की गाड़ी का नंबर प्लेट 06. 01 लकड़ी का गुलेल . 01 ए0टी0एम0 कार्ड 0 01 लोहे का मास्टर चाभी 09. घटना के समय पहने कपड़ा 01 ड्राइविंग लाईसेंस 01 पावर बैंक 04 से 05 आधार कार्ड बरामद किए गए हैं। पुलिस अंग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी है।

# वज्रपात से एक की गई जान, गांव में पसरा मातम




सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**वारिसलीगंज।** थाना क्षेत्र के बेलधा गांव में शुक्रवार को तेज आंधी और बारिश के दौरान हुए वज्रपात की चपेट में आने से एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान बेलधा गांव निवासी सुरेश सिंह के 45 वर्षीय पुत्र कौशल कुमार के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कौशल कुमार भैंस चराने के लिए बधार गए हुए थे। इसी दौरान अचानक मौसम ने करवट ली और तेज आंधी, बारिश तथा गरज के साथ वज्रपात होने लगा। वज्रपात की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से झुलस गए।

घटना के बाद परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए वारिसलीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृतक अपने पीछे पत्नी, दो बेटे, दो बेटियां एवं वृद्ध माता-पिता को छोड़ गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार उनकी बड़ी बेटी की शादी की बातचीत चल रही थी, लेकिन इस हादसे के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल कायम है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं ग्रामीण भी इस घटना से स्तब्ध हैं।परिजनों ने प्रशासन से आपदा विभाग के तरफ से मिलने बाली सहायता राशि की मांग की है।

# वज्रपात गिरने से एक ही परिवार के तीन लोग घायल

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नारदीगंज (नवादा)।** प्रखंड क्षेत्र के ओड़ो गांव में शुक्रवार की सुबह में वज्रपात गिरने से एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए । इस घटना में मंटू यादव (22 वर्ष) और उनकी पत्नी डॉली देवी (20 वर्ष) के अलावा उनकी मां कौशिल्या देवी( 65 वर्ष) जख्मी हालत में है। बताया जाता है कि शुक्रवार की सुबह दोनों अपने घर के छत पर कमरे में बैठे हुए थे। तभी आकाशीय बिजली गिर गई। इसकी चपेट में आने से पति-पत्नी और उनकी मां तीनों बुरी तरह से जख्मी हो गए। घटना के बाद स्वजन और स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को तुरंत इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज लाया गया। जहां

अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया है। फिलहाल तीनों का इलाज नवादा के निजी अस्पताल में चल रहा है। अभी खतरे से बाहर बताया जा रहा है। वही दूसरी ओर बिक्कू गांव में आकाशीय बिजली गिरने से गृहस्वामी के घर में इलेक्टानिक उपकरणों को क्षति पहुंची है, और महावीर ध्वजा ध्वस्त हो गया है।

# नरहट चांदनी चौक पर जलजमाव से लोगों की बढ़ी परेशानी

## सड़क निर्माण अधूरा रहने से आवागमन प्रभावित

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**नरहट (नवादा)।** हिसुआ-खनवां मुख्य सड़क स्थित नरहट चांदनी चौक के पास बारिश के बाद जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। सड़क निर्माण में लगी कंपनी द्वारा कई महीनों से सड़क को खोदकर छोड़ देने के कारण थोड़ी सी बारिश में ही सड़क पर पानी भर जाता है। इससे राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के दौरान सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। कीचड़ और जलजमाव के कारण पैदल चलना मुश्किल हो गया है, वहीं बाइक चालकों को फिसलने का डर सताता रहता है। बड़े वाहनों के गुजरने पर गंदे पानी के छींटे आसपास खड़े



नरहट चांदनी चौक के पास जलजमाव में पार करता बाइक सवार

लोगों और दुकानदारों पर पड़ते हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी की लापरवाही के कारण समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरा पड़ा है, लेकिन अब तक इसे पूरा करने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि जलनिकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बारिश का पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है।

**शेखपुरा बाजार में भी हो जाता जलजमावः** शेखपुरा बाजार में भी सड़क निर्माण के दौरान तकनीकी खामी के कारण सड़क का एक हिस्सा नीचा रह गया है। बारिश होने पर वहां भी पानी जमा हो जाता है, जिससे राहगीरों को गंदे पानी का सामना करना पड़ता है और कई बार वाहन चालकों एवं राहगीरों के बीच विवाद की स्थिति बन जाती है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन और निर्माण कंपनी से नरहट चांदनी चौक पर जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा कराने तथा जलनिकासी की समुचित व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि लोगों को बारिश के दिनों में राहत मिल सके।

# नालंदा में झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहावना

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**नालंदा।** नालंदा में शुक्रवार की सुबह अचानक मौसम ने करवट ली और देखते ही देखते आसमान में काले बादल छा गए। पहले हल्की बूंदाबांदी हुई और फिर झमाझम बारिश ने पूरे इलाके को तरबतर कर दिया। इस बारिश ने पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और तेज धूप से झुलस रहे आम जनजीवन को बड़ी राहत दी है। बारिश के बाद जिले का तापमान नीचे लुढ़क गया और मौसम पूरी तरह से खुशनुमा हो गया। गौरतलब है कि मौसम विभाग ने बारिश को लेकर पहले ही अलर्ट जारी किया था, जो बिल्कुल सटीक साबित हुआ। शुक्रवार सुबह हुई इस बारिश से जिले के किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान लौट आई है। कृषि जानकारों का मानना है कि यह बारिश खेतों में नमी बढ़ाने में काफी मददगार साबित होगी। खासकर धान की तैयारी, सब्जी और दलहन की खेती करने वाले किसानों के लिए यह फुहारें किसी संजीवनी से कम नहीं हैं। इससे खरीफ फसल की तैयारियों को काफी गति मिलेगी और किसानों को अच्छी पैदावार की उम्मीद बंधी है।

**भैसासुर देवी स्थान के पास मुख्य सड़क पर घुटने भर पानी जमाः** एक तरफ जहां बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है, वहीं दूसरी तरफ मानसून से पहले हुई इस बारिश ने बिहार शरीफ नगर निगम के साफ-सफाई और नाला उड़ाही के दावों की पोल खोल कर रख दी है। थोड़ी देर की बारिश में ही शहर के कई प्रमुख इलाकों में जलजमाव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई। शहर में सबसे बदतर स्थिति रांची रोड की देखने को मिली, जहां भैसासुर देवी स्थान के पास मुख्य सड़क पर घुटने भर पानी जमा हो गया। इस जलजमाव के कारण दोपहिया और चार पहिया वाहनों की आवाजाही भारी रूप से प्रभावित हुई, वहीं पैदल चलने वाले राहगीरों का पानी के बीच से गुजरना भी मुहाल हो गया। रांची रोड के अलावा शहर के धनेश्वर घाट, अम्बेर चौक और पुल पर आदि प्रमुख चौराहों पर भी ऐसा ही जलजमाव का नजारा देखने को मिला। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण प्री-मानसून बारिश में ही शहर की ऐसी स्थिति देखकर स्थानीय लोगों ने नगर निगम प्रशासन की कार्यशैली पर कड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

# नियमित उपस्थिति ही सफलता की पहली सीढ़ी : डॉ. शैलेश कुमार



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

♦ गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में 'मेधा सम्मान समारोह' एवं 'अभ्यास पाठ' विदाई कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**नवादा।** मॉडर्न शैक्षणिक समूह द्वारा संचालित गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, नवादा में 'बच्चों की उत्कृष्ट उपस्थिति' विषय पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित मॉडर्न शैक्षणिक समूह के सचिव तथा एसोसिएशन ऑफ इंस्टीट्यूट पटना, बिहार के महासचिव डॉ. शैलेश कुमार ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यालय में नियमित उपस्थिति केवल एक नियम नहीं, बल्कि सफलता की पहली सीढ़ी है। जो बच्चे प्रतिदिन विद्यालय आते हैं, वे पढ़ाई में अधिक रुचि लेते हैं, अनुशासन सीखते हैं और जीवन में आगे बढ़ते हैं।

**उत्कृष्ट उपस्थिति वाले और मेधावी छात्र-छात्राएं हुए सम्मानित :** कार्यक्रम के दौरान कॉलेज प्रशासन द्वारा उन प्रशिक्षणार्थियों को मोमेंटो और मेडल देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने सत्र के दौरान उत्कृष्ट उपस्थिति दर्ज कराई और विभिन्न गतिविधियों में मेधावी प्रदर्शन किया।उत्कृष्ट उपस्थिति के लिए सम्मानित प्रशिक्षु सोनम आनंद, सोनम कुमारी, आफरीन सना, अन्नपूर्णा कुमारी, सुफिया नसरीन, खुशबू कुमारी, ज्योति कुमारी, सनोबर परवीन, शीतल कुमारी और संध्या।

***मेधा सम्मान से सम्मानित प्रशिक्षुः*** अनुराधा कुमारी, राखी कुमारी, गुलनाज़ परवीन, जहाँआरा, स्वाति कुमारी, शिवम् कुमार, इन्द्रजीत कुमार, अंकित कुमार, समर राज, अमित राज, श्रीकान्त कुमार, अतुल कुमार, मिथुन कुमार, लालन कुमार, पीयूष कुमार, दीपेश कुमार एवं दीपू कुमार।

डॉ. शैलेश कुमार ने सम्मानित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह समारोह केवल विद्यार्थियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि मेहनत, लगन और सफलता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता; निरंतर अभ्यास, ईमानदारी और सकारात्मक सोच ही हमें अपने लक्ष्य तक पहुँचाती है। रीयल-टाइम टीचिंग के लिए 'अभ्यास पाठ' पर रवाना हुए प्रशिक्षु

मेधा सम्मान समारोह के उपरांत कॉलेज के प्रशिक्षुओं को 'अभ्यास पाठ' (Practice Teaching) के लिए विभिन्न विद्यालयों के लिए रवाना किया गया। सचिव महोदय ने इसे भावी शिक्षकों के जीवन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण चरण बताया। उन्होंने कहा, "अब तक आपने जो सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त किया है, उसे विद्यालय के वास्तविक वातावरण में लागू करने का अवसर मिल रहा है। यह अनुभव आपको एक बेहतरीन शिक्षक बनने की दिशा में आगे बढ़ाएगा।" उन्होंने प्रशिक्षुओं से आग्रह किया कि वे स्कूलों में केवल पढ़ाएं नहीं, बल्कि बच्चों की भावनाओं को समझें, अनुशासन बनाए रखें और शिक्षा को रोचक बनाएं। इस विशेष अवसर पर गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य मनोज कुमार, प्राध्यापिका मुनी कुमारी, सलमा प्रवीन, प्राध्यापक रविचन्द्र राय तथा कर्मचारीगण श्री मुन्ना कुमार, गौतम कुमार, सूर्यभान कुमार, दिवाकर कुमार, मुकुंद कुमार झा, मनीष रंजन एवं दिलीप गुप्ता सहित भारी संख्या में प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# वारिसलीगंज नगर परिषद की सियासत में नई तस्वीर

## सशक्त स्थायी समिति के गठन के साथ शक्ति संतुलन भी हुआ तय

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**वारिसलीगंज।** नगर परिषद वारिसलीगंज में गुरुवार को सशक्त स्थायी समिति के तीन पार्षद सदस्यों का निर्वाचन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया। नगर विकास एवं आवास विभाग की अधिसूचना तथा बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम-2026 के तहत आयोजित यह चुनाव केवल औपचारिक प्रक्रिया नहीं रहा, बल्कि नगर परिषद की भावी राजनीति और विकास योजनाओं की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण पड़ाव भी माना जा रहा है। प्रखंड सभागार, वारिसलीगंज में आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया जिला पदाधिकारी नवादा श्री रवि प्रकाश के निर्देशानुसार संपन्न कराई गई। मतदान गुप्त मतदान प्रणाली के तहत हुआ, जिसमें निर्वाचित वार्ड पार्षदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पूरी प्रक्रिया प्रशासनिक निगरानी में विधि-सम्मत एवं पारदर्शी तरीके से पूरी की गई।

**रीता देवी और राजा मांझी की जीत ने बदले समीकरणः** सदस्य संख्या-01 के चुनाव में श्रीमती रीता देवी ने 18 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की। उनके मुकाबले में रहे श्री स्वेतांक कुमार को मात्र 07 मतों से संतोष करना पड़ा। यह परिणाम नगर परिषद के अंदर पार्षदों के झुकाव और राजनीतिक समर्थन की स्पष्ट तस्वीर भी सामने लेकर आया। वहीं सदस्य संख्या-02 के लिए हुए मुकाबले में श्री राजा मांझी ने 19 मत हासिल कर निर्णायक जीत दर्ज की। उनकी प्रतिद्वंद्वी श्रीमती गिना देवी को 06 मत प्राप्त हुए। इस परिणाम ने यह संकेत भी दिया कि परिषद के भीतर एक मजबूत गुटीय एकजुटता देखने को मिल रही है। तीसरे सदस्य के रूप में श्रीमती विभा कुमारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गईं। निर्विरोध निर्वाचन को लेकर परिषद के अंदर पहले से बनी सहमति की भी चर्चा रही।

### **नगर परिषद की "मिनी कैबिनेट" मानी जाती है समितिः** नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति को काफी अहम माना जाता है। नगर परिषद की वित्तीय स्वीकृतियां, विकास योजनाओं की अनुशंसा, खर्चों की निगरानी और कई प्रशासनिक निर्णयों में इस समिति की प्रमुख भूमिका होती है। यही कारण है कि इस चुनाव को नगर परिषद की "मिनी सरकार" या "मिनी कैबिनेट" के गठन के रूप में भी देखा जाता है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो समिति में चुने गए सदस्यों की सक्रियता आने वाले समय में शहर की सड़क, नाला, सफाई, जलापूर्ति और अन्य विकास योजनाओं की गति तय करेगी। साथ ही परिषद के अंदर शक्ति संतुलन किस ओर रहेगा, इसकी झलक भी इस चुनाव में साफ दिखाई दी।

**प्रशासनिक व्यवस्था रही चुस्तः** निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। मतदान स्थल पर सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। प्रशासन की ओर से यह सुनिश्चित किया गया कि मतदान निष्पक्ष, पारदर्शी और बिना किसी विवाद के पूरा हो।

**अब विकास पर होगी नजरः** स्थायी समिति के गठन के बाद अब शहरवासियों की निगाहें नगर परिषद की कार्यशैली पर टिक गई हैं। लोगों को उम्मीद है कि समिति के नए सदस्य वारिसलीगंज की मूलभूत समस्याओं के समाधान, विकास योजनाओं में तेजी और पारदर्शी कार्यप्रणाली को प्राथमिकता देंगे।

नगर परिषद की राजनीति में हुए इस नए समीकरण को आने वाले दिनों में और भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यही टीम अब शहर के विकास की दिशा और गति तय करने में अहम भूमिका निभाएगी।

पर्यटन मंत्रालय MINISTRY OF TOURISM

INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT BODHGAYA
(AN AUTONOMOUS BODY UNDER MINISTRY OF TOURISM GOVT OF INDIA & DEPT OF TOURISM GOVT OF BIHAR)
NCHMCT BIHAR TOURISM

DEGREE & DIPLOMA IN HOTEL MANAGEMENT

3 Years B.Sc. in Hotel Management Fee:Rs.3,50,000/- Approx.
1½ Year Diploma in F & B Service Fee:Rs.60,000/- Approx.
1½ Year Diploma in Food Production Fee:Rs.82,000/- Approx.

DRCC Facility Available (बिहार सरकार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड) for Hotel Management Degree Course
Degree Awarded by JNU,New Delhi
100 % Job Assistance (देश एवं विदेश के विभिन्न पांच सितारा होटलों, एयर लाइन्स, क्रूज लाइन्स सहित सरकारी एवं अर्धसरकारी विभागों में नौकरी की सुविधा)

हेल्पलाइन नंबर : +91-8987276070, +91-9608271879, 0631-2952143
पता - गया - डोभी रोड, बोधगया - 824234
वेबसाइट : www.ihmbodhgaya.com
ई-मेल : ihmbodhgaya@gmail.com
आयु सीमा की कोई बाध्यता नहीं है



## संक्षिप्त समाचार

### गयाजी में बादल गरजे, तेज हवा चली, फिर झमाझम बारिश, उमस और भीषण गर्मी से मिली राहत

**गयाजी।** गयाजी में शुक्रवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। सुबह-सुबह ही आसमान में काले बादल मंडराने लगे। तेज हवा चलने लगी। कुछ देर रिमझिम बारिश। फिर मेघ गर्जन के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। बारिश होते ही शहर के मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया। कई दिनों से उमस और तपिश से परेशान लोगों ने राहत की सांस ली। घरों में ठंडी हवा पहुंचने लगी। शहर में करीब 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चली। बारिश शुरू होते ही तेजी रफ्तार पकड़ रहा बाजार ठंडा पड़ गया। सड़के सुनी ही गईं। बारिश से बचने के लिए सुरक्षित ठिकाने में दुबक गए। बाइक व साइकिल सवार पुल और दुकानों के नीचे रुक गए। राहगीर भीगते हुए सुरक्षित जगह तलाशते नजर आए। बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बीते कुछ दिनों से चल रही गर्म हवाएं थम गईं। मौसम सुहावना हो गया। लोगों ने घरों की छत और बालकनी में बैठकर ठंडी हवा का आनंद लेने में जुट गए। मौसम विभाग ने पहले ही आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया था। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार दक्षिण बिहार और आसपास के इलाकों में बने चक्रवाती परिसंचरण के कारण मौसम में यह बदलाव आया है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में धीरे-धीरे कमी देखी जा रही थी, लेकिन शुक्रवार की बारिश ने गर्मी का असर काफी हद तक कम कर दिया। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अगले दो दिनों तक मौसम सामान्य बना रह सकता है। बीच-बीच में बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना भी जताई गई है। इस कारण लोगों को फिलहाल हीट वेव से राहत मिलने के आसार हैं। इस बार नौतपा का असर भी कमजोर दिख रहा है। बारिश का असर खेती-किसानी पर भी सकारात्मक माना जा रहा है। खासकर लंबी अवधि वाली धान की खेती करने वाले किसानों के लिए यह मौसम काफी फायदेमंद बताया जा रहा है। जिले के आसमान में अभी भी घने काले बादल डेरा डाले हुए हैं। बारिश के लिए वे आसमान में इधर उधर मचल रहे हैं। फिलहाल तेज बारिश रुकी हुई है। बूंदा बांदी हो रही है।

### गयाजी के टिकारी में फायरिंग, महिला के हाथ में लगी गोली, हथियार के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गयाजी।** गयाजी के टिकारी थाना क्षेत्र के पचमहला गांव में आज आपसी विवाद अचानक हिंसक हो गया। कहासुनी देखते ही देखते गोलीबारी तक पहुंच गई। भैसुर ने अपने छोटे भाई की पत्नी को गोली मार दी। गोली महिला के हाथ मे लगी है। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। घटना का वीडियो भी सामने आया है। खास बात यह कि दो बेटियों व एक बेटे के सामने ही वारदात को अंजाम दिया गया। इस बात से खफा महिला के बच्चे बगैर डरे बुजुर्ग चाचा को पटकर उसकी छाती पर चढ़ गए और भाई-बहन ने मिलकर उसकी जमकर लात घुसे से धुनाई भी की। साथ ही गोलीबारी में इस्तेमाल किया गया कट्टा बुजुर्ग के हाथ से छीन लिया। इस घटना के बादलोग घरों से बाहर निकल आए। कुछ देर के लिए इलाके में दहशत का माहौल बना रहा। गोलीबारी की इस घटना में घायल की पहचान रिंकू देवी के रूप में हुई है। उनके हाथ में गोली लगी है। घायल महिला अखिलेश शर्मा की पत्नी बताई जा रही हैं। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल उनकी स्थिति खतरे से बाहर है। ग्रामीणों के मुताबिक गांव में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। दोनों का घर पास में ही है। पहले कहासुनी हुई। इसके बाद मामला बढ़ गया। इसी दौरान आरोपी ने हथियार निकाल लिया और फायरिंग शुरू कर दी। गोली चलने की आवाज सुनते ही गांव में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। आसपास के लोग दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी कमलेश शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से हथियार भी बरामद किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। घटना के पीछे की वजह और विवाद के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। हालांकि पुलिस की मौजूदगी के बाद स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। टिकारी थानाध्यक्ष ने बताया कि घायल महिला का इलाज कराया जा रहा है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### गयाजी में ठनका गिरने से मजदूर की मौत, भैंस चराते समय हादसा, ग्रामीणों ने की मुआवजे की मांग

**गयाजी।** गयाजी के डुमरिया प्रखंड के भदवर थाना क्षेत्र स्थित सूनचक गांव में आज सुबह आकाशीय बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान 32 साल के दिनेश यादव के रूप में हुई है। दिनेश यादव शुक्रवार सुबह अपनी भैंस चराने घर से निकले थे। सुबह करीब 7:30 बजे वे गांव से लगभग एक किलोमीटर दूर बीजूआ बरवाडीह स्थित हरिईयाटाड़ पहुंचे। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हो गया और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरी। बिजली सीधे दिनेश यादव पर गिरी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटनास्थल पर पहुंचकर दिनेश यादव को बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। दिनेश यादव मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और दो बेटियां हैं। कुछ समय पहले ही उन्होंने अपनी एक बेटी की शादी की थी। इस घटना से परिवार पर आर्थिक संकट गहरा गया है। घटना की सूचना मिलने पर भदवर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी घटना की जानकारी ली है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। लोगों का कहना है कि दिनेश यादव परिवार के इकलौते कमाने वाले सदस्य थे। ऐसे में सरकार को पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, आवास योजना का फायदा और बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि परिवार का भविष्य सुरक्षित रह सके। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि बरसात के मौसम में लगातार आकाशीय बिजली की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### नालंदा में पिकअप ने साइकिल सवार को रौंदा

**नालंदा।** नालंदा के रहुई थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप ने साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साइकिल सवार दो चचेरे भाई सड़क पर गिर पड़े। जिसमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, दूसरा चोट लगने से घायल हो गया। मृतक की पहचान फरीदा गांव निवासी मुन्ना पंडित के पुत्र दीपक कुमार(16) के तौर पर हुई है। घायल सोनू का इलाज चल रहा है। दोनों 12वीं में पढ़ते थे। सुबह साइकिल से कोचिंग के लिए घर से निकले थे। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। तुरंत रहुई और भागन पुलिस को सूचना दी गई। मौके से भाग रहे पिकअप ड्राइवर को पुलिस ने भागन बिगहा चौराहे के पास पकड़ लिया। घटना बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग स्थित दिग्घीपर मोड़ के पास की है। रहुई थानाध्यक्ष ललित विजय ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है।

# गया निगम स्थायी समिति चुनाव खत्म, 5 पुराने सदस्य जीते, 2 नए चेहरों की एंट्री

## 14 उम्मीदवारों के बीच कांटे की रही टक्कर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गया नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति के चुनाव में पांच पुराने सदस्यों ने अपनी सीट बरकरार रखी है, जबकि दो नए चेहरों ने समिति में जगह बनाई है। शुक्रवार को हुए इस चुनाव में कुल सात सीटों के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में थे। इस परिणाम ने शहर की राजनीति में पुराने सदस्यों के प्रभाव को फिर से स्थापित किया है। समिति में दोबारा जीत हासिल करने वाले सदस्यों में पूर्व डिप्टी मेयर अखौरी ओंकार नाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव, विनोद प्रसाद यादव, चुन्नू खान, तबस्सुम परवीन और मनोज कुमार शामिल हैं। इन नेताओं ने लगातार दूसरी बार जीत दर्ज कर अपनी राजनीतिक पकड़ का प्रदर्शन किया। वहीं, सारिका वर्मा और उपेंद्र कुमार पहली बार समिति के सदस्य चुने गए हैं। यह चुनाव नगर निगम की राजनीति में बेहद प्रतिष्ठापूर्ण माना जा रहा था। सशक्त स्थायी समिति को नगर निगम की सबसे प्रभावशाली समिति माना जाता है, जो शहर के विकास कार्यों और वित्तीय निर्णयों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चुनाव को लेकर पार्षदों के बीच समर्थन जुटाने और रणनीतियां बनाने का दौर कई दिनों से जारी था।





**पूर्व समिति सदस्य को मिली हारः** इस चुनाव में वार्ड संख्या 1 की पार्षद और पूर्व समिति सदस्य स्वर्णलता वर्मा को हार का सामना करना पड़ा, जो एक बड़ा उलटफेर माना जा रहा है। उनकी हार ने नगर निगम के राजनीतिक गलियारों में नई चर्चाओं को जन्म दिया है। चुनाव के दौरान अंतिम समय तक जीत और हार को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगती रहीं। कई वार्ड पार्षदों के रुख को लेकर भी लगातार चर्चाएं होती रहीं, जिससे मुकाबला और अधिक दिलचस्प बन गया। मतगणना पूरी होने और परिणाम घोषित होते ही विजयी उम्मीदवारों के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर निगम परिसर में ढोल-नगाड़ों, फूल-मालाओं और मिठाइयों के साथ विजेताओं का स्वागत किया गया। "जिंदाबाद" के नारों से पूरा परिसर गूंज उठा।

**मिठाई खिलाकर बधाई दीः** मौके पर मौजूद मेयर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान ने सभी विजयी सदस्यों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उम्मीद जताई कि नई समिति शहर के विकास को नई दिशा देगी। जीत के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व डिप्टी मेयर मोहन श्रीवास्तव ने कई बड़े विकास काम की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अगले छह महीनों के भीतर गया शहर में विकास की नई तस्वीर दिखाई देगी। गांधी मैदान में प्रदूषण नियंत्रण के लिए आधुनिक प्रदूषण मुक्त टावर लगाए जाएंगे। इसके अलावा नगर निगम क्षेत्र के उन इलाकों में, जहां अब तक मैकेनिकल स्वीपिंग की सुविधा नहीं पहुंच सकी है, वहां अगले एक महीने के भीतर आधुनिक सफाई व्यवस्था शुरू कराई जाएगी।

उन्होंने दावा किया कि गया को स्वच्छता सर्वेक्षण में देश के टॉप-10 शहरों में शामिल कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही शहर में आधुनिक बस स्टॉप का निर्माण, वार्ड स्तर पर पुस्तक भवन की स्थापना और गली-गली एलईडी लाइट लगाने की योजनाओं को भी जल्द धरातल पर उतारा जाएगा।

# संस्थागत प्रसव 82% के पार, राज्य में अव्वल, डिप्टी सीएम बोले- ड्यूटी से गायब रहे, तो डॉक्टर पर होगी कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**नालंदा।** नालंदा के विकास काम की गति काफी संतोषजनक है। खासकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में जिले ने बेहतरीन काम करते हुए सूबे में एक मिसाल पेश की है। संस्थागत प्रसव (अस्पताल में डिलीवरी) के मामले में नालंदा 82 प्रतिशत की शानदार उपलब्धि के साथ पूरे बिहार में अव्वल बन गया है। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट के हरदेव भवन में आयोजित 'जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति' की अहम बैठक के बाद सूबे के उपमुख्यमंत्री सह जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी ने प्रेस वार्ता में यह बातें कहीं।



**अस्पतालों के बाहर दिखेगा डॉक्टरों का रोस्टरः** डिप्टी सीएम ने जिले में हो रहे नवाचार (इनोवेशन) की तारीफ की। उन्होंने बताया कि अब अस्पतालों के प्रवेश द्वार पर ही एक बड़ा बोर्ड लगाया जा रहा है, जिस पर किस दिन और किस समय किस डॉक्टर की ड्यूटी है, इसकी जानकारी डिस्प्ले रहेगी। कोई भी मरीज देखकर यह जान सकेगा कि उस वक्त किस डॉक्टर को वहां मौजूद होना चाहिए था। यदि कोई डॉक्टर बिना उचित कारण या पूर्व अनुमति के ड्यूटी से गायब मिलता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उत्कृष्ट काम के लिए प्रभारी मंत्री ने डीएम और पूरे स्वास्थ्य महकमे को बधाई दी।

**अच्छी बारिश से खेती को मिलेगा फायदाः** बैठक में बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति की भी गहन समीक्षा की गई। मंत्री ने कहा कि प्री-मानसून की इस अच्छी बारिश से किसानों को धान का बिचड़ा तैयार करने में बड़ी मदद मिलेगी। अगेती खेती हमेशा फायदेमंद होती है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के इस दौर में मौसम की भविष्यवाणी करना मुश्किल है, लेकिन हम उम्मीद करते हैं कि इस बार अच्छी बारिश होगी और किसानों की पैदावार बेहतर होगी। समय पर बीज आवंटन के सवाल पर उन्होंने आश्वस्त किया कि निगम के माध्यम से जल्द ही बीज जिले में पहुंचने वाला है।

**पावापुरी अस्पताल की अव्यवस्था दूर करने का निर्देशः** प्रेस वार्ता के दौरान जब पावापुरी अस्पताल में एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड न होने और इलाज के अभाव में एक युवक की मौत का मुद्दा उठा, तो प्रभारी मंत्री ने तुरंत संज्ञान लिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि अस्पताल की कमियों को देखा जाएगा और जल्द ही उचित व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा, बैठक में जनप्रतिनिधियों ने खराब चापाकल, बिजली की समस्या और डैमेज पुल-पुलिया के मुद्दे भी उठाए, जिन्हें दूर करने का सख्त निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया है।

**नागरिक परिषद की बैठक में राष्ट्रभक्ति का संदेशः** कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के बाद डिप्टी सीएम ने नवगठित 'जिला नागरिक परिषद' की बैठक भी की। उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट व अन्य जगहों पर चल रहे युद्ध के कारण देश की अर्थव्यवस्था पर भी दबाव है। ऐसे संकट के समय में प्रधानमंत्री ने आम नागरिकों से देशहित में काम करने की जो अपील की है, उसे गांव-गांव तक पहुंचाना जरूरी है। परिषद के सदस्य लोगों को उनके नागरिक दायित्वों और राष्ट्रभक्ति के प्रति जागरूक करेंगे।

### गयाजी में बेरोजगार युवाओं के लिए सुनहरा मौका

# 22 पदों पर शिक्षकों की भर्ती, सैलरी के साथ मिलेगा ट्रैवल का खर्च

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** गया शहर के अवर प्रादेशिक नियोजनालय, केंदुई में आज एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में 22 शिक्षक पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी की गई। निजी क्षेत्र की फ्रीडम एम्प्लॉयबिलिटी एकेडमी ने इन पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया। रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में युवक-युवतियां पहुंचे। सुबह से ही नियोजनालय परिसर में युवाओं की लंबी कतार देखी गई। विभिन्न प्रखंडों और शहर के अलग-अलग इलाकों से आए अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार और दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया में भाग लिया। चयनित उम्मीदवारों को प्रति माह 14,500 रुपये वेतन देने की घोषणा की गई। इसके अलावा, उन्हें ट्रैवल भत्ता, आवास सुविधा, सवेतन अवकाश और मेडिकल इंश्योरेंस जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

**डिजिटल नॉलेज की ट्रेनिंग देती है संस्थाः** संस्था के ट्रेजरी मैनेजर दीपक कुमार ने बताया कि उनकी संस्था ग्रामीण विकास और युवाओं के कौशल विकास के क्षेत्र में कार्यरत है। उन्होंने कहा कि संस्था 17 से 18 साल से अधिक उम्र के युवाओं को इंग्लिश स्पोकन और डिजिटल नॉलेज की ट्रेनिंग देती है, जिससे उन्हें नौकरी के लिए तैयार किया जा सके। दीपक कुमार ने यह भी बताया कि वर्तमान समय में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि कम्युनिकेशन स्किल और डिजिटल जानकारी भी आवश्यक है। संस्था का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को एक ही स्थान पर साक्षात्कार और नौकरी पाने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि पहले नौकरी की तलाश में युवाओं को विभिन्न शहरों और संस्थानों के चक्कर लगाने पड़ते थे, लेकिन अब नियोजनालय के माध्यम से उन्हें बेहतर अवसर मिल रहे हैं। बोधगया से आए जुगनू कुमार ने बताया कि उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से इस रोजगार मेले की जानकारी मिली थी और 22 शिक्षक पदों पर बहाली की सूचना के बाद वह यहां पहुंचे।

# म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंगकल आज आएंगे महाबोधि मंदिर, बोधगया में हाई अलर्ट

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**गया।** म्यांमार के राष्ट्रपति के शनिवार को बोधगया दौरे पर रहेंगे। उनके दौरे को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। सुरक्षा और विधि-व्यवस्था को देखते हुए विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया गया है। जिला प्रशासन ने कई प्रमुख मार्गों पर वाहनों की आवाजाही में बदलाव किया है। वहीं गया एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की ओर से मॉक ड्रिल कर सुरक्षा व्यवस्था की भी जांच की गई। जिला प्रशासन के अनुसार, शनिवार को शाम चार बजे तक एयरपोर्ट से पहले पांच नंबर गेट, हवाई अड्डा, टेकुना फार्म, दोमुहान, नोड वन, महाबोधि मंदिर, पचहट्टी और बकरौर स्थित मतंगवापी के सुजाता मंदिर तक जाने वाले सभी प्रकार के वाहनों के आवाजाही पर पूरी तरह रोक रहेगी। हालांकि एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है। इसके अलावा नोड वन से वेलकम होटल और महाबोधि मेडिटेशन सेंटर तक भी आम वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। इस मार्ग पर सिर्फ इमरजेंसी सेवा से जुड़े वाहन ही चल सकेंगे। प्रशासन ने लोगों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि बिना जरूरी काम के प्रतिबंधित रूट पर जाने से बचें।

यातायात व्यवस्था को सामान्य रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग भी तयः गया और बोधगया के बीच यातायात व्यवस्था को सामान्य बनाए रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग भी तय किया गया है। वाहन चालक शेरघाटी-चेरकी-गुलरियाचक-सिकरिया मोड़ मार्ग का उपयोग कर आवागमन कर सकेंगे। ट्रैफिक पुलिस और जिला प्रशासन की टीम विभिन्न चौक-चौराहों पर तैनात रहेगी ताकि लोगों को परेशानी न हो। इधर, म्यांमार के राष्ट्रपति के आगमन को लेकर गया जी एयरपोर्ट पर सुरक्षा तैयारियों की व्यापक समीक्षा की गई। डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समन्वय बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसएसपी सुशील कुमार, एयरपोर्ट डायरेक्टर अवधेश कुमार, सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट वीएस ठाकुर समेत जिला प्रशासन, पुलिस, खुफिया एजेंसियों, इमिग्रेशन, कस्टम, एयरलाइन ऑपरेटर और एयरपोर्ट ऑपरेटर के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद एयरपोर्ट परिसर में सीआईएसएफ द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान आपात स्थिति से निपटने की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय का परीक्षण किया गया। पुलिस प्रशासन का कहना है कि राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

म्यांमार थेरवादी परंपरा को माननेवाला एक प्रमुख बौद्ध देशः म्यांमार थेरवादी परंपरा को माननेवाला एक प्रमुख बौद्ध देश है। म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग पदभार ग्रहण करने के बाद अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा के क्रम में शनिवार को भारत आ रहे हैं। राष्ट्रपति सुबह करीब 9 बजे विशेष विमान से शिष्टमंडल के साथ एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां से वे महाबोधि मंदिर जाएंगे। वहां पूजा-अर्चना के बाद, बर्मीज विहार का भी भ्रमण कर सकते हैं। यह विहार बोधगया के पुराने विहारों में से एक है। दोपहर में भोजन के बाद दोपहर करीब 3 तीन बजे राष्ट्रपति वापस गया एयरपोर्ट लौटेंगे और दिल्ली रवाना होंगे। उनकी ये यात्रा नई दिल्लीऔर म्यांमार के बीच बढ़ते संबंधों को उजागर करती है, जो भारत की एक्ट ईस्ट नीति और नेबरहुड फर्स्ट पहल के अनुरूप है। रविवार को वे नई दिल्ली में उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता और रणनीतिक बैठकों में हिस्सा लेंगे।

Minolta

MINOLTA FINANCE LIMITED

Registered Office: Unique Pearl, BL-A, Hatiara, Roy Para, Kolkata, West Bengal, India, 700157.
CIN: L65921WB1993PLC057502 | Email Id: minoltafinance@gmail.com | Website: www.mintola.co.in

STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2026

(₹ In Lacs)

| Sr. No. | Particulars | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | As on 31.12.2026 | As on 31.12.2025 | As on 31.03.2025 | As on 31.03.2026 | As on 31.03.2025 |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1. | Total Income from Operation | 538.44 | 455.77 | 33.88 | 1,196.92 | 101.88 |
| 2. | Total Expenses | 558.31 | 300.45 | 37.76 | 1,401.97 | 100.40 |
| 3. | Net Profit/ (Loss) for the period before Tax | (19.87) | 155.32 | (3.88) | (205.04) | 1.48 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after Tax | (6.51) | 244.07 | (4.14) | (142.81) | 1.22 |
| 5. | Paid-up Equity Share Capital (Face value 1/- each) | 999.958 | 999.96 | 999.96 | 999.96 | 999.96 |
| | Basic & Diluted | (0.01) | 0.24 | (0.00) | (0.14) | 0.00 |

Notes:
1. The above audited Financial Results along with limited review have been reviewed by the Audit Committee thereafter approved and record by Board of Directors at their meeting held on 26.05.2026.
2. As required under clause 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Statutory Auditors of the Company have carried out of financial result for the Financial Result year ended March 31, 2026.
3. The Company has adopted Indian Accounting Standard (Ind AS) for the financial year commencing from 1st April 2019 and above results have been prepared in accordance with IND AS prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 and read with relevant rule made thereunder.
4. The Figures of quarter ended March 31, 2026 and March 31,2025 are the balancing figures between the full year ended andnine month ended for comparative year respectively.

The full format is also available on the website of the company i.e. www.mintola.co.in and BSE's and CSE's Website i.e.https://www.bseindia.com and www.cse-india.com.

MINOLTA FINANCE LIMITED
Sd/-
Arvind J. Gala
Director
DIN: 02392119

Place: Mumbai
Date : 26th May, 2026

## संक्षिप्त समाचार

### आटा व गेहूं चोरी मामले में एक नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**काराकाट /रोहतास** : काराकाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुशी के एक मील से आटा व गेहूं चोरी मामले में एक नामजद अभियुक्त को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार अभियुक्त ग्राम कुशी निवासी पवन सिंह उर्फ पवन कुमार पिता उमेश सिंह बताया जाता है । थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध 20 मई 2026 को कांड संख्या -217/ 26 तहत चोरी करने का मामला दर्ज था । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

### राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में रोहतास के काराकाट प्रखंड की दो पंचायतों का चयन



**काराकाट /रोहतास** । जिले के काराकाट प्रखंड की चिकसिल पंचायत और काराकाट पंचायत को राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी उपलब्धि मिली है। बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्थान, पटना द्वारा जारी पत्र के अनुसार नई दिल्ली में 3 जून 2026 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह में इन पंचायतों के प्रतिनिधियों को शामिल होने के लिए चयनित किया गया है। जारी सूची के अनुसार "Overall PAI 2.0 Topper Gram Panchayats" श्रेणी में काराकाट प्रखंड की काराकाट पंचायत से मुखिया योगेंद्र सिंह और चिकसिल पंचायत से मुखिया सिधारी रजवार को आमंत्रित किया गया है। हालांकि चिकसिल पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि योगेन्द्र सिंह ही है। दोनों पंचायतों ने पंचायत स्तर पर बेहतर कार्य और प्रदर्शन के आधार पर यह उपलब्धि हासिल की है। पत्र में बताया गया है कि राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार समारोह का आयोजन भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया जाएगा, जहां देशभर की उत्कृष्ट पंचायतों को सम्मानित किया जाएगा। बिहार से चयनित जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए नामित किया गया है। काराकाट क्षेत्र के लिए यह गौरव की बात मानी जा रही है। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने दोनों पंचायतों को मिली इस उपलब्धि पर खुशी जताई है। पंचायत स्तर पर विकास कार्य, जनभागीदारी और प्रशासनिक कार्यों में बेहतर प्रदर्शन के कारण इन पंचायतों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है।

### प्रज्ञा प्रवाह रोहतास विभाग के कार्यशाला में शामिल हुए बुद्धिजीवी



**बिक्रमगंज / रोहतास**। वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारूपुर में प्रज्ञा प्रवाह रोहतास विभाग के तरफ से एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। सर्वप्रथम संयुक्त रूप से क्षेत्र संयोजक श्रीमान देवव्रत प्रसाद, प्रांत सह संयोजक विमर्श आयाम मिथिलेश राय तथा डॉ अरुण कुमार विभाग संयोजक ने दीप प्रज्वलित कर भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। जिसके बाद नित्यानंद मिश्रा तथा उनके पुत्रों द्वारा बहुत ही सुंदर भजन की प्रस्तुति दी गई। जिससे कार्यशाला में उपस्थित लोग आनंदित हो उठे। कार्यशाला में कैमूर, रोहतास, अरुणनगर (औरंगाबाद) तथा बिक्रमगंज जिला के सैकड़ों कार्यकर्ता भाग लिए। प्रथम सत्र में सभी का परिचय तथा प्रज्ञा प्रवाह के विभिन्न आयामों के बारे में बताया गया। दूसरे सत्र में विषय आधारित अध्ययन केंद्र जिसमें समज से समाज तथा राष्ट्र की चर्चा की गई। तृतीय सत्र में जनसंख्या असंतुलन के कारण और उससे उत्पन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। चौथ और अंतिम सत्र में आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाई गई। जिसमें पर्यावरण को लेकर लोगों को जागरूक करना, पर्यावरण पर संगोष्ठी, प्रतियोगिता, चित्रांकन, पेड़ पौधे को कटाई से रोकने और अधिक से अधिक पौधे लगाने की योजना बनाई गई। जुलाई के अंत में पर्यावरण से संबंधित बड़े कार्यक्रम करने की भी योजना बनाई गई। इसके बाद जिज्ञासा समाधान और आशीर्वचन क्षेत्र संयोजक श्रीमान देवव्रत प्रसाद के द्वारा किया गया। अंत में कल्याण मंत्र कर कार्यशाला को समाप्त किया गया। इस अवसर पर डॉ दिलीप कुमार, डॉ रविन्द्र सिंह, शशिकांत चौबे, बूट्स तिवारी, सुधीर मिश्रा, रामनरेश पाण्डेय, रंजन तिवारी, मंजीत सिंह, जय प्रकाश सिंह, डॉ वीर बहादुर सिंह, श्री संतोष सिंह, नित्यानंद मिश्रा, प्रतिम तिवारी, प्रदीप, सत्यम और सुंदरम सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। इस कार्यशाला में बहुत ही सारगर्भित चर्चा हुई।

### स्कूल संचालक परिवार से रंगदारी मांगने का आरोप



**गया**। गयाजी के एक स्कूल संचालक परिवार से रंगदारी मांगने और मारपीट करने का आरोप है। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास वैभव के हस्तक्षेप के बाद 25 मई को एफआईआर दर्ज की गई। अब तक किसी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और लगातार धमकियां दे रहे हैं। स्कूल संचालक श्वेता कुमारी और उनके पति बृजनंदन कुमार ने बताया कि उन्हें अपनी और अपने पति की हत्या का डर है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस प्रशासन की होगी। आवेदन के अनुसार, यह घटना 20 मई को हुई थी, जब 10 से 12 लोग हथियार लेकर उनके घर पहुंचे। उन्होंने बृजनंदन कुमार से पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी और स्कूल बंद करने की धमकी दी। पीड़ित परिवार के विरोध करने पर आरोपियों ने घर की बाउंड्रीवाल तोड़ दी, परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की और हथियार दिखाकर उन्हें डराया। परिवार का दावा है कि आरोपी मौके से लगभग तीन लाख रुपये भी लूटकर ले गए।

श्वेता कुमारी की ओर से दिए गए आवेदन में कुल नौ लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। इनमें संतोष यादव, गुड्डू यादव, रोहित यादव (सभी पिता रामबली यादव, बड़की डेल्हा), संजय शर्मा, जयकांत शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, मधुकर यादव और अजय यादव शामिल हैं। परिवार का कहना है कि सभी आरोपियों की पहचान स्पष्ट है और घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध हैं। इसके बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। पीड़ित परिवार का आरोप है कि स्थानीय थाना स्तर पर कई बार शिकायत देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। परिवार के मुताबिक पहले भी आवेदन दिया गया था, लेकिन प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की गई। इसके बाद मामला कोर्ट और वरीय अधिकारियों तक पहुंचा। आखिरकार आईजी के हस्तक्षेप के बाद 25 मई को डेल्हा थाना में मामला दर्ज हुआ। पीड़ित पक्ष का कहना है कि घटना के सीसीटीवी फुटेज घर और आसपास के कैमरों में मौजूद हैं। आरोपियों के चेहरे भी स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद पुलिस की कार्रवाई बेहद धीमी है। परिवार का आरोप है कि कार्रवाई नहीं होने से आरोपियों का मनोबल बढ़ गया है और वे लगातार दबाव बना रहे हैं।

# नवनिर्मित मकान की गिरी दीवार, दबकर व्यक्ति की हुई मौत, परिवार मे मातम

## फर्नीचर की दुकान में झाड़ू लगाने के दौरान गिरी दीवार में दब कर हुई मौत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**कोचस (रोहतास)**। शुक्रवार की अहले सुबह आई भयानक गर्जन के साथ आंधी तूफान में जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया, कही मकान की दिवार गिर जाने से मौतें हुई तो कहीं सड़कों पर विशाल पेड़ों के गिर जाने से पूरी तरह आवागमन बाधित रहा। वैसे ही एक घटना सामने आई है ,जहां परसथुआ मे तेज गति से आई आंधी तूफान में नवनिर्मित तीन मंजिले मकान के गिरी दीवार के नीचे दब जाने के कारण एक 48 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। घटना शुक्रवार अहले सुबह की बताई जाती है। मृतक की पहचान ग्राम तेंदूनी थाना करगहर जिला रोहतास वर्तमान पता ग्राम परसथुआ निवासी दिनेश शर्मा उम्र 48 वर्ष पिता वंशरोपण शर्मा के रूप में हुई है।

**आंधी बारिश और वज्रपात से गिरी दीवार** : घटना के बारे में बताया जाता है कि दिनेश शर्मा कई वर्षों से परसथुआ मे किराए का मकान लेकर फर्नीचर का दुकान खुले हुए थे, इसी बीच उन्होंने अपना निजी जमीन ले रखा था जहां इसका निर्माण कार्य चल रहा था, दिनेश शर्मा नितिन की तरह शुक्रवार की अगले सुबह दुकान खोल झाड़ू मार रहे थे, तभी तेज गति से आई गर्जन के साथ आंधी तूफान के कारण उनके नवनिर्मित तीन मंजिले मकान की चार दिवारी फर्नीचर दुकान पर गिर गया जिसमें वह दब गए, आधे घंटे बाद जब आसपास के लोगों ने देख लोहे के कराकट हटाया और उपचार के लिए निजी क्लीनिक भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

**शव का कराया गया पोस्टमार्टम** : वही घटना की सूचना पर पहुंचे थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है। जबकि मौत की खबर सुन परिवार में कोहरा मच गया है।

## दो अलग-अलग कांडों में नामजद पांच अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज/ रोहतास** : स्थानीय थाना की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग कांडों में नामजद पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया । बिक्रमगंज थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि थाना में दर्ज कांड संख्या 363/26 के प्राथमिकी अभियुक्त प्रमोद कुमार एवं शत्रुघ्न राय दोनों पिता स्वर्गीय रामनाथ राय को पुलिस ने गिरफ्तार किया है ।इसके अलावा कांड संख्या 364/26 में नामजद अभियुक्त देव नारायण राय उर्फ सोनाजी राय,राज नारायण राय उर्फ हीरा राय दोनों पिता विजय राय उर्फ राज किशोर राय तथा भोले शंकर राय पिता देव नारायण राय उर्फ सोनाजी राय को भी गिरफ्तार कर लिया गया । थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार सभी पांचों अभियुक्त थाना क्षेत्र के बरुणा गांव के निवासी हैं । पुलिस ने सभी आरोपितों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक प्रक्रिया के तहत आगे की कार्रवाई के लिए भेज दिया है । उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा किसी भी सूरत में अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा ।

## सड़क पार कर रहे वृद्ध को बाइक ने रौंदा, वाराणसी रेफर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**करगहर (रोहतास)**। सासाराम-चौसा मुख्य पथ पर प्रखंड कार्यालय के समीप शुक्रवार को तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में बाइक चालक भी जख्मी हो गया। दोनों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से वृद्ध को बेहतर उपचार के लिए ट्रॉमा सेंटर वाराणसी भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार अकोढ़ी गोला थाना क्षेत्र के बांक गांव निवासी कुश पासवान बाइक से करगहर बाजार की तरफ जा रहा था। उसी समय सामाजिक सुरक्षा पेंशन निकालने आए 70 वर्षीय बालेश्वर पाल सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान अनियंत्रित बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में वृद्ध गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े, जबकि बाइक सवार भी घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

एसआई बलराम यादव ने बताया कि दुर्घटना में शामिल बाइक को जब्त कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। वहीं चिकित्सक नवनीत कुमार ने बताया कि वृद्ध के दोनों पैरों की हड्डियां टूट गई हैं, जिसके कारण उन्हें हायर सेंटर रेफर करना पड़ा।

# बदला मौसम का मिजाज, बारिश और ठंडी हवाओं से लोगों को मिली राहत





सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**काराकाट/रोहतास**। रोहतास जिले में शनिवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। सुबह करीब 6:10 बजे तेज ठंडी हवाओं के साथ हल्की बारिश शुरू हुई, जिससे कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली। सुबह का तापमान करीब 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जिससे मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया।

काराकाट, कच्छवाँ, बिक्रमगंज समेत कई शहरी व ग्रामीण इलाकों में बारिश दर्ज की गई। बारिश होते ही सड़कों पर गर्मी से परेशान लोग राहत महसूस करते नजर आए। वहीं ठंडी हवाओं के चलते वातावरण में ताजगी फैल गई। ग्रामीण क्षेत्रों में हुई बारिश से किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। किसानों का कहना है कि बारिश से खेतों में नमी आई है, जिससे धान की बुआई और अन्य कृषि कार्यों में तेजी आएगी। लंबे समय से सूखे और तेज धूप के कारण खेती प्रभावित हो रही थी, लेकिन मानसून की इस बारिश ने किसानों को नई उम्मीद दी है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में जिले के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। इससे तापमान में और गिरावट आने के आसार हैं। वहीं बिजली की किल्लत की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।कारण कि बिजली विभाग के लचर व्यवस्था से कहीं तार कहीं पोल (खम्भा) गिरने से बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी ।बिजली प्रभावित होने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# आभूषण व्यवसायी पर ताबड़तोड़ फायरिंग, लूटपाट की कोशिश

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**करगहर (रोहतास)**। बड़हरी बाजार में गुरुवार की देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने एक आभूषण व्यवसायी पर फायरिंग कर आभूषण लूटने का प्रयास किया। घटना में व्यवसायी गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बड़हरी निवासी धनजी सेठ अपनी दुकान बंद कर बच्चों के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। तभी दुर्गा मंदिर के समीप पहले से घात लगाए बदमाशों ने उनकी बाइक रोक दी। अपराधियों ने उन्हें बाइक से गिराकर झोले में रखे आभूषण छीनने का प्रयास किया।

व्यवसायी द्वारा विरोध करने पर अपराधियों ने दो राउंड गोलियां चला दीं। एक गोली उनके कमर के नीचे लगी, जबकि दूसरी गोली पैंट को छेदते हुए निकल गई। गोली लगते ही वे सड़क पर गिर पड़े और आसपास भगदड़ जैसी स्थिति बन गई।

घटना के दौरान बच्चों के चिल्लाने और गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े। लोगों को आते देख अपराधी हथियार लहराते हुए बाइक से फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल व्यवसायी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया।

थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि घटनास्थल से 9 एमएम पिस्टल का एक खोखा बरामद किया गया है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर अपराधियों की तलाश में जुटी हुई है।

## बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी से मुलाकात कर बिक्रमगंज क्षेत्र की बदहाल नहरों के रिस्टोरेशन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया:किरण प्रभाकर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**बिक्रमगंज / रोहतास**। खेतों तक पानी पहुंचाने और किसानों को सिंचाई संकट से राहत दिलाने को लेकर भाजपा बिहार प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किरण प्रभाकर ने जोरदार पहल की है। उन्होंने जल संसाधन विभाग पहुंचकर बिहार के डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी से मुलाकात कर बिक्रमगंज क्षेत्र की बदहाल नहरों के रिस्टोरेशन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया।

इस दौरान किरण प्रभाकर ने विशेष रूप से बिक्रमगंज कैनाल केसठ (1) नहर की दयनीय स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्षों से उपेक्षित पड़ी नहरों के कारण किसानों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है। इसका सीधा असर खेती और फसल उत्पादन पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जमोढ़ी, बसगीतिया, तेंदुनी समेत इस नहर से जुड़े कई गांवों के किसान आज भी सिंचाई के लिए इसी कैनाल पर निर्भर हैं।

किरण प्रभाकर ने डिप्टी सीएम के समक्ष किसानों की पीड़ा रखते हुए कहा, "जब खेत तक पानी नहीं पहुंचेगा तो किसान की मेहनत भी सूख जाएगी। नहरों का रिस्टोरेशन केवल विकास का काम नहीं, बल्कि किसानों के भविष्य को बचाने का अभियान है। सरकार अगर समय रहते पहल करे तो हजारों किसानों की जिंदगी बदल सकती है।"

उन्होंने आगे कहा कि कई स्थानों पर नहरों में गाद भर चुकी है और तटबंध क्षतिग्रस्त हो गए हैं, जिसके कारण पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुंच पा रहा है। यदि शीघ्र सफाई और मरम्मत कार्य शुरू हो जाए तो खरीफ सीजन में किसानों को बड़ी राहत मिलेगी तथा फसल उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए डिप्टी सीएम विजय कुमार चौधरी ने तुरंत संज्ञान लिया और जल संसाधन विभाग के साउथ बिहार सुपरिंटेंडेंट इंजीनियर को बुलाकर आवश्यक कार्रवाई शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया। उन्होंने आश्वस्त किया कि सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और किसानों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा ।

## सबका सम्मान, जीवन आसान" योजना तहत आयोजित जनता दरबार में आमजन की समस्याओं की गई सुनवाई



सोन वर्षा वाणी | संवाददाता

**बिक्रमगंज/ रोहतास** : अनुमंडल कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को "सबका सम्मान, जीवन आसान" योजना तहत आयोजित जनता दरबार में आमजन की समस्याओं की सुनवाई की गई । जनता दरबार की अध्यक्षता एसडीएम प्रभात कुमार ने की । इस दौरान भूमि विवाद से संबंधित 17, राशन कार्ड से जुड़े 14 तथा अन्य 11 मामलों की सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया गया । जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों ने अपनी समस्याओं को एसडीएम के समक्ष रखा,जिस पर एसडीएम ने गंभीरता दिखाते हुए कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए । भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व कर्मियों व अंचल अधिकारियों को निष्पक्ष जांच कर शीघ्र समाधान करने का आदेश दिया गया । वहीं राशन कार्ड से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया । एसडीएम प्रभात कुमार ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आम लोगों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े ।

जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है । उन्होंने कहा कि प्रशासन आमजन की हर समस्या के समाधान के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है । जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है ।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**काराकाट/रोहतास**। प्रखंड क्षेत्र के जयश्री स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में वैश्विक माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम विद्यालय की वार्डन गुड़िया पांडेय की उपस्थिति में संपन्न हुआ,जिसमें छात्राओं एवं किशोरियों को माहवारी स्वच्छता,स्वास्थ्य सुरक्षा और आत्मसम्मान से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी गई ।कार्यक्रम के दौरान वार्डन गुड़िया पांडेय ने कहा कि माहवारी महिलाओं एवं किशोरियों के जीवन की एक प्राकृतिक प्रक्रिया है,लेकिन जागरूकता के अभाव में आज भी कई लड़कियां इसे लेकर संकोच और भ्रम का सामना करती हैं । उन्होंने कहा कि समाज में फैली गलत धारणाओं को खत्म कर माहवारी को सामान्य स्वास्थ्य विषय के रूप में स्वीकार करने की जरूरत है ।

उन्होंने छात्राओं को माहवारी के दौरान साफ-सफाई बनाए रखने,सैनिटरी पैड का सही तरीके से उपयोग करने, समय-समय पर पैड बदलने तथा पौष्टिक भोजन लेने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी । साथ ही किशोरियों को यह भी बताया गया कि स्वच्छता में लापरवाही बरतने से संक्रमण एवं अन्य स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं । कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए माहवारी से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे,जिनका जवाब सरल एवं सहज तरीके से दिया गया । इस दौरान किशोरियों को मानसिक रूप से मजबूत रहने,झिझक छोड़कर खुलकर बात करने और किसी भी परेशानी में शिक्षकों एवं अभिभावकों से सलाह लेने के लिए प्रेरित किया गया । विद्यालय परिसर में आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य के प्रति सजग बनाना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा । कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि जागरूकता और स्वच्छता ही बेहतर स्वास्थ्य एवं आत्मविश्वास की सबसे बड़ी कुंजी है । मौके पर छात्राओं में खुशबू कुमारी, गोल्डी कुमारी, नंदिनी कुमारी, पूजा कुमारी, निभा कुमारी, छोटी कुमारी, अंशु कुमारी, सुमन कुमारी सहित अन्य छात्राएं उपस्थित रही ।

## संक्षिप्त समाचार

### सशक्त स्थाई समिति चुनाव संपन्न

**मुंगेर ।** मुंगेर जिले के विभिन्न नगर निकायों में सशक्त स्थाई समिति के गठन के लिए शुक्रवार को चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मतगणना और परिणामों की घोषणा के बाद विजयी प्रत्याशियों को निर्वाची अधिकारियों द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए और उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मुंगेर नगर निगम में सात सदस्यीय सशक्त स्थाई समिति के लिए मतदान हुआ। निर्वाची पदाधिकारी मनोज कुमार की देखरेख में यह प्रक्रिया पूरी हुई। चुनाव परिणामों के अनुसार, प्रसून कुमार को 11 मत, मीणा देवी को 15 मत, विकास आनंद को 12 मत, अनिल कुमार सिंह को 14 मत, अंजलि कुमारी को 2 मत, राजेश कुमार ठाकुर को 14 मत और पंकज कुमार को 1 मत प्राप्त हुए, जिससे वे विजयी घोषित किए गए। नगर परिषद जमालपुर में पांच सदस्यीय सशक्त स्थाई समिति के गठन के लिए नए सभागार में चुनाव आयोजित किया गया। इसमें चार सदस्य निर्विरोध चुने गए, जिनमें कैलाश कुमार, दीपा सिन्हा, अमित कुमार और शाहिना खातून शामिल हैं। शेष एक सीट के लिए हुए गुप्त मतदान में वार्ड संख्या 13 के पार्षद आलोक कुमार ने जीत हासिल की। नगर पंचायत संग्रामपुर में तीन पदों के लिए चुनाव प्रक्रिया प्रखंड मुख्यालय सभागार में संपन्न हुई। कुल छह वार्ड पार्षदों ने नामांकन दाखिल किया था। मतगणना के बाद सरोजनी देवी, सरिता देवी और वंदना कुमारी को क्रमशः सदस्य संख्या एक, दो और तीन के लिए विजयी घोषित किया गया। नगर पंचायत तारापुर में अनुमंडल सभागार में एसडीओ सह चुनाव पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ। नामांकन और जांच प्रक्रिया के बाद शुभम वर्मा, रोमित कुमार और नितेश घोष को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया, क्योंकि किसी भी पद पर कोई मुकाबला नहीं था। हवेली खड़गपुर नगर परिषद में तीन स्थाई समिति सदस्यों के चुनाव में पूजा देवी निर्विरोध निर्वाचित हुईं। वहीं मोहम्मद तस्लीमुद्दीन और अनूवेश कुमार उर्फ अनूपेश ने 18-18 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। निर्वाची पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा ने सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। नगर पंचायत असरगंज में भी स्थाई सशक्त समिति के चुनाव को लेकर दुग्ध उत्पादन सभागार में प्रशासनिक निगरानी में मतदान कराया गया। यहां तीन पदों के लिए छह प्रत्याशी मैदान में थे। मतगणना के बाद सोनी कुमारी को तीन मत, रोहित रविदास को तीन मत तथा दवेंद्र कुमार को पांच मत प्राप्त हुए और उन्हें विजयी घोषित किया गया। निर्वाची पदाधिकारी शशांक कुमार ने विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र सौंपा।

### युवक का पेड़ से लटका मिला शव

**मुंगेर ।** मुंगेर में शुक्रवार सुबह डंगरी नदी किनारे युवक का शव पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों ने सुबह खेत और नदी की ओर जाते समय शव को देखा, जिसके बाद खबर तेजी से फैली और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र की है। मृतक की पहचान तारापुर थाना क्षेत्र के लौना निवासी अजीत कुमार दास के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मृतक का ससुराल घटनास्थल के समीप धपरा गांव में है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना हवेली खड़गपुर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर उसकी पहचान कराने का प्रयास किया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिनका रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, पारिवारिक कलह के कारण युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर गहनता से जांच कर रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी अनिल कुमार भी घटनास्थल पर पहुंचे और जांच का जायजा लिया। फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही मामले का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

### 'सुरक्षित बचपन-सुरक्षित भविष्य' योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम

**अररिया ।** अररिया जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शुक्रवार को फारबिसगंज प्रखंड स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। "सुरक्षित बचपन-सुरक्षित भविष्य जागृति योजना 2025" के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और कानून संबंधी जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल एडवोकेट राहुल रंजन ने किया। इसमें मुख्य रूप से बच्चों को लैंगिक अपराधों से संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) 2012 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एडवोकेट रंजन ने बच्चों और शिक्षकों को बताया कि यह कानून बच्चों के साथ होने वाले अपराधों की रोकथाम और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों को यह भी समझाया गया कि किसी भी प्रकार की प्रताड़ना, शोषण या अपराध की स्थिति में वे कानूनी सहायता कैसे प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 की भी जानकारी दी गई। राहुल रंजन ने बताया कि इस अधिनियम के तहत जरूरतमंद और पीड़ित बच्चों की देखरेख, संरक्षण, उपचार, विकास एवं पुनर्वास की व्यवस्था की जाती है। श्री रंजन ने बच्चों की सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि जागरूकता ही बच्चों को सुरक्षित भविष्य देने का सबसे मजबूत माध्यम है। कार्यक्रम के अंत में छात्रों से कानून और सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जागरूक रहने की अपील की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक कृष्ण कांत, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी बसंत कुमार सिंह, अधिकार मित्र युगल किशोर गुप्ता, शिक्षकों में नवनीत कुमार, बिपिन कुमार, खोज नारायण साहू, समीर कुमार सहित कई शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में घायल महिला की मौत

**बांका ।** बांका में सड़क दुर्घटना में घायल हुई महिला की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई। मृतका की पहचान धोरैया थाना क्षेत्र के बटसार गांव निवासी बेबी देवी(30) के रूप में हुई है। गुरुवार शाम जैसे ही उनका शव गांव पहुंचा, परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका की मां मीना देवी ने बताया कि यह हादसा 17 मई को हुआ था। बेबी देवी गांव के ही एक युवक और एक महिला के साथ बाइक से झारखंड स्थित रेकसी स्थान पूजा करने जा रही थीं। इसी दौरान एकचारी हनुमान मंदिर के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बेबी देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया था। पटना में कई दिनों तक इलाज चलने के बाद उनकी मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार गहरे सदमे में है। मृतका अपने पीछे तीन बेटियां नंदिनी, चंदा और प्रीति तथा एक पुत्र आशीष को छोड़ गई हैं। बच्चों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि बेबी देवी की शादी झारखंड के बसंतराय थाना क्षेत्र के महेशटिकरी गांव में हुई थी। हालांकि, शादी के बाद वह अपने पति मिथुन दास के साथ मायके बटसार गांव में ही रह रही थीं। थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने जानकारी दी है कि पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### नेशनल हाईवे किनारे अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त

**बांका ।** सड़क सुरक्षा को लेकर सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद बांका जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे संचालित ढाबों, रेस्टोरेंटों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है।बांका जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला ने अवैध अतिक्रमण,अवैध पार्किंग, हाईवे पेट्रोलिंग और यातायात व्यवस्था में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे स्थित ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों को 20 दिनों के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने को कहा गया है। उन्हें 'राइट ऑफ वे' (ROW) से सीधे प्रवेश मार्ग बंद करके पीछे से पहुंच मार्ग विकसित करने या पेट्रोल पंप की तर्ज पर सर्विस लेन और पहुंच पथ की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। निर्धारित समय-सीमा में सुधार न होने पर प्रतिष्ठानों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सुलतानगंज नगर परिषद सशक्त स्थायी समिति सदस्य का चुनाव संपन्न

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर ।** भागलपुर के सुलतानगंज नगर परिषद की सशक्त स्थाई समिति सदस्य के चुनाव को लेकर शुक्रवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। चुनाव की पूरी प्रक्रिया एसडीओ विकास कुमार की निगरानी में सम्पन्न कराई गई, जबकि सभागार परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल एवं महिला पुलिस बल की तैनाती की गई थी। नगर परिषद के पार्षदों ने मतदान कर समिति के सदस्यों का चयन किया, जिसमें रामानंद पासवान, नवीन कुमार बन्नी और बेबी देवी को विजयी घोषित किया गया। रामानंद पासवान निर्विरोध निर्वाचित हुए, जबकि नवीन कुमार बन्नी और बेबी देवी को 14-14 मत प्राप्त हुए। वहीं उनके प्रतिद्वंदी विभूति कुमार विकल्प और सविता देवी को 12-12 मत मिलने पर हार का सामना करना पड़ा। चुनाव परिणाम की घोषणा के बाद एसडीओ विकास कुमार एवं बीडीओ संजीव कुमार ने सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। परिणाम घोषित होते ही सभागार परिसर में समर्थकों और वार्ड पार्षदों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिला। नवनिर्वाचित सदस्यों को फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया तथा समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी मनाई। इस दौरान वार्ड पार्षद, वार्ड प्रतिनिधि एवं जनप्रतिनिधियों की बड़ी संख्या मौजूद रही।

**मतदान प्रक्रिया बिना किसी विवाद के सफलतापूर्वक संपन्न :** चुनाव के दौरान प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी प्रकार की चूक नहीं होने दी गई। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांति व्यवस्था कायम रही और मतदान प्रक्रिया बिना किसी विवाद के सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। नवनिर्वाचित सदस्य बेबी देवी ने जीत के बाद कहा कि "जिस तरह पार्षद लोगों ने हमें जिताया है, उसी तरह हम सभी पार्षदों की बातों को प्राथमिकता देंगे और सभी का धन्यवाद करते हैं। नगर परिषद के हर वार्ड में विकास कार्य कराया जाएगा और किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।" वहीं नवनिर्वाचित सदस्य नवीन कुमार बन्नी ने कहा कि "यह चुनाव हमारी व्यक्तिगत जीत नहीं बल्कि सभी समर्थकों और वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों की जीत है। हम इस जीत को श्रद्धेय राजकुमार गुड्डू जी एवं कार्यपालक पदाधिकारी को समर्पित करते हैं। नगर परिषद क्षेत्र के सभी वार्डों में मिलजुल कर विकास कार्य किया जाएगा और सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास होगा। सशक्त स्थायी समिति को निगम की मिनी कैबिनेट माना जाता है। नगर परिषद के बड़े वित्तीय फैसले, टेंडर, विकास योजनाओं की स्वीकृति और खर्च से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव इसी समिति से पास होते हैं।

## गाड़ी ट्रांसफर के नाम पर रिश्वत लेते अफसर-दलाल अरेस्ट

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही मुहिम में जुटी निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (विजिलेंस) ने कार्रवाई की है। बेगूसराय जिला परिवहन कार्यालय में तैनात प्रधान लिपिक संजय कुमार और उनके निजी दलाल शिवानंद झा को निगरानी की टीम ने 6000 रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई गाड़ी ट्रांसफर करने के नाम पर ली जा रही घूस को लेकर की गई है। चेरिया बरियारपुर थाना क्षेत्र स्थित सकरौली गांव के रहने वाले सत्यम कुमार अपनी गाड़ी का ट्रांसफर (स्वामित्व हस्तांतरण) कराने के लिए पिछले कई दिनों से बेगूसराय डीटीओ ऑफिस के चक्कर काट रहा था। सभी कागजात सही होने के बावजूद, कार्यालय के बड़ा बाबू संजय कुमार की ओर से काम करने के एवज में 6000 की रिश्वत मांगी जा रही थी।

इस काम में उनका सहयोग उनका निजी दलाल शिवानंद कर रहा था, जो पीड़ित पर लगातार पैसे देने का दबाव बना रहा था। पीड़ित रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसलिए उसने इसकी शिकायत छह दिन पहले पटना स्थित निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से कर दी। शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने मामले का गोपनीय सत्यापन कराया। जिसमें घूस मांगे जाने की बात पूरी तरह सही पाई गई।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई–आरईपी–आईपीएस–36एसटीएन–26–27, दिनांक: 27.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदा सं.: एसडीएसटीई–आरईपी–आईपीएस–36एसटीएन–26–27 के तहत खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के तहत 36 स्थानों पर पुराने एवं जीर्ण–शीर्ण आईपीएस को बदलना। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 4,52,73,240/–, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु. 9,05,500/–, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 05.06.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 19.06.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। HWH-110/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# 7 जून से पहले बेली ब्रिज पर शुरू होगा आवागमन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**भागलपुर ।** भागलपुर और नवगछिया को जोड़ने वाले विक्रमशिला पुल पर चल रहे बेली ब्रिज निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। 7 जून से पहले बेली ब्रिज के जरिए भागलपुर से नवगछिया की ओर से आवाजाही शुरू हो जाएगी। बेली ब्रिज के शुरू होने से नवगछिया समेत 16 जिलों के लोगों को सहूलियत होगी। शुक्रवार यानी आज जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने निर्माणकार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सीमा सड़क संगठन (BRO), पुल निर्माण निगम एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन की ओर से बताया गया कि 7 जून से पहले हर हाल में ब्रिज पर यातायात बहाल कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

**भागलपुर, नवगछिया समेत कोसी-सीमांचल के लोगों को मिलेगी राहत :** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जिलाधिकारी को बताया कि क्षतिग्रस्त स्लैब की जगह नया हिस्सा सफलतापूर्वक लॉन्च किया जा चुका है। तकनीकी ऑडिट रिपोर्ट में जिन दो अन्य हिस्सों को संवेदनशील बताया गया था, वहां भी बेली ब्रिज लॉन्चिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। फिलहाल अंतिम लॉन्चिंग का कार्य तेजी से जारी है। साथ ही सुरक्षा और मजबूती को ध्यान में रखते हुए चौथे बेली ब्रिज का निर्माण भी कराया जा रहा है। ब्रिज पर आवागमन शुरू होने से लाखों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है, क्योंकि पुल बंद रहने के कारण भागलपुर, नवगछिया, कटिहार एवं कोसी क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिला प्रशासन की निगरानी में पहुंच पथ निर्माण, एंगल की तकनीकी जांच, कोटा केबिन स्थापना, लाइनिंग-मार्किंग तथा सिंगल लेन मॉनिटरिंग जैसे कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने कहा कि विक्रमशिला सेतु पर सभी निर्माण एवं मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर चल रहे हैं और विभागीय सचिव स्तर से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि सीमा सड़क संगठन, पुल निर्माण निगम और विभागीय अभियंता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं ताकि तय समयसीमा के भीतर पुल को चालू किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य 7 जून 2026 से पहले पुल पर सुरक्षित आवागमन शुरू कराना है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा तकनीकी टीम की सलाह के अनुसार हर जरूरी कदम उठाया जा रहा है ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम यातायात की सुविधा मिल सके। विक्रमशिला पुल के 34 मीटर का स्लैब गंगा में समा गया. इसके बाद आवाजाही पूरी तरह से बंद हो गई। 4 मई: बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने तीन महीने में काम पूरा होने की बात कही। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से बात कर सेना की मदद मांगी। इंजीनियर्स की टीम ने जांच की और एलिगेटर क्रेकिंग होने की बात कही। 5 मई: बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन की टीम भागलपुर पहुंची और घटनास्थल पर असेसमेंट शुरू किया। 6 मई: बीआरओ की टीम का असेसमेंट पूरा हुआ।

## 2 बच्चों की मां ने की पड़ोसी से शादी

**भागलपुर ।** भागलपुर के सनोखर थाना क्षेत्र के सिलहन गांव में दो बच्चों की मां ने अपने पति को छोड़कर गांव के ही एक युवक से शादी कर ली। शादी के 5 महीने बाद महिला अपने ससुराल पहुंची। हालांकि, प्रेमी के परिवार ने उसे अपनाने से इनकार कर दिया था, लेकिन बाद में ग्रामीणों के हस्तक्षेप से महिला को घर में जगह मिल गई। 25 साल की मोनी कुमारी ने बताया कि गांव के 19 साल के दिलखुश यादव से उनकी बातचीत शुरू हुई थी। घर के पास रहने के कारण दोनों अक्सर मिलते थे, जिससे मोबाइल पर बातचीत और फिर दोस्ती प्यार में बदल गई। दोनों ने साथ जीने-मरने की कसमें खाकर शादी करने का फैसला किया।


**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सं.: 94_2026–27, 103_2026–27 और 104_2026–27, दिनांक: 27.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/सी/ हावड़ा, क्रम सं. 1, ई–निविदा सं.: 94_2026–27, कार्य का विवरण :** (i) "हावड़ा मंडल–निम्नलिखित खंड में एच–बीम स्लीपर द्वारा चैनल स्लीपर का नवीनीकरण– 752 अदद, सांईथिया–नलहाटी खंड (ब्रिज नं. 172–अप–110.608 – 110.791 किमी–520 अदद) ; बैण्डेल – कटवा – (ब्रिज नं.–83 अप–54.714 – 54.835 किमी – 232 अदद)" (ii) "हावड़ा मंडल – टीबीएसआर (एच–बीम) – 1450 अदद सेवड़ाफुली–गोघाट खंड में– (ब्रिज नं. 6–डाउन–.931–.953 किमी –36 अदद और अप–.931–.953 किमी–36 अदद, ब्रिज नं. 26–अप–32.322 32.356 किमी –56 अदद) बैण्डेल–शक्तिगढ़ –(ब्रिज नं. 94 डाउन –44.658–44.733 किमी–145 अदद, ब्रिज नं. 100–डाउन 46.719 –46.794 किमी–145 अदद, ब्रिज नं. 94 –रिव –44.658–44.733 किमी–145 अदद, ब्रिज नं.100 –रिव 46.719–46.794 किमी–145 अदद), बैण्डेल–कटवा (ब्रिज नं.–12 –अप – 7.073– 7.133 किमी–96 अदद, ब्रिज नं. 20–अप 11.821–11.922 किमी–165 अदद, ब्रिज नं. 51ए–अप–32.203–32.249 किमी–77 अदद, ब्रिज नं. 51–डाउन–32.203 32.249 किमी–63 अदद)। कटवा–आजिमगंज (ब्रिज नं.–180ए–अप–114.369–114.411 किमी–82 अदद, ब्रिज नं. 217–डाउन 130.666–130.837 किमी–159अदद) कटवा –आजिमगंज–ब्रिज नं. 230–डाउन–139.005–139.056 किमी–100 अदद।" **अनुमानित मूल्य :** रु. 6,58,81,475.24, **बयाना राशि :** रु. 13,17,600/–, **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं.: 103_2026–27, कार्य का विवरण :** (i) बेगमपुर–बेगमपुर (बीपीएई) स्टेशन पर एफओबी सीढ़ियों का प्रावधान। (ii) एईएन/लिलुआ के अंतर्गत हिंद मोटर (एचएमजेड) स्टेशन पर सभी प्लेटफार्मों पर लिफ्ट के साथ 6 मीटर चौड़े एफओबी का प्रावधान । **अनुमानित मूल्य :** रु. 6,77,52,624.84, **बयाना राशि :** रु. 13,55,100/–, **क्रम सं. 3, ई–निविदा सं.: 104_2026–27, कार्य का विवरण :** (i) एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के तहत एसएसई/डब्ल्यू/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधिकार क्षेत्र में प्रांतिक स्टेशन पर एक एफओबी का विस्तार। (ii) एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के तहत एसएसई/डब्ल्यू/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधिकार क्षेत्र में कोपाई स्टेशन पर एफओबी का विस्तार। (iii) एईएन/बोलपुर शांतिनिकेतन के तहत एसएसई/डब्ल्यू/बोलपुर शांतिनिकेतन के अधिकार क्षेत्र में मल्लारपुर स्टेशन पर एफओबी का विस्तार। (iv) नलहाटी–वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अंतर्गत नलहाटी स्टेशन पर पश्चिमी ओर मौजूदा एफओबी के विस्तार के लिए प्रस्ताव। **अनुमानित मूल्य :** रु. 8,32,92,068.67, **बयाना राशि :** रु. 16,65,900/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य (प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि :** 12 माह (प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 19.06.2026 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-111/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter



**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा नोटिस सं०–17 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डीडीयू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकि दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारो से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं **(i) कार्य का नाम एवं लोकेशन:** निविदा सं0–10–डीडीयू–व0मं0इंजी0– I–26–27 डीडीयू मंडल के अधीन एएलसी के माध्यम से टैपिंग और प्रति किलोमीटर ट्रैक ज्यामिति की रिकॉर्डिंग के लिए जीईडीओ/जीपीएस द्वारा ट्रैक सर्वेक्षण **(ii) कार्य का अनुमानित लागत:** रू. 21942000.00 **(iii) धरोहर राशि:** रू. 438800.00 **(iv) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय :** 17.06.2026 को 12:00 बजे तक **(v) बेवसाईट पर ई– निविदा की विस्तृत जानकारी:** www.ireps.gov.in नोटः– विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा ।

**मंडल रेल प्रबन्धक**
**पूर्व मध्य रेल, पं० दीन दयाल उपाध्याय**

पीआर/0315/डीडीयू/ईएनजीजी/टी/26–27/32



**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: ओ–एसी–टी–39 से 43–26–27 (खुली), दिनांक 25.05.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस संख्या :** ओ–एसी–टी–39–26–27, **कार्य का नाम:** निम्नलिखित के लिए खुली निविदा: (i) पानागढ़, रानीगंज और अंडाल में सड़क की सतह में सुधार (ii) दुर्गापुर स्टेशन पर स्टेशन अप्रोच रोड का सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण, पार्किंग क्षेत्र में सुधार और अन्य सहायक कार्य (iii) वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के तहत दुर्गापुर में दुर्गापुर रेलवे कॉलोनी में परिसर की दीवार की फेंसिंग और अन्य सहायक कार्यों का प्रावधान और (iv) आसनसोल मंडल में पीआई/ईआई स्टेशनों/केबिनों के रिले कमरों में एसी का प्रावधान। **निविदा मूल्य :** रु. 2,54,45,829.16, **बयाना राशि :** रु. 5,08,900/–, **क्रम सं. 2, केस संख्या :** ओ–एसी–टी–40–26–27, **कार्य का नाम:** निम्नलिखित के लिए खुली निविदा: (i) डीजल शेड अंडाल में जल निकासी सहित बुनियादी सुविधाओं का सुधार, (ii) रानीगंज पोस्ट ऑफिस कॉलोनी और साउथ कॉलोनी में पुराने जीर्ण–शीर्ण ओएच टैंक की मरम्मत और मजबूती एवं अन्य सहायक कार्य, (iii) वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के तहत जलापूर्ति के लिए बॉक्स–एन–अंडाल में पुराने जीर्ण–शीर्ण ओएच टैंक की मरम्मत और मजबूती एवं बॉक्स–एन और डीजल शेड–अंडाल में अन्य सहायक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 2,46,98,413.32, **बयाना राशि :** रु. 4,94,000/–, **क्रम सं. 3, केस संख्या :** ओ–एसी–टी–41–26–27, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के कार्यक्षेत्र में ठेकेदार के निजी पीक्यूआरएस मशीन सेट द्वारा टीएसआर (पी) 15.868 टीकेएम के साथ अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 2,89,72,264.61, **बयाना राशि :** रु. 5,79,400/–, **क्रम सं. 4, केस संख्या :** ओ–एसी–टी–42–26–27, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में टीडब्ल्यूएसईजे, सीटीआर(एस), टीआरआर(पी) कार्यों के साथ अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 5,76,26,226.07, **बयाना राशि :** रु. 11,52,500/–, **क्रम सं. 5, केस संख्या :** ओ–एसी–टी–43–26–27, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/3/आसनसोल के कार्यक्षेत्र में एईएन/1/आसनसोल के खंड में आरयूबी नं. 525 एवं 529/बी की मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण और अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 17,19,482.17, **बयाना राशि :** रु. 34,400/–, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह (क्रम सं. 1, 2 एवं 5 प्रत्येक हेतु) और 12 माह (क्रम सं. 3 एवं 4 प्रत्येक हेतु)। **बंद होने की तिथि और समय:** 19.06.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है। ASN-116/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## कैश वैन के गार्ड की बंदूक से फायरिंग




**बेगूसराय ।** बेगूसराय के मारवाड़ी मोहल्ला में शुक्रवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब यूको बैंक के गेट पर अचानक गोली चल गई। गोली चलते ही आसपास के लोग भाग खड़े हुए, बैंक में भी सन्नाटा मच गया। कैश वैन के गार्ड के बंदूक से चली गोली से अनिल दीक्षित घायल हो गया है। अनिल दिक्षित (31) यूको बैंक का डेली वेजेस ऑफिस बॉय है, उसे इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, कैश वैन के गार्ड वरुण सिंह को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। घायल के परिजनों को घटना की सूचना दी गई है।

**गाड़ी में कैश रख रहा था ऑफिस बॉय, तभी चली गोली :** घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि आज कैश मैनेजमेंट कंपनी SIS की गाड़ी यूको बैंक के मारवाड़ी मोहल्ला स्थित मेन ब्रांच में कैश लेने आई थी। बैंक का ऑफिस बाय अनिल दीक्षित कैश बॉक्स लेकर गाड़ी में रख रहा था। तभी कैश वैन के गार्ड नौला के रहने वाली वरुण सिंह के बंदूक से गोली चल गई। गोली अनिल दीक्षित के दाएं जांच में लगी और वह गिर गया। जिसके बाद मौके पर अपना अफरातफरी मच गई। बैंक के स्टाफ ने तुरंत घटना की सूचना रतनपुर थाना को दी। इसके बाद कैश वैन एवं बैंक के स्टाफ और आसपास के जुटे लोग ऑफिस बॉय अनिल दीक्षित को निजी नर्सिंग होम में ले गए। जहां की जांघ में गोली लगने से उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है और ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया है।

**हाथ से बंदूक गिर जाने के कारण गोली चलने की आशंका :** वहीं सूचना मिलते ही पहुंची रतनपुर थाना की पुलिस ने कैश वैन के गार्ड भगवानपुर थाना क्षेत्र स्थित नौला गांव के रहने वाले वरुण सिंह को बंदूक सहित हिरासत में ले लिया गया। उससे पूछताछ चल रही है, प्रथम दृष्टया उसने बताया है कि हाथ से बंदूक गिर जाने के कारण गोली चली। इस संबंध में अभी कोई भी अधिकारी या कर्मचारी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। घटना का खुलासा अनिल दिक्षित के होश में आने के बाद ही पता चल सकेगा। घटना के संबंध में सदर-वन डीएसपी आनंद कुमार पांडेय ने बताया कि गार्ड के लाइसेंस हथियार से एक्सीडेंटल फायर हुआ है। गोली बैंक के ही एक स्टाफ के पैर में लग गया। जिसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


बिहार सरकार

**Office of The Executive Engineer**
**Rural Works Department**
**WORKS DIVISION, DAUDNAGAR**
**EXPRESSION OF INTEREST-CUM-REQUEST FOR QUOTE FOR EMPANELMENT OF SUPPLY AGENCIES**
**Notice No. RWD/FDR/DAUDNAGAR/01/2026-27**

Executive Engineer, RWD, Works Division, **Daudnagar** on behalf of The Honorable Governor of Bihar invites from eligible agencies/suppliers who are registered in any state/central department but he has to get registration in Rural Works Department, Govt. of Bihar before agreement for empanelment. to indicate their interest in supplying the below mentioned items required for emergent repair and restoration of rural roads affected by heavy rains/floods for RWD Works Division, **Daudnagar**.

The procurement will be carried out through two bid system (First envelope for technical and second envelope for financial bid).

Financial bid envelope

| |
|---|
| I. Material |
| II. LABOUR |
| III. TOOLS, PLANTS& MACHINERIES WITH DRIVER& FUEL |

Further information can be obtained from Office of The Executive Engineer, RWD, Division, **Daudnagar** during Office hours i.e. **10:00 to 16:00** hours from **05.06.2026 to 12.06.2026** or on Mobile No. **9296795074**

This can also be viewed on website **http://prdbihar.gov.in .**

Expression of interest-cum- request for quote must be delivered in an envelope comprising two separate envelope (Envelope 1 as a technical and envelope 2 as financial bid) to the address below (in person or by registered post) by dated **13.06.2026 by 3:00** PM in the **Office ofThe Executive Engineer,** RWD Works Division, **Daudnagar**. Or office of The Superintending Engineer, RWD, Works Circle, **Aurangabad.** And Quotation Opening Dated **13.06.2026 by 03:30 PM**

The quoted rate envelop will be opened only of those bidders who will meet the minimum criteria in the technical part.

All qualified bidders will be empanelled for the specific or for all material/ tools/ plants/ machineries on the basis rate accepted by the qualified bidder.

All qualified bidders have to be entered into an agreement with concerned executive engineers with all terms and conditions with the security deposit in the form of fixed deposit receipt duly issued from any commercial scheduled bank, branch situated in Bihar amount of 1,00,000/- (Rupees One Lakh). duly pledged in favour of Executive Engineer of concerned RWD Works Division, **Daudnagar.**

All materials, labour, tools, plants and machineries have to be supplied as per specification and direction of engineer in charge and all payments will be done as per financial rules and availability of Fund.

This EOI does not entail any commitment on the part of under-signee, either financial or otherwise.

Under-signee reserves the right to accept or reject any or all proposal without any information.

**Executive Engineer**
RWD Works Division,
**Daudnagar**

**PR. No. 004490 (RWD ) 2026-27**

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षा विभाग ने वीकेएसयू से रिक्त कर्मियों की सूची मांगी

**आरा** । वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय सहित राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत कॉलेजों में कर्मचारियों की कमी दूर करने की दिशा में सरकार ने पहल तेज कर दी है। तृतीय वर्ग के कर्मचारियों की बहाली को लेकर शिक्षा विभाग ने सभी विश्वविद्यालयों से अधियाचना मांगी है। इसके तहत स्वीकृत पद, कार्यरत कर्मचारियों तथा रिक्त पदों का पूरा ब्योरा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। साथ ही रिक्त पदों का रोस्टर क्लियरेंस कराकर सरकार को प्रस्ताव भेजने को कहा गया है। इस बाबत वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय प्रशासन ने अपने अधीनस्थ सभी अंगीभूत कॉलेजों एवं पीजी विभागों से कर्मचारियों की स्थिति संबंधी जानकारी मांगी है। कॉलेजों को स्वीकृत एवं कार्यरत कर्मियों का विवरण उपलब्ध कराने को कहा है। विश्वविद्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अधिकांश कॉलेजों ने स्वीकृत एवं कार्यरत कर्मियों का विवरण उपलब्ध करा दिया है। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन रिक्त पदों का रोस्टर क्लियरेंस कराने हेतु प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय को प्रस्ताव भेजेगा। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद अंतिम प्रतिवेदन शिक्षा विभाग को सौंपा जाएगा। गौरतलब हो कि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के गठन के बाद से नियमित कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। बताया जाता है कि वर्ष 1981 के बाद सरकार स्तर पर बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की बहाली नहीं हुई।

### हरिशंकर सिंह की मनाई गई दूसरी पुण्यतिथि

**गड़हनी**| स्थानीय प्रखंड गड़हनी के बगवां गांव में प्रखर वक्ता व सामाज सेवी स्वर्गीय हरिशंकर सिंह की दूसरी पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके व्यक्तित्व एवं समाजसेवा के कार्यों को याद किया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय हरिशंकर सिंह हमेशा समाजहित और जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहे। उनके आदर्श आज भी लोगों को प्रेरित करते हैं। इस दौरान परिवार के लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने और समाजसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। श्रद्धांजलि देने वालों में शेष प्रसाद सिंह, रामजी सिंह, रणबीर सिंह,सुबीर सिंह उर्फ सिपाही जी, पूर्व सैनिक मिथलेश सिंह, सर्वजीत सिंह, पूर्व सूबेदार मेजर बिनोद सिंह, धनंजय सिंह, ओप प्रकाश पांडेय, अमित कुमार सिंह, जय कुमार सिंह, धर्मबीर सिंह उर्फ पप्पू, मंटू सिंह, लाला सिंह, अंकित सिंह, सुनील सिंह,अनिल कुमार उर्फ बिल्लू, मुकेश कुमार सहित कई लोगों शामिल थे।

### 202 करोड़ के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के बाद महादलित बस्ती में पानी नहीं

**बक्सर**| जिले के केशवपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की जमीनी हकीकत ने सरकारी दावों की पोल खोल दी है। वर्ष 2025 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने करीब 202 करोड़ रुपये की लागत से इस परियोजना का उद्घाटन किया था। दावा किया गया था कि हजारों घरों तक शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा, लेकिन पांडेपुर गांव की महादलित बस्ती आज भी बुनियादी जल सुविधा से वंचित बताई जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बस्ती में न तो पाइपलाइन बिछाई गई है और न ही नल लगाए गए हैं। करीब 30 से 35 घरों के लिए केवल एक सरकारी चापाकल है, जिसका पानी गंदा और अशुद्ध निकलता है। लोग उसी पानी को छानकर पीने को मजबूर हैं। भीषण गर्मी में हालात और खराब हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की कमी के कारण कई दिनों तक स्नान तक नहीं हो पाता, जबकि मवेशी भी प्यासे रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि प्लांट केवल उद्घाटन तक सीमित रह गया है। उनका दावा है कि पानी शुद्ध करने के लिए न तो नियमित रूप से फिल्टर का उपयोग किया जाता है और न ही जरूरी रसायनों का प्रयोग होता है।

### सड़क चौड़ीकरण की मंजूरी मिलने पर ग्रामीणों में खुशी

**बक्सर** । ब्रह्मपुर-कोरनसराय-ई टाढ़ी-सरेंजा तथा उजियारपुर-कुकुढ़ा-जमु आंव-इंदौर-समदा पथ के चौड़ीकरण को बिहार सरकार की कैबिनेट से स्वीकृति मिलने पर चिलहर पंचायत के कैथना गांव के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है। इसके लिए ग्रामीणों ने बिहार के तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन के प्रति आभार व्यक्त किया। पैक्स अध्यक्ष सुजीत सिंह संटू की अध्यक्षता में कैथना गांव के प्रबुद्धजनों की बैठक हुई, जिसमें उक्त सड़क निर्माण की स्वीकृति कैबिनेट से होने पर हर्ष व्यक्त किया गया। पैक्स अध्यक्ष संटू ने कहा कि बिहार सरकार के तत्कालीन पथ निर्माण मंत्री और भाजपा के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का आगमन वर्ष 2022 में कैथना गांव में हुआ था। इस अवसर पर ग्रामीणों ने मंत्री नितिन नवीन से इन दोनों सड़कों के चौड़ीकरण की मांग की थी। मंत्री ने उसी समय घोषणा की थी कि इन सड़कों का चौड़ीकरण कराया जाएगा। नितिन नवीन के पथ निर्माण मंत्री रहने के दौरान सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। इसकी मापी और प्राक्कलन विभाग द्वारा तैयार करा दिया गया था। बिहार सरकार की कैबिनेट ने इसे स्वीकृत कर इस क्षेत्र की जन-आकांक्षा को पूर्ण किया है। यह उनके द्वारा किए गए प्रयासों का प्रतिफल है। पंचायतवासी इसके लिए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं बिहार के पथ निर्माण मंत्री शैलेंद्र कुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

### सावरकर जयंती पर जनसंघ की संगोष्ठी, महंगाई का विरोध

**आरा** । वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती पर अखिल भारतीय जनसंघ की जिला इकाई ने फ्रैंड्स कॉलोनी के कार्यालय में संगोष्ठी की। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अखिलेश्वर नाथ तिवारी ने की। राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य डॉक्टर भारतभूषण पाण्डेय ने मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि वीर सावरकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी थे। वे क्रांतिकारी थे। वे अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति थे। सावरकर ने एक ही जीवन में दो-दो आजीवन कारावास झेले। उन्होंने कालापानी की भयंकर यातना भी सही। उन्होंने अपने जीवन से देशभक्ति की ज्योति जगाई। प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता सत्येन्द्र नारायण सिंह ने कहा कि जनसंघ, वीर सावरकर के आदर्शों के अनुरूप सामाजिक-राजनीतिक उत्कर्ष का पक्षधर है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम प्रकाश पाण्डेय ने युवा पीढ़ी को वीर सावरकर के संघर्ष और देशभक्ति की प्रखर भावनाएं राष्ट्रहित में हैं। अध्यक्षीय वक्तव्य में अधिवक्ता अखिलेश्वर नाथ तिवारी ने कहा कि समाज में योग्य लोगों को आगे लाना जरूरी है। राजनीति में भी योग्य लोगों को आगे लाना जरूरी है। इससे सावरकर जैसे क्रांतिकारियों के संकल्प पूरे हो सकते हैं। बढ़ती महंगाई का कड़ा विरोध करना होगा। पेट्रोल आदि की कीमतें लोक और लोकतंत्र की भावना के विरुद्ध है। सरकार को जनता के हितों के लिए काम करने वाली होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन मधेश्वर नाथ पाण्डेय ने किया। स्वागत ब्रजकिशोर पांडेय ने किया। धन्यवाद ज्ञापन ध्रुव कुमार सिंह ने किया। यह जानकारी राम प्रकाश पाण्डेय ने दी।

### हनुमत महायज्ञ में ताड़का वध प्रसंग पर प्रवचन

**बक्सर** । राजपुर प्रखंड के कजरिया गांव में आयोजित भव्य हनुमत महायज्ञ में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। पूरे गांव में धार्मिक माहौल के साथ मेले जैसी रौनक छाई रही। आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ स्थल पहुंचकर रामकथा, रामलीला और भजन-कीर्तन का रसपान कर रहे हैं। मानस बाल विदुषी कथावाचक शिखा तिवारी ने कथा के दौरान प्रभु श्रीराम के जन्म और बाल लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने संगीतमय कथा के दौरान श्रद्धालुओं को सुनाया कि अयोध्या में महाराज दशरथ के यहां प्रभु श्रीराम का अवतार किस प्रकार हुआ। उन्होंने माता कौशल्या, सुमित्रा और कैकई के स्नेह में भगवान की बाल लीलाओं के बारे में भी बताया। कथा में भगवान भोलेनाथ के कागभुशुंडी के साथ श्रीराम दर्शन हेतु पहुंचने का प्रसंग सुन श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। प्रतिदिन शाम 5:30 बजे से रात 8:30 बजे तक चल रही रामकथा में भीड़ उमड़ रही है।

# अस्पताल में महिला की मौत डॉक्टर समेत 4 पर प्राथमिकी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा** । भोजपुर जिले के नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी गैस एजेंसी रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान महिला की मौत के मामले में पुलिस ने डॉक्टर समेत चार लोगों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है। वहीं अस्पताल में तलाशी के दौरान गांजा, जिंदा कारतूस और पहचान पत्र बरामद होने के बाद एक अस्पताल कर्मी पर आर्म्स एक्ट और एनडीपीएस एक्ट के तहत अलग से मामला दर्ज किया गया है। घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की गहन जांच में जुट गई है।

**महिला के पति के बयान के आधार पर दर्ज हुई FIR** : मृत महिला के पति बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के नावाडीह चंद्रपुरा गांव निवासी सत्येंद्र यादव के बयान पर नवादा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी में निजी अस्पताल के चिकित्सक डॉ. मार्कंडेय सिंह के अलावा स्टाफ बंटी कुमार, चंद्रकांत कुमार और धीरज कुमार को आरोपित बनाया गया है। सत्येंद्र यादव ने आरोप लगाया है कि गलत इलाज और गंभीर लापरवाही के कारण उनकी पत्नी लखमुना देवी की मौत हुई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार 16 मई की सुबह पूजा करने जाने के दौरान गिरने से लखमुना देवी का पैर फ्रैक्चर हो गया था। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए शाहपुर स्थित केसर अस्पताल ले जाया गया, जहां एक्स-रे के बाद कच्चा प्लास्टर कर दवा देकर घर भेज दिया गया। आठ दिन बाद दोबारा अस्पताल जाने पर चिकित्सक ने ऑपरेशन कर रॉड लगाने की बात कही और आरा स्थित अस्पताल बुलाया गया।

**वेंटिलेटर पर रखने की बात कहकर एंबुलेंस से दूसरे अस्पताल भेजा** : परिजनों के अनुसार 27 मई को ऑपरेशन होना था, जिसके लिए एक दिन पहले मरीज को भर्ती कराया गया। बुधवार की शाम महिला को ऑपरेशन थियेटर में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी हालत बिगड़ गई और मौत हो गई। आरोप है कि मौत के बाद अस्पताल प्रबंधन ने महिला को वेंटिलेटर पर रखने की बात कहकर एंबुलेंस से दूसरे अस्पताल भेज दिया। बाद में दूसरे अस्पताल से परिजनों को फोन कर बताया गया कि मरीज को छोड़कर केसर अस्पताल के लोग चले गए हैं। इसके बाद परिजन शव लेकर वापस अस्पताल पहुंचे, लेकिन वहां अस्पताल का कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था। घटना से नाराज परिजनों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया।

## तेज रफ्तार बाइक दीवार से टकराई



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**आरा** । भोजपुर में तेज रफ्तार बाइक दीवार से टकरा गई है। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि दोस्त घायल है। घायलों को इलाज के लिए तरारी पीएसची में एडमिट कराया गया है। मृतक की पहचान हसुर टोला सारा गांव निवासी शंकर राम के पुत्र पुत्र मंगरु मुसहर(22) के तौर पर हुई है। घटना तरारी पुल के पास की है। मृतक के पिता शंकर राम ने बताया कि बड़का गांव स्थित चिमनी भट्ठा पर मजदूरी के पैसे हिसाब करने गया था। हिसाब करने के बाद बाइक से अपने 2 दोस्तों के साथ लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन से चकमा खा गया। जिसके बाद बाइक अनियंत्रित होकर पुल पर दीवार से टकरा गई। हादसे में तीनों घायल हो गए। मंगरू को ज्यादा चोट लगी थी, जबकि उसके दोनों दोस्तों को हल्की चोटें आईं है। हादसे की सूचना पर परिवार के सदस्य मौके पर पहुंचे। इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**घर में मचा कोहराम** : जानकारी मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक अपने चार भाई और तीन बहन में तीसरे स्थान पर था। परिवार में मां संझारो देवी, पत्नी सुगनिया देवी, दो पुत्र मनीष, पूदन और एक पुत्री झुनी है। घटना के बाद घर में कोहराम मच गया है। सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भभुअर पोखरे में अवैध खनन पर कार्रवाई

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर** । बक्सर में अवैध मिट्टी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुफस्सिल थाना पुलिस ने भभुअर स्थित सरकारी पोखरे से एक रैपर मशीन और एक ट्रैक्टर जब्त किया है। पुलिस ने खनन विभाग को इसकी सूचना दे दी है। गुरुवार रात मुफस्सिल थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि भभुअर के सरकारी पोखरे से बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी का खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही मौके पर मौजूद मिट्टी माफियाओं में अफरा-तफरी मच गई। कई ट्रैक्टर चालक अपने वाहन लेकर भागने में सफल रहे, लेकिन पुलिस ने एक ट्रैक्टर और मिट्टी काटने वाली रैपर मशीन को जब्त कर लिया।

**लंबे समय से चल रहा अवैध मिट्टी खनन का कारोबार** : मुफस्सिल थानाध्यक्ष शंभू भगत ने बताया कि जब्त किए गए वाहनों की सूचना खनन विभाग को दे दी गई है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई के बाद इलाके के खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में लंबे समय से अवैध मिट्टी खनन का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। निजी जमीनों पर निर्धारित सीमा से अधिक मिट्टी की कटाई की जा रही है, वहीं सरकारी जमीनों और पोखरों से भी मिट्टी निकालकर बेची जा रही है। लोगों के अनुसार, प्रशासनिक कार्रवाई नाममात्र की होने के कारण खनन माफियाओं का मनोबल लगातार बढ़ता जा रहा है।

**मिश्रही पोखरे से ट्रैक्टर किया जब्त** : गौरतलब है कि एक सप्ताह पहले भी बक्सर जिला मुख्यालय स्थित मिश्रही पोखरे से अवैध खनन करते हुए एक ट्रैक्टर जब्त किया गया था। उस मामले में खनन विभाग ने आरोपियों पर 58 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना लगाया था। इसके बावजूद अवैध खनन का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। अब सवाल यह उठ रहा है कि लगातार कार्रवाई के बावजूद जिले में अवैध मिट्टी खनन पर पूरी तरह रोक क्यों नहीं लग पा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से नियमित निगरानी और कड़ी कार्रवाई की मांग की है, ताकि सरकारी संपत्ति की लूट और पर्यावरण को हो रहे नुकसान पर अंकुश लगाया जा सके।

## 25 पदों के लिए जॉब कैंप का आयोजन

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता




**आरा** । भोजपुर में आज जॉब कैंप का आयोजन किया गया है। जिला नियोजनालय की ओर से शुक्रवार को कृषि भवन कैंपस में शिविर लगाई गई है। इस दौरान निजी क्षेत्र की कंपनी SIS सिक्योरिटी ऑन-द-स्पॉट अभ्यर्थियों का चयन करेगी। जिला नियोजन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि जॉब कैंप सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। जॉब कैंप में भोजपुर जिले के बेरोजगारों को रोजगार का अवसर मिलेगा। SIS सिक्योरिटी भोजपुर में सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 25 पदों पर भर्ती करेगी। चयनित अभ्यर्थियों को 18000–20000 रुपये तक का मासिक वेतन दिया जाएगा।

19 से 40 साल तक के अभ्यर्थी दे सकेंगे आवेदन

इस जॉब कैंप में केवल पुरुष अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। आवेदन के लिए आयु सीमा 19 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। शैक्षणिक योग्यता 10 वीं,12 वीं पास स्नातक मांगी गई है। चयन प्रक्रिया के लिए आने वाले अभ्यर्थियों को निबंधन प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा तथा सभी जरूरी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति साथ लाना अनिवार्य है। नियोजनालय ने स्पष्ट किया है कि इस जॉब कैंप में भाग लेने वाले सभी आवेदकों का NCS पोर्टल (www.ncs.gov.in) पर पंजीकरण अनिवार्य है। जो उम्मीदवार अभी तक निबंधित नहीं हुए हैं, वे ऑनलाइन निबंधन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त जिला नियोजनालय, भोजपुर में भी ऑनलाइन निबंधन की सुविधा उपलब्ध है। जॉब कैंप में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि नियोजनालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में केवल सुविधा प्रदाता के रूप में होगी। चयन की पूरी जिम्मेदारी कंपनी की होगी। जिला प्रशासन ने सभी इच्छुक और योग्य बेरोजगार युवाओं से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए जॉब कैंप में अवश्य शामिल हों। यह कैंप भोजपुर जिले के युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## नकारात्मक संदेश देती है पशु बलि



सोन वर्षा वाणी । संवाददाता

**बक्सर** । विश्वामित्र सेना ने बकरीद पर केंद्र सरकार, विभिन्न राज्य सरकारों एवं उच्च न्यायालय के खुले में बकरी अथवा अन्य पशुओं की बलि पर रोक संबंधी निर्देशों का स्वागत किया है। संगठन ने इसे मानवता, सामाजिक सौहार्द एवं सभ्य समाज की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। राष्ट्रीय संयोजक राजकुमार चौबे ने कहा कि किसी भी धार्मिक आयोजन, पर्व अथवा परंपरा के नाम पर किसी जीव-जंतु की हत्या करना भारतीय संस्कृति एवं इंसानियत के विरुद्ध है। सनातन धर्म सदैव जीव-दया और अहिंसा का संदेश देता आया है। ऐसे में सार्वजनिक रूप से पशु-बलि जैसी अमानवीय घटनाएं समाज में नकारात्मक संदेश देती हैं। ये संवेदनशील लोगों की भावनाओं को आहत करती हैं। विश्वामित्र सेना इस प्रकार की समस्त अमानवीय गतिविधियों का स्पष्ट रूप से विरोध करती है। संगठन सरकार से मांग करता है कि आने वाले समय में बकरी एवं अन्य पशुओं की बलि पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु कठोर एवं प्रभावी कानून बनाए जाएं। विश्वामित्र सेना ने देशवासियों से अपील की कि सभी पर्व एवं त्योहार आपसी भाईचारे, प्रेम, करुणा एवं मानवता की भावना के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की हिंसा से दूर रहें।

## खतियान के नाम पर कब तक भटकेगा खरवार समाज

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**बक्सर** । गुरूवार को शहर के बाईपास रोड स्थित सभागार में राष्ट्रीय आदिवासी मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में खरवार समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों, विशेष रूप से जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने की समस्या को लेकर गहन चर्चा की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय आदिवासी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमपी खरवार ने कहा कि खरवार समाज वर्षों से अपने संवैधानिक अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों की उदासीनता के कारण आज भी समाज के लोगों को उनका अधिकार नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार सरकार द्वारा कई बार निर्देश और तिथियां जारी किए जाने के बावजूद निचले स्तर के अधिकारी उन आदेशों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसके कारण खरवार समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र बनवाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य अतिथि एमपी खरवार ने कहा कि बार-बार खतियान की मांग कर खरवार आदिवासी समाज को गुमराह किया जा रहा है। इससे समाज के गरीब और जरूरतमंद लोग शिक्षा, रोजगार, सरकारी नौकरी और अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ से लगातार वंचित होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार वास्तव में खरवार समाज का विकास चाहती है तो बिहार के सभी अंचलों में सुचारू रूप से जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि खरवार समाज आज भी पहचान और अधिकार की लड़ाई लड़ रहा है। प्रशासनिक स्तर पर स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होना समाज के साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार से मांग की कि इस गंभीर मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाए। बैठक में राजकुमार सिंह राष्ट्रीय प्रधान महासचिव सह संस्थापक, सुमंत खरवार राष्ट्रीय सलाहकार राष्ट्रीय आदिवासी मोर्चा, रामू खरवार युवा नेता राष्ट्रीय आदिवासी मोर्चा, बृजेश खरवार उपाध्यक्ष बिहार प्रदेश राष्ट्रीय आदिवासी मोर्चा, सोनू खरवार प्रदेश अध्यक्ष बिहार राष्ट्रीय आदिवासी मोर्चा, रंजन खरवार सदस्य मोर्चा, विजय खरवार, सुशील खरवार समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

## अकीदत व उल्लास के साथ मनी बकरीद

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**कोईलवर** । त्याग, समर्पण और बलिदान का प्रतीक पर्व ईद-उल-अजहा (बकरीद) गुरुवार को नगर पंचायत कोईलवर सहित प्रखंड क्षेत्र में श्रद्धा, अकीदत और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोगों में उत्साह का माहौल देखा गया। लोगों ने नए परिधानों में सज-धज कर मस्जिदों और ईदगाहों में पहुंचकर विशेष नमाज अदा की तथा देश-दुनिया में अमन, भाईचारे और तरक्की की दुआ मांगी। नगर पंचायत कोईलवर समेत आसपास के विभिन्न गांवों एवं मोहल्लों की मस्जिदों और ईदगाहों में बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में सौहार्द और भाईचारे का वातावरण बना रहा। लोगों ने अपने सगे-संबंधियों, पड़ोसियों और मित्रों के घर पहुंचकर बधाई दी तथा सेवइयों और अन्य पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। ईदगाहों और मस्जिदों के आसपास सुबह से ही मेले जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चे, बुजुर्ग और युवा रंग-बिरंगे परिधानों में काफी उत्साहित नजर आए। बच्चों के आकर्षण को देखते हुए कई स्थानों पर गुब्बारे, खिलौने, मिठाई एवं खानपान की अस्थायी दुकानें सजाई गई थीं। बच्चों ने खिलौनों और मिठाइयों की खरीदारी कर त्योहार का आनंद उठाया। पर्व के अवसर पर परंपरा के अनुसार मुस्लिम परिवारों में कुर्बानी की रस्म भी अदा की गई। पूरे दिन लोगों के बीच मिलने-जुलने और खाने-खिलाने का सिलसिला चलता रहा। वहीं पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क दिखा। विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी तथा अधिकारी लगातार क्षेत्र का जायजा लेते रहे।

## डीएलएड छात्र को मारी गोली मारने में प्राथमिकी

सोन वर्षा वाणी । संवाददाता



**आरा** ।भोजपुर जिले के पवना थाना क्षेत्र के पवना गांव में पैक्स चुनाव में वोट देने को लेकर हुए विवाद में डीएलएड के एक छात्र को गोली मारने के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है। जख्मी छात्र दिवाकर कुशवाहा के बयान पर गांव के ही कौशल महतो और उसके पुत्र गोलू महतो के खिलाफ नामजद केस दर्ज किया गया है। घटना बुधवार की रात की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार जख्मी छात्र ने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि पैक्स चुनाव में वोट देने को लेकर पहले से विवाद चल रहा था। इसी विवाद में दोनों आरोपितों ने उसे गोली मार दी। केस दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

**मामूली विवाद में कौशल महतो ने दिवाकर को मारी गोली** : जानकारी के अनुसार पवना गांव निवासी 24 वर्षीय दिवाकर कुशवाहा बुधवार की रात गांव में ही मौजूद था। उसी दौरान गांव के कौशल महतो से उसकी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और आरोप है कि कौशल महतो ने हथियार निकालकर दिवाकर को गोली मार दी। गोली उसके पेट के बाएं हिस्से में नाभि के पास लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा आनन-फानन में उसे इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है।

**कौशल कहता था- दूसरे के पक्ष में वोटिंग करते हो, हमारी जाति के उम्मीदवार हार जाते हैं** : घटना के बाद जख्मी छात्र के पिता उदय महतो ने बताया था कि गांव के कौशल महतो से उनका पुराना विवाद चल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कौशल महतो अक्सर उन्हें यह कहकर ताना देता था कि वे अपनी जाति के लोगों को वोट नहीं देकर दूसरे पक्ष का समर्थन करते हैं, जिससे उनकी जाति के उम्मीदवार हार जाते हैं। उदय महतो के अनुसार बुधवार की रात वह गांव की एक दुकान पर खड़े थे। तभी कौशल महतो वहां पहुंचा और वोट देने के मुद्दे पर बहस करने लगा। इसी दौरान उसने उनके बेटे को बुलाने के लिए कहा। बेटा दिवाकर के वहां पहुंचते ही आरोपित घर गया और हथियार लाकर गोली चला दी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना रहा। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### विनय कुमार बने भारतीय खाद्य निगम के कंसलटेटिव कमिटी के सदस्य

**पटना,** केन्द्र सरकार ने बिहार,झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार एवं अंतरराष्ट्रीय समाचार एजेंसी यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया के बिहार-झारखंड के स्टेट कोऑर्डिनेटर विनय कुमार को उपभोक्ता मामले,खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत भारतीय खाद्य निगम, झारखंड की कंसलटेटिव कमिटी का सदस्य मनोनीत किया है। ज्ञात हो कि इस समिति के अध्यक्ष गोड्डा के सांसद निशिकांत दूबे हैं। मंत्रालय के अवर सचिव अजय कुमार सिंह की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार विनय कुमार को भारतीय खाद्य निगम, झारखंड की कंसलटेटिव कमिटी का सदस्य अगले दो वर्षों के लिए मनोनीत किया गया है । ज्ञात हो कि विनय कुमार विगत चार दशक से बिहार और झारखंड में कई दैनिक समाचार पत्रों के अलावा राष्ट्रीय समाचार एजेंसी "यूनाइटेड न्यूज़ ऑफ़ इंडिया",हिंदुस्थान समाचार" के ब्यूरो प्रमुख एवं विशेष संवाददाता के रूप में कार्य कर चुके हैं। श्री कुमार ने इसके पूर्व भी केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले,खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, ग्रामीण विकास एवं इस्पात मंत्रालय समेत कई मंत्रालयों की विभिन्न समितियों के सदस्य के रूप में अपनी महत्वपूर्ण योगदान देकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। श्री कुमार ने सूरीनाम में आयोजित सातवें विश्व हिंदी सम्मेलन को भी एक पत्रकार के रूप में कवर किया था। श्री कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय उपभोक्ता मामले,खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन पर जो विश्वास व्यक्त किया गया है उस पर वे पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। गौरतलब है कि विनय कुमार जमुई जिले के खैरा प्रखंड के खैरा गांव के निवासी हैं।

### वाहन जांच के दौरान तीन युवक गिरफ्तार, देसी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद

**मसौढ़ी**। भगवानगंज थाना पुलिस ने वाहन जांच अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को देसी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि गिरफ्तार युवक किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। जानकारी के अनुसार, भगवानगंज थाना पुलिस गुरुवार रात बसौर गांव के समीप वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान एक बाइक पर सवार तीन युवक वहां से गुजर रहे थे। पुलिस को देखते ही तीनों युवक बाइक मोड़कर भागने लगे, जिसके बाद पुलिस को उन पर शक हुआ और उनका पीछा किया गया। कुछ दूरी पर पुलिस ने तीनों युवकों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इसके बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान धनरूआ थाना क्षेत्र के काशी नगर निवासी पप्पू पासवान के पुत्र नीरज कुमार, बालेश्वर यादव के पुत्र महेश कुमार तथा अकौना गांव निवासी रंजीत सिंह के पुत्र सुमित कुमार के रूप में हुई है। भगवानगंज थानाध्यक्ष सुजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवकों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि युवक किस आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे।

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पटना में निकलेगी पदयात्रा, 500 से अधिक प्रतिभागी होंगे शामिल

**पटना**। पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा ध्वनि एवं वायु प्रदूषण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा 30 मई 2026 को पटना में एक विशेष पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य आम लोगों, विशेषकर युवाओं में पर्यावरण के प्रति चेतना विकसित करना तथा उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार "पर्यावरण के लिए पदयात्रा" (Walk for Environment) का आयोजन शनिवार, 30 मई को प्रातः 6 बजे से किया जाएगा। पदयात्रा गांधी मैदान के गेट संख्या-1 (बिस्कोमान भवन के सामने) से शुरू होकर आयकर गोलंबर तक जाएगी और वहां से पुनः गांधी मैदान लौटेगी। पर्षद् का मानना है कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसमें आम जनता की भागीदारी भी आवश्यक है। इसी उद्देश्य से पदयात्रा के माध्यम से लोगों को पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ वातावरण, प्रदूषण नियंत्रण और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया जाएगा। इस पदयात्रा में लगभग 500 पर्यावरण प्रेमियों और हितैषियों के शामिल होने की संभावना है। प्रतिभागियों में बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अधिकारी एवं कर्मचारी के अलावा विभिन्न सामाजिक, खेल और सांस्कृतिक संगठनों के सदस्य भी भाग लेंगे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बिहार ओलंपिक एसोसिएशन, बिहारी रनर्स तथा पटना कल्चरल इवेंट्स सहित कई संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। पर्षद् ने आम नागरिकों से भी पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान में जुड़ने और स्वच्छ एवं हरित बिहार के निर्माण में योगदान देने की अपील की है। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी और जनसहभागिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा।

### बिहार विधानसभा की विभिन्न समितियों का गठन, सभापतियों को डॉ. प्रेम कुमार ने दी बधाई

**पटना**। डॉ. प्रेम कुमार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए बिहार विधानसभा की आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति तथा कृषि उद्योग विकास समिति का गठन कर दिया है। इसके साथ ही विभिन्न समितियों के सभापतियों का मनोनयन भी किया गया है। माननीय सदस्य तारकिशोर प्रसाद को आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति तथा मिथुन कुमार को कृषि उद्योग विकास समिति का सभापति बनाया गया है। वहीं मंगल पांडे को प्राक्कलन समिति और कृष्ण कुमार मंटू को आचार समिति का सभापति मनोनीत किया गया है। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने सभी नवमनोनीत सभापतियों को आगामी कार्यकाल के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी समितियां अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ करेंगी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संसदीय लोकतंत्र में समितियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। प्राक्कलन समिति प्रशासनिक कार्यों में कार्यदक्षता और मितव्ययिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्राक्कलनों की जांच करती है। वहीं आचार समिति सदस्यों के आचरण से जुड़े मामलों की समीक्षा कर यह सुनिश्चित करती है कि जनप्रतिनिधियों का व्यवहार नैतिक मूल्यों और सदाचार के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि आंतरिक संसाधन एवं केंद्रीय सहायता समिति राज्य के राजस्व प्राप्ति लक्ष्यों की समीक्षा करने के साथ-साथ राजस्व वृद्धि के उपायों पर सरकार को सुझाव देती है। यह समिति केंद्र प्रायोजित योजनाओं में केंद्र एवं राज्य के अंशदान की उपलब्धता की भी समीक्षा करती है। इसके अलावा कृषि उद्योग विकास समिति कृषि आधारित उद्योगों के विकास को लेकर अध्ययन कर सरकार को आवश्यक अनुशंसाएं देती है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि सरकार को जनता के प्रति जवाबदेह बनाने और विकास कार्यों की प्रभावी निगरानी में इन समितियों की अहम भूमिका होती है।

### 8636 लीटर विदेशी शराब पकड़ी

**हाजीपुर**। वैशाली में मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो बिहार (P&SNCB) और बिदुपुर थाना पुलिस ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 8636.76 लीटर विदेशी शराब जब्त की। यह कार्रवाई मजलिसपुर गांव स्थित एक ईंट भट्ठे के पास की गई। इस दौरान शराब तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे एक ट्रक और दो पिकअप वाहन भी पकड़े गए। P&SNCB को बाहरी राज्य से बिहार में विदेशी शराब के परिवहन की गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर बिदुपुर थाना पुलिस के सहयोग से त्वरित अभियान चलाया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक वैशाली के निर्देशन में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 के नेतृत्व और थानाध्यक्ष बिदुपुर की टीम द्वारा की गई। पुलिस को मिली जानकारी के अनुसार, मजलिसपुर गांव स्थित तेजनारायण सिंह के ईंट फैक्ट्री के आसपास अवैध रूप से विदेशी शराब की तस्करी की जा रही थी। मौके पर पहुंची टीम ने एक ट्रक पर लदी भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ-साथ दो पिकअप वाहनों को जब्त किया। हालांकि, इस कार्रवाई में अभी तक किसी तस्कर की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

# तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



- तेज आंधी से हज भवन, छज्जुबाग समेत कई इलाकों में गिरे पेड़, दिन में छाया अंधेरा

**पटना**। पटना में मौसम का मिजाज बदल गया है। शुक्रवार सुबह से ही तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हो रही है। जिससे कई दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को राहत मिली है। जिले के विक्रम, दानापुर, बिहटा, फुलवारीशरीफ समेत कई इलाकों में बारिश हुई है। सुबह से ही आसमान में काले बादल छाए हैं। आमतौर पर जिस समय तेज धूप और गर्मी महसूस होती थी, उस समय शहर में अंधेरा छा गया। तेज आंधी के चलते राजधानी में VVIP इलाके सीएम हाउस, लोक सेवक आवास, हज भवन, छज्जुबाग समेत कई जगहों पर पेड़ गिर गए। नगर आयुक्त यशपाल मीणा खुद मौके पर मौजूद हैं। पेड़ को जेसीबी की मदद से हटाया जा रहा है। जलजमाव से निपटने के लिए नगर निगम की टीम एक्टिव मोड में हैं।

**पटना के लिए रेड अलर्ट जारीः** मौसम विभाग ने राजधानी पटना में अगले तीन घंटे के लिए भारी बारिश, तेज आंधी और वज्रपात को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार शहर में तेज हवा के साथ लगातार बारिश हो सकती है। लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और जरूरत नहीं होने पर घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है।

पिछले कई दिनों से पटना में भीषण गर्मी और उमस का दौर जारी था। तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया था। गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने 29 मई से 2 जून तक क्लास वन से फाइव तक के सभी स्कूलों को बंद रखने का निर्देश दिया था। वहीं, क्लास 6 और उससे ऊपर की कक्षाओं के लिए स्कूलों का संचालन सुबह 10:30 बजे तक ही करने का आदेश जारी किया गया है।

**कई इलाकों में जलजमावः** लगातार हो रही बारिश के कारण पटना के कई निचले इलाकों में हल्का जल जमाव भी देखने को मिला है। कुछ सड़कों पर पानी भरने से लोगों को आवाजाही में परेशानी हुई। हालांकि बारिश के बावजूद लोगों के चेहरे पर राहत साफ दिखाई दी, क्योंकि लंबे समय बाद राजधानी को तपती गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार पटना में पूरे दिन इसी तरह का मौसम बना रह सकता है। अगले कुछ दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश और बादलों की आवाजाही जारी रहने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट बनी रहेगी और लोगों को गर्मी से राहत मिलती रहेगी।

## कैपिटल एक्सप्रेस में यात्री की मौत, रात भर परिजन रहे परेशान

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। कैपिटल एक्सप्रेस (13247) में एक यात्री की मौत हो गई है। मृतक की पहचान उतर प्रदेश के चंदौली निवासी सुरेश कुमार राय(48) के तौर पर हुई है। गुवाहाटी में एनम इलेक्ट्रिक में सब मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार की सुबह परिजनों की मौजूदगी में पटना PMCH में शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

**संपर्क नहीं होने पर रेलवे में शिकायत की गईः** पत्नी रीना राय ने बताया कि बुधवार को गुवाहाटी से 15 दिनों के लिए छुट्टी पर घर के लिए चले थे। शाम 6 बजे तक बहुत अच्छे से बातचीत हुई। इसके बाद लगातार कॉल करते रहे, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। पूरी रात परेशान रहे। कैपिटल एक्सप्रेस के S2 कोच में उनकी सीट थी। जब काफी कोशिश के बाद भी संपर्क नहीं हो पाया तो हमलोगों ने रेलवे में इसकी शिकायत की।

गुरुवार की सुबह PNR नंबर के जरिए उस कोच में मौजूद टीटीई से संपर्क कराया गया। उनको मैंने बताया कि काफी कोशिश के बाद फोन नहीं उठ रहा है। S2 में 7 नंबर सीट है। जाकर देखिए और बात कराइए। कुछ देर बाद जानकारी मिली कि सीट पर बेहोशी की हालत में पड़े हैं। हालत ठीक नहीं है। हमलोगों को पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर GRP थाने में आने के लिए बोला गया।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगा क्लियरः** परिजनों के मुताबिक रमेश राय बिल्कुल पहले से स्वस्थ थे। कोई बीमारी नहीं थी। बातचीत के दौरान भी वैसा कुछ नहीं बताया था। इधर, रेलवे पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। फिलहाल मामले की छानबीन की जा रही है।

## विनय केसरी को भाजपा में बड़ी जिम्मेदारी मिलने पर वैश्य समाज में खुशी

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**मसौढ़ी**। भारतीय जनता पार्टी (बिहार) द्वारा विनय केसरी को प्रदेश कार्यालय मंत्री बनाए जाने पर मसौढ़ी के केशरवानी वैश्य समाज में खुशी का माहौल है। समाज के लोगों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर समाज के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी तथा मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि विनय केसरी को प्रदेश कार्यालय मंत्री बनाए जाने से वैश्य समाज खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

वैश्य समाज के नेताओं ने कहा कि विनय केसरी लंबे समय से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं और उन्हें मिली नई जिम्मेदारी से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी।

बधाई देने वालों में वैश्य समाज के राष्ट्रीय मंत्री संजय केसरी, प्रदेश मंत्री संजय केसरी, प्रदेश संगठन मंत्री संतोष केसरी, नगर अध्यक्ष गौरी शंकर केशरी सहित समाज के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# तेलंगाना विधान मंडल के अध्ययन दल ने डॉ. प्रेम कुमार से की शिष्टाचार मुलाकात

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



**पटना**। डॉ. प्रेम कुमार से तेलंगाना विधान परिषद् के सचिव डॉ. वी. नरसिम्हा चारयुलू एवं तेलंगाना विधानसभा के सचिव आर. थिरूपति के नेतृत्व में बिहार विधान मंडल के अध्ययन दौरे पर आए तेलंगाना विधान मंडल दल के पदाधिकारियों ने उनके आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने अध्ययन दल के सदस्यों को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया तथा बिहार आगमन पर उनका स्वागत किया।

इससे पूर्व बिहार विधानसभा के वाचनालय में अध्ययन दल की बैठक बिहार विधानसभा के प्रभारी सचिव एवं सचिवालय के वरीय पदाधिकारियों के साथ आयोजित हुई। अध्ययन दल तेलंगाना विधानसभा सचिवालय एवं तेलंगाना विधान परिषद् सचिवालय के प्रस्तावित विभाजन की प्रक्रिया को समझने तथा बिहार विधानसभा एवं विधान परिषद् सचिवालयों की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से बिहार पहुंचा था।

बैठक में बिहार विधानसभा और विधान परिषद् सचिवालय के पृथक्कीकरण, प्रशासनिक व्यवस्था तथा कार्य प्रणाली को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बिहार विधानसभा के अधिकारियों ने अध्ययन दल को विभिन्न प्रक्रियाओं, संसदीय कार्यों और सचिवालय संचालन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं तथा उनके प्रश्नों का विस्तृत उत्तर भी दिया।

अध्ययन दल ने बिहार विधानसभा द्वारा विगत वर्षों में सफलतापूर्वक आयोजित अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन तथा सीपीए भारतीय प्रक्षेत्र सम्मेलन के आयोजन संबंधी अनुभवों और व्यवस्थाओं की भी जानकारी प्राप्त की। अध्ययन दल में तेलंगाना विधान परिषद् के संयुक्त सचिव एम. रघुमा रेड्डी, उप सचिव पी. श्रीनिवास, के. भास्कर श्रीनिवास, ओएसडी एम. नागेश्वर राव, सहायक सचिव पी. वी. सुनील तथा सभापति के ओएसडी वी. गोवर्धन रेड्डी सहित अन्य अधिकारी शामिल थे।

# जन सुराज प्रतिनिधिमंडल डीजीपी से मिला, पटना के होटल वाली घटना में एसआईटी जांच की मांग की

**छात्रा छेड़खानी मामला**

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



- होटल सुरक्षा ऑडिट करने भी कहा

**पटना**। पटना के एक होटल में छात्रा से कथित छेड़खानी को लेकर शुक्रवार को जन सुराज पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने बिहार के डीजीपी से मुलाकात की। उन्होंने दोषियों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जन सुराज के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना तथा प्रदेश उपाध्यक्ष ललन यादव ने किया।

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने डीजीपी के समक्ष पांच प्रमुख मांगें रखीं। इनमें मामले की निष्पक्ष जांच के लिए एसआईटी का गठन, होटल प्रबंधन की भूमिका की जांच, पीड़ित परिवार को सुरक्षा और राज्यव्यापी होटल सुरक्षा ऑडिट शामिल हैं। जन सुराज नेताओं ने कहा कि यह केवल एक छात्रा का मामला नहीं, बल्कि बिहार में महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर प्रश्न है।

**डीजीपी ने मामले की निगरानी का दिया आश्वासनः** डीजीपी से मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए किशोर कुमार मुन्ना ने बताया कि डीजीपी ने मामले की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि पुलिस जल्द साक्ष्य एकत्र कर आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में मजबूत केस पेश करेगी। मुन्ना के अनुसार, पीड़ित परिवार भी डीजीपी के आश्वासन से संतुष्ट है। मुन्ना ने आरोप लगाया कि होटल मालिक पीड़ित परिवार को डराने और मामले को दबाने की कोशिश कर रहा है। इस संबंध में भी डीजीपी से तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है। जन सुराज नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी।

**घटना की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच की मांगः** प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों में कहा कि घटना की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया जाए। साथ ही, घटना में शामिल सभी आरोपियों की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, होटल हिडेन विला के मालिक, प्रबंधक और कर्मचारियों की भूमिका की भी गहन जांच होनी चाहिए। इसका उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि आरोपी देर रात कमरे तक कैसे पहुंचा और सुरक्षा व्यवस्था में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई। जन सुराज ने यह भी मांग की कि यदि जांच में होटल परिसर में किसी प्रकार की अवैध या अनैतिक गतिविधियों के संचालन की पुष्टि होती है तो होटल के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए और उसका लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की जाए।

## दानापुर में 3 युवक गिरफ्तार, देसी कट्टा बरामद

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता



- ई-रिक्शा से 55 लीटर विदेशी शराब जब्त, पूछताछ के बाद तीनों को भेजा जेल

**पटना**। दानापुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक को हथियार के साथ, जबकि दो 54.9 लीटर विदेशी शराब के साथ पकड़ा है। एएसपी शिवम धाकड़ ने इसकी पुष्टि की है।हली कार्रवाई नासरीगंज थाना क्षेत्र में की गई है। एएसपी ने बताया कि गुरुवार देर शाम डीआईयू टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि नासरीगंज कुशवाहा पंचायत बिल्डिंग के पीछे एक युवक हथियार के साथ मौजूद है। टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली। उसके पास से एक कट्टा मिला। पूछताछ में युवक ने बताया कि वह नशे का सेवन करता है। धौंस जमाने तथा छोटी-मोटी आपराधिक घटनाओं के लिए हथियार रखता था।

**ई-रिक्शा से शराब बरामदः** दूसरे मामले में, पुलिस ने चौधराना रोड से एक ई-रिक्शा से अवैध विदेशी शराब के साथ दो तस्कर मनीष कुमार और मोनू कुमार को गिरफ्तार किया। 305 टेट्रा पैक(54.9 लीटर) अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। ई-रिक्शा को भी जब्त कर लिया गया है। गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार सभी युवकों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# लघुकथा-सृजन की सार्थक यात्रा गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचे : सिद्धेश्वर

सोन वर्षा वाणी | संवाददाता




**पटना**। किसी भी साहित्यिक विधा का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब वह आम जनमानस से जुड़कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक अपनी संवेदनाएं पहुंचा सके। लघुकथा के विकास के लिए बड़े शहरों में आयोजित गोष्ठियों और साहित्यिक आयोजनों का अपना महत्व है, लेकिन इसके साथ-साथ छोटे कस्बों, प्रांतों और गांवों में भी साहित्यिक गतिविधियों का निरंतर आयोजन आवश्यक है। कोई भी साहित्यिक विधा केवल शहरी परिवेश तक सीमित रहकर व्यापक पहचान नहीं बना सकती। ये विचार वरिष्ठ लघुकथाकार एवं चित्रकार सिद्धेश्वर ने वैशाली जिले के बिदुपुर स्टेशन स्थित शारदा विद्यापीठ सभागार में आयोजित "लघुकथा की सृजन यात्रा" विषयक संगोष्ठी में विशिष्ट अतिथि के रूप में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार वैशाली जैसे छोटे क्षेत्र में लघुकथा-सृजन यात्रा का भावपूर्ण आयोजन किया गया है, उसी तरह यह साहित्यिक यात्रा आगे भी निरंतर जारी रहनी चाहिए। उन्होंने बताया कि रामयतन यादव तथा संजय रॉय के साथ मिलकर यह संकल्प लिया गया है कि लघुकथा-सृजन की यह सार्थक यात्रा गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाई जाएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा रंगकर्मी एवं चित्रकार संजय रॉय द्वारा भगवान गणेश के रेखांकन के साथ हुआ। समारोह की अध्यक्षता शारदा विद्यापीठ के संस्थापक शिक्षाविद मिश्री लाल यादव ने की। अतिथियों का स्वागत संस्थान के निदेशक ई. नागेंद्र कुमार, ई. वेद प्रकाश धर्म प्रकाश तथा शिक्षाविद विष्णु चौधरी ने किया। इस साहित्यिक आयोजन में देश के अनेक चर्चित लघुकथाकारों के साथ-साथ बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान लघुकथा-पाठ के साथ निर्धारित विषय "लघुकथा की सृजन यात्रा" के विभिन्न आयामों पर गंभीर चर्चा हुई। समारोह के मुख्य अतिथि, आकाशवाणी पटना के पूर्व निदेशक, साहित्यकार एवं रंगकर्मी किशोर सिन्हा ने कहा कि लघुकथा साहित्य की ऐसी विधा है, जो अपने लघु आकार के बावजूद पाठकों और श्रोताओं के मन-मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव छोड़ती है। मुख्य वक्ता रामयतन यादव ने लघुकथा के शास्त्रीय महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि जीवन और जगत के जटिलतम यथार्थ को भी बड़ी सहजता के साथ लघुकथा के माध्यम से अभिव्यक्त किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक और पारिवारिक जीवन में संवेदनाओं को बचाए रखने में लघुकथा एक सशक्त विधा के रूप में स्थापित हो रही है। शिक्षाविद डॉ. ध्रुव कुमार ने लघुकथा के विकास में डॉ. सतीश राज पुष्करणा के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि यह चिंता किए बिना कि हम कितना बेहतर लिख रहे हैं, निरंतर लेखन करते रहना चाहिए। संभव है कि उन्हीं रचनाओं में से कोई एक उत्कृष्ट लघुकथा के रूप में स्थापित हो जाए। वहीं प्रो. उमाशंकर यादव और सी.रा. प्रसाद ने लघुकथा के इतिहास, वर्तमान परिदृश्य तथा उसकी उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए इसके साहित्यिक महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में रामयतन यादव के संपादन में प्रकाशित वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश वशिष्ठ की चयनित लघुकथाओं एवं कहानियों के संकलन का लोकार्पण अतिथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ लघुकथाकार मधुरेश नारायण, ऋचा वर्मा, अहमद रज़ा हाश्मी, आलोक चोपड़ा, अनिल रश्मि, प्रभात धवन तथा राज प्रिया रानी ने अपनी लघुकथाओं का पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगोष्ठी में शिक्षाविद विजय कुमार सिंह, राजीव मेहता, हरीश चंद्रा, रघुनाथ प्रसाद, अमित कुमार, अखिल कुमार, अभिषेक कुमार, शिवलोक कुमार, विवेक कुमार, विपिन वर्मा, सोनी वर्मा, मंजू मैम, नागेंद्र प्रसाद सिंह, राधा मैम, नेहा राय, बेबी मैम, पिंकी मैम, आरती मैम तथा विंध्यवासिनी मैम सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन प्रो. संजय रॉय ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाविद एवं आरक्षी उपाधीक्षक निर्मल कुमार ने किया। आयोजन के माध्यम से लघुकथा साहित्य को गांवों और आम जनमानस तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### जेयूवीएनएल में प्रशासनिक अनियमितताओं पर श्रमिक संघ ने उठाई उच्चस्तरीय जांच की मांग



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जेयूवीएनएल) में कथित प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। संघ ने आरोप लगाया है कि निगम में स्थानांतरण आदेशों के बाद भी प्रशासनिक हस्तक्षेप जारी है और कुछ मामलों में बैक-डेटिंग के जरिए फाइलों का निष्पादन किया जा रहा है। संघ के अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को जेयूवीएनएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा और जारी बयान में उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में निगम के भीतर कुछ महत्वपूर्ण और संवेदनशील फाइलों के निष्पादन को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, जो प्रशासनिक पारदर्शिता पर चिंता पैदा करते हैं। आरोपों के अनुसार, स्थानांतरण आदेश लागू होने के बाद भी कुछ स्तरों पर पूर्व प्रभाव के तहत फाइलों के निपटान और प्रशासनिक निर्णय लिए जा रहे हैं। संघ का कहना है कि यदि बैक-डेटिंग के आधार पर आदेश जारी किए जा रहे हैं, तो यह विभागीय नियमों और वैधानिक प्रक्रिया का गंभीर उल्लंघन है। संघ ने मांग की है कि स्थानांतरण के बाद निष्पादित सभी फाइलों और आदेशों की स्वतंत्र जांच कराई जाए तथा संबंधित रिकॉर्ड को सुरक्षित रखा जाए। साथ ही दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है। इसके अलावा, संघ ने निगम में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट प्रशासनिक दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है।

### ऑटो चालक ने की खुदकुशी



**पूर्वी सिंहभूम।** परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित मखदुमपुर रोड नंबर-1 लाइन किनारे गुरुवार देर रात एक युवक ने घर में फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान मोहम्मद जहीर के रूप में हुई है। वह मोहम्मद करीम का पुत्र था और पेशे से ऑटो चालक था। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद जहीर अपने दादा-दादी के घर में पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। मेहनत-मजदूरी और ऑटो चलाकर वह परिवार का भरण-पोषण करता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर लगातार विवाद हो रहा था। उसकी पत्नी मूल रूप से चाईबासा की रहने वाली बताई जा रही है। बताया जाता है कि गुरुवार रात काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को संदेह हुआ। इसके बाद जब दरवाजा खोला गया तो मोहम्मद जहीर का शव फंदे से लटका मिला। घटना देखते ही परिवार में कोहराम मच गया और आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। सूचना मिलने पर परसुडीह थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम अस्पताल भेज दिया है। पुलिस खुदकुशी के कारणों का पता लगाने के लिए परिजनों और स्थानीय लोगों से पूछताछ कर रही है। फिलहाल पूरे मामले की जांच जारी है।

### लावारिस मिली नवजात बच्ची, ग्रामीणों और पुलिस की पहल से पहुंची अस्पताल



**पूर्वी सिंहभूम।** जिले के पोटका प्रखंड अंतर्गत डोमजूडी पंचायत के धोबनी गांव में शुक्रवार तड़के एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। खुले आसमान के नीचे रोती हुई बच्ची को देखकर ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना जनप्रतिनिधियों और पुलिस को दी। समय रहते ग्रामीणों की सतर्कता से नवजात की जान बच गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे गांव की युवती दुला हांसदा अपने घर के पास झाड़ू लगा रही थी। इसी दौरान उसे किसी बच्चे के रोने की आवाज सुनाई दी। आवाज की दिशा में जाकर देखने पर उसने एक नवजात बच्ची को जमीन पर पड़ा पाया। यह खबर कुछ ही देर में पूरे गांव में फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। सूचना मिलने के बाद जादूगोड़ा थाना पुलिस, डोमजूडी पंचायत की मुखिया अनीता मुर्मू, जिला परिषद सदस्य हिरण्यमय दास, स्वास्थ्य सहिया लक्ष्मी सोरेन सहित कई जनप्रतिनिधि और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बच्ची की हालत को देखते हुए उसे पहले सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक जांच के बाद बेहतर इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। बाद में एमजीएम अस्पताल में चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम को बच्ची सौंप दी गई। फिलहाल नवजात पूरी तरह सुरक्षित बताई जा रही है। इधर, डोमजूडी पंचायत की मुखिया अनीता मुर्मू ने जिला प्रशासन से बच्ची को गांव के वार्ड सदस्य राहुल सोरेन की पत्नी माधो सोरेन को गोद देने पर विचार करने की मांग की है। माधो सोरेन ने भी बच्ची को अपनाने की इच्छा जताते हुए कहा कि उनके परिवार में बेटी नहीं है और वह इस बच्ची का पालन-पोषण कर उसका भविष्य संवारना चाहती हैं।

### ओलानिया में 25 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिला स्थित मझगांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मझगांव प्रखंड की घोड़ाबांधा पंचायत के ओलानिया गांव में लंबे समय से खराब पड़े 25 केवी ट्रांसफार्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। शुक्रवार को नए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन भाजपा झारखंड प्रदेश के पूर्व उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई ने किया। ट्रांसफार्मर चालू होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों ने बताया कि कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब रहने के कारण पूरा गांव अंधेरे में डूबा हुआ था। बिजली नहीं रहने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वहीं क्षेत्र में लगातार हाथियों का प्रकोप होने से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। रात के समय बिजली नहीं होने से हाथियों के हमले का खतरा और बढ़ गया था। ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बड़कुंवर गागराई ने दूरभाष के माध्यम से बिजली विभाग के अधिकारियों से बातचीत की और जल्द कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उनके हस्तक्षेप के बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गांव के लिए नया 25 केवी ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। नया ट्रांसफार्मर गांव तक पहुंचाने और लगाने के दौरान पंकज पुरती, मिथुन पान, रूपनारायण भेंगरा, विपिन महाराणा, निरंजन भेंगरा और अनय मौजूद रहे। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली बहाल होने से अब बच्चों की पढ़ाई, दैनिक कार्य और रात के समय सुरक्षा व्यवस्था में काफी सहूलियत होगी। ग्रामीणों ने इस पहल के लिए बड़कुंवर गागराई के प्रति आभार जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि आगे भी क्षेत्र की जनसमस्याओं का इसी तरह समाधान किया जाएगा।

# रांची में बारिश से मौसम हुआ सुहावना, तापमान में 06 से 07 डिग्री की गिरावट

**एजेंसी। रांची**



झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बारिश के बाद बड़ी राहत मिली। बारिश के कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान में छह से सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों तक राज्य में इसी प्रकार बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, उत्तर-पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में शनिवार को भी मौसम खराब रह सकता है। बोकारो, धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग, रांची और रामगढ़ समेत कई जिलों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की आशंका व्यक्त की गई है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की है। खासकर किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास नहीं जाने की सलाह दी गई है। विभाग ने आकाशीय बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने को कहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान डाल्टनगंज में 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 18.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं वर्षा के आंकड़ों पर नजर डालें तो कोडरमा डीवीसी क्षेत्र में सबसे अधिक 40.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा सतगांव में 39 मिलीमीटर, कोनार डीवीसी में 31 मिलीमीटर, दारू में 14.2 मिलीमीटर, रामगढ़ जिले के गोला में 11 मिलीमीटर, बरही में 10.2 मिलीमीटर तथा पांकी में सात मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। शुक्रवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से मौसम साफ था, लेकिन दोपहर बाद अचानक काले बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को उमस एवं गर्मी से राहत मिली। कई इलाकों में लोगों ने बारिश का आनंद भी लिया। राज्य के विभिन्न शहरों के तापमान की बात करें, तो रांची में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री और न्यूनतम 24.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 27.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 41 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 36.5 डिग्री और न्यूनतम 25.6 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 36.8 डिग्री और न्यूनतम 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# ट्रस्ट ने बच्चों के बीच किया शिक्षण सामग्री का वितरण



**एजेंसी। रांची**

बंका मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से हातमा मोरहाबादी स्थित टीम हेल्प की ओर से संचालित प्रगति केंद्र में शुक्रवार को बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर मौजूद ट्रस्ट के ट्रस्टी दीपक बंका और सदस्य अमित कुमार ने बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबड़, कटर सहित अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्रियों का वितरण किया। ट्रस्ट के सदस्यों ने बच्चों से बातचीत कर उन्हें नियमित पढ़ाई करने और शिक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर दीपक बंका ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को सहयोग देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों से अनुशासन के साथ पढ़ाई करने, नियमित विद्यालय जाने और शिक्षकों एवं अभिभावकों का सम्मान करने की अपील की। अमित कुमार ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों के बीच समय बिताकर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित करना सुखद अनुभव है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की ओर से आगे भी इस प्रकार के सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम में प्रगति केंद्र के शिक्षक रमेश कुमार सहित कई बच्चे मौजूद थे।

# शराब घोटाला : नवीन केडिया को इंग्लैंड जाने की अनुमति नहीं, एसीबी कोर्ट ने याचिका की खारिज

**एजेंसी। रांची**






झारखंड के चर्चित शराब घोटाला मामले में आरोपित नवीन केडिया को इंग्लैंड जाने की अनुमति नहीं मिली है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत ने विदेश यात्रा की अनुमति मांगे जाने से संबंधित उसकी याचिका खारिज कर दी है। नवीन केडिया ने एसीबी की विशेष अदालत में याचिका दायर कर एक जून से 23 जुलाई तक इंग्लैंड जाने की अनुमति मांगी थी। अपनी याचिका में उसने लंदन में आयोजित अपने बेटे के ग्रेजुएशन समारोह में शामिल होने, स्वास्थ्य जांच कराने और अन्य निजी कारणों का उल्लेख किया था। इसके साथ ही उसने विदेश यात्रा के लिए अपना पासपोर्ट वापस लौटाने का आग्रह भी अदालत से किया था। उल्लेखनीय है कि शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार होने के बाद नवीन केडिया को उच्च न्यायालय से जमानत मिल चुकी है और फिलहाल वह जेल से बाहर है। जमानत की शर्तों के तहत उसने अपना पासपोर्ट एसीबी अदालत में जमा कराया था। इसी कारण विदेश यात्रा के लिए उसे अदालत से अनुमति लेनी आवश्यक थी। एसीबी ने गत 11 मार्च को नवीन केडिया को गिरफ्तार किया था। वह छत्तीसगढ़ के दुर्ग का निवासी है। उस पर झारखंड में निम्न गुणवत्ता वाली देसी शराब की आपूर्ति करने का आरोप है। इस मामले में एसीबी ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय चौबे सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया था। हालांकि, मामले में गिरफ्तार अधिकांश आरोपितों को अब जमानत मिल चुकी है। फिलहाल शराब घोटाला मामले की जांच जारी है।

# उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के छह आरोपितों की जमानत याचिकाओं पर अब 1 जून को सुनवाई

**एजेंसी। रांची**



उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा से जुड़े बहुचर्चित पेपर लीक मामले में छह आरोपितों की जमानत याचिका पर शुक्रवार को अपर न्याययुक्त योगेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई, जहां अभियोजन पक्ष की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई। इसके बाद अदालत ने अगली सुनवाई के लिए सोमवार, 1 जून की तिथि निर्धारित की है। मामले में जिन आरोपितों ने जमानत याचिका दायर की है उनमें विकास कुमार, आशीष कुमार, योगेश प्रसाद समेत छह लोग शामिल हैं। बताया जा रहा है कि इनमें से तीन आरोपित कथित पेपर सॉल्व गिरोह के एजेंट हैं, जिनकी भूमिका परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को कथित रूप से प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने और सॉल्विंग नेटवर्क संचालित करने में सामने आई है। इससे पहले हुई सुनवाई के दौरान मामले के अनुसंधानकर्ता ने अदालत में आरोपितों का आपराधिक इतिहास और केस डायरी प्रस्तुत की थी। अभियोजन पक्ष ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अदालत से विस्तृत जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय मांगा था। उल्लेखनीय है कि इस चर्चित मामले में अब तक 150 से अधिक आरोपितों को जमानत मिल चुकी है। हालांकि पुलिस की जांच अभी भी जारी है और कई बिंदुओं पर अनुसंधान किया जा रहा है। दरअसल, 11 अप्रैल की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि तमाड़ थाना क्षेत्र के रड़गांव स्थित एक अर्धनिर्मित मकान में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों का जमावड़ा लगा हुआ है। सूचना के आधार पर गठित विशेष छापेमारी दल ने देर रात उक्त स्थान पर कार्रवाई की। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो भवन के बाहर कई वाहन खड़े मिले। छापेमारी शुरू होते ही वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और कई लोग भागने लगे, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर 166 लोगों को मौके से गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद पुलिस ने जांच के क्रम में कई अन्य आरोपितों को भी गिरफ्तार किया। मामले को लेकर तमाड़ थाना में कांड संख्या 21/2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। जांच एजेंसियां पेपर लीक नेटवर्क, सॉल्वर गैंग और इससे जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही हैं।

# रांची विश्वविद्यालय में फ्लिपकार्ट की मेगा प्लेसमेंट ड्राइव, बड़ी संख्या में छात्रों ने लिया भाग



**एजेंसी। रांची**

रांची विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की ओर से शुक्रवार को मोरहाबादी कैंपस स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के सभागार में फ्लिपकार्ट की मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रांची विश्वविद्यालय के डीन (छात्र कल्याण) डॉ. सुदेश कुमार साहू, प्रॉक्टर एवं व्यावसायिक अध्ययन परिषद के निदेशक डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक डॉ. बसंत की उपस्थिति में संपन्न हुआ। फ्लिपकार्ट की ओर से पूर्वी क्षेत्र के वरिष्ठ प्रबंधक सौरभ कुमार ने भर्ती दल का नेतृत्व किया और छात्रों को कंपनी में उपलब्ध करियर अवसरों, कार्य संस्कृति तथा पेशेवर विकास की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरुआत प्लेसमेंट सेल द्वारा अतिथियों और कंपनी प्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करने के साथ हुई। स्वागत भाषण में डीन (छात्र कल्याण) डॉ. सुदेश कुमार साहू ने छात्रों को ऐसे प्लेसमेंट अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने और अपने करियर निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए उद्योग जगत से लगातार जुड़ाव बढ़ा रहा है। इसके बाद आयोजित प्री-प्लेसमेंट टॉक में सौरभ कुमार ने फ्लिपकार्ट की कार्यप्रणाली, उपलब्ध पदों, करियर ग्रोथ, कर्मचारी सुविधाओं और कार्यस्थल की अपेक्षाओं पर विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान छात्रों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए भर्ती प्रक्रिया से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका कंपनी प्रतिनिधियों ने विस्तार से उत्तर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता ने कहा कि इस प्रकार की प्लेसमेंट ड्राइव छात्रों को उद्योग जगत से जोड़ने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने फ्लिपकार्ट एवं विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की इस पहल की सराहना की। उद्घाटन सत्र के बाद पंजीकृत अभ्यर्थियों के व्यक्तिगत साक्षात्कार की प्रक्रिया शुरू हुई। रांची विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के बड़ी संख्या में छात्रों ने उत्साहपूर्वक इस प्लेसमेंट ड्राइव में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्लेसमेंट सेल, रांची विश्वविद्यालय ने फ्लिपकार्ट और सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए छात्रों के लिए रोजगार एवं प्लेसमेंट अवसरों को बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# रांची रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर युवती का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

**एजेंसी। रांची**



रांची रेलवे स्टेशन के समीप शुक्रवार को रेलवे ट्रैक पर एक युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह स्टेशन के पास से गुजर रहे लोगों ने रेलवे पटरी पर एक शव पड़ा देखा, जिसके बाद इसकी सूचना तत्काल स्टेशन प्रबंधन और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र की छानबीन की। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवती ट्रेन की चपेट में आ गई होगी, हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा गया है। मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें हत्या और आत्महत्या दोनों संभावनाओं को ध्यान में रखा गया है। पुलिस के अनुसार, मृतका की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है। तलाशी के दौरान उसके पास से कोई पहचान पत्र या अन्य सामान नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस आसपास के लोगों और स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पहचान होने होने के बाद आगे की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।


**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**
Tel :- 06562-231148 Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

पत्रांक 1635 दिनांक 29.05.2026

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत सेप्टिक टैंक सफाई वाहन का संचालन मेदिनीनगर नगर निगम के बिना किसी अनुमति प्राप्त किये किया जा रहा है। उक्त के आलोक में सेप्टिक टैंक सफाई वाहन का संचालक को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका अधिनियम 2011 के नियमानुसार मेदिनीनगर नगर निगम द्वारा निर्धारित राशि कुल मो0 40,000/- (चालिस हजार रू0) कार्यालय में जमा कर रजीस्ट्रेशन कराना सुनिश्चित करते हुए वाहन का संचालन करेंगे और प्रत्येक वर्ष रजीस्ट्रेशन का नवीकरण कराना सुनिश्चित करेंगे, अन्यथा बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित किये जाने वाले वाहनों को पकड़े जाने पर नगरपालिका अधिनियम 2011 के धारा – 602 का अध्याय –19 के अधीन दण्डस्वरूप कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन के संचालक से निर्धारित 40,000/- (चालिस हजार रू0) का 2 गुणा से लेकर 5 गुणा तक जुर्माना की राशि वसूल की जाएगी। जुर्माना राशि जमा नहीं होने पर संबंधित वाहन को जब्त करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

ह0/– सहायक नगर आयुक्त
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 381071 District (26-27)_D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,
MINOR IRRIGATION DIVISION, MEDININAGAR**

**e-Quotation No.- WRD/MID/MEDININAGAR/01/2026-27**
**Letter No:- 267 Dated:- 26/05/2026**

Government of Jharkhand through its Public Works Department (PWD) is engaged in framing/revision of Schedule of Rates and as part of this endeavor, quotations through e-tender are invited for rate of items/materials annexed as Annexure-1 for Construction works from Quarry Owners/Crusher owners/Reputed Manufacturer/authorized dealers/Suppliers and other stakeholders authorized for respective items having valid GSTIN of Materials. The rates conforming to specifications for inclusion in the Schedule of Rates for Government of Jharkhand to be used in different Civil Construction/infrastructure works and repair works shall be submitted online in the website Http://Jharkhand tenders.gov.in. Details of material and its Specifications are available on the above e-tender portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their rate of materials online from 09.06.2026 at 03:00 PM to 25.06.2026 at 03:00 PM The quotation will be opened on 27.06.2026 at 04:00 PM.

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at per with lowest market rate for framing of Schedule of Rate.

Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Medininagar

PR 381013 District(26-27).D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, लातेहार**

**अल्पकालीन ई– पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–निविदा संख्या :– 05/R2/2024-25/EE/RWD/LATEHAR दिनांक : 29.05.2026

| क्र0 | आईडेंटी फिकेशन सं0/पैकेज सं0 | प्रखंड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की तिथि | टेंडर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 2 | RWD/LATEHAR21/2024-25 | बरवाडीह | ग्राम पंचायत छेंचा पंचायत भवन पी0डब्लू0डी0 रोड से आंगनबाड़ी होते हुए कोयल नदी तक पथ निर्माण। | 342.804 | रू0 तीन करोड़ बेयालीस लाख अस्सी हजार चार सौ रूपये मात्र। | 15 माह | तृतीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 05.06.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 13.06.2026 अपराह्न 5:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 15.06.2026 अपराह्न 03:30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता, कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, लातेहार पिन – 829206
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 – 06565245038

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियन्ता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, लातेहार

PR 381054 (REO)26-27*D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



**आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाए गंभीर आरोप**

## छत्तीसगढ़ में रेत खनन के दौरान मिले 10 से अधिक नरकंकाल



**धमतरी, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में गुरुवार को रेत खनन के दौरान 10 से अधिक नरकंकाल मिले हैं। आक्रोशित ग्रामीणों का आरोप है कि खनन में लगे लोग ऐसे स्थानों पर खोदाई कर रहे हैं, जो शव दफनाने के लिए आरक्षित हैं। ग्रामीणों ने अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। कंकाल निकलने की घटना के बाद ग्रामीण अवैध खनन बंद कराने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि महानदी और सीतानदी तट पर बिना रायल्टी पर्ची के अवैध रेत उत्खनन हो रहा है। राजस्व और खनिज विभाग की टीम समय-समय पर दबिश देकर ट्रैक्टर और हाइवा जब्त करती रही है, लेकिन अवैध खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि अवैध खनन पर रोक नहीं लगी, तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

## राजस्थान हाई कोर्ट के आदेश के बाद आसाराम ने किया सरेंडर, एयरपोर्ट पर समर्थकों की लगी भीड़

**जोधपुर, एजेंसी।** आसाराम ने जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर कर दिया। राजस्थान हाई कोर्ट का फैसला आने के बाद वह गुरुवार को



जोधपुर पहुंचा। आसाराम के आने की सूचना पर एयरपोर्ट पर उसके समर्थकों की भीड़ लग गई। इस दौरान उसने गाड़ी से समर्थकों को आशीर्वाद भी दिया। वह एयरपोर्ट से सीधे पाल गांव स्थित अपने आश्रम पहुंचा। वहां से एम्स गया, जांच करवाने के बाद शाम करीब 5 बजे सेंट्रल जेल में सरेंडर कर दिया। दरअसल, बुधवार को हाई कोर्ट की जोधपुर मुख्यपीठ ने नाबालिग से रेप के मामले में आसाराम की उम्रकैद की सजा को बरकरार रखते हुए अंतरिम जमानत रद कर दी थी। कोर्ट का फैसला आने और तत्काल गिरफ्तारी वारंट जारी होने की जानकारी मिलने के बाद आसाराम सड़क मार्ग से हरिद्वार से दिल्ली के लिए रवाना हो गया था। आसाराम के समर्थकों का दावा है कि सड़क मार्ग से सफर करने से उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। इसी वजह से दिल्ली एम्स में भर्ती हो गया।

**सिद्दरमैया के बेटे को मिल सकती है कैबिनेट में जगह**

# कर्नाटक में कांग्रेस का चार डिप्टी सीएम के फॉर्मूले पर मंथन

**बैंग्लूरू, एजेंसी।** मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के इस्तीफे के बाद से कर्नाटक की राजनीति में बड़ा उलफेर देखने को मिल रहा है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक में डीके शिवकुमार के नेतृत्व में बनने जा रही नई सरकार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन साधने के लिए चार डिप्टी सीएम बनाए जा सकते हैं।

सूत्रों के अनुसार, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार आज दिल्ली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मिलकर राज्य मंत्रिमंडल में फेरबदल पर चर्चा करेंगे। जिसमें चार डिप्टी सीएम को लेकर भी मंथन होगा। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कर्नाटक के पूर्व सीएम सिद्दरमैया, डीके शिवकुमार और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ चर्चा करेंगे। सूत्रों ने बताया कि इस बैठक के दौरान राज्यसभा उम्मीदवारों, एमएलसी उम्मीदवारों और मंत्रिमंडल में



फेरबदल पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाएगा। सूत्रों ने आगे बताया कि सिद्दरमैया के मंत्रिमंडल के कई मंत्रियों को डीके शिवकुमार के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में जगह मिलने की संभावना कम है। पार्टी सूत्रों ने संकेत दिया कि सरकार में सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखने के लिए चार उपमुख्यमंत्री बनाए जा सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, सिद्दरमैया के बेटे और विधान परिषद के सदस्य यतींद्र को डीके शिवकुमार की कैबिनेट में शामिल किए जाने की पूरी उम्मीद है। उन्हें कोई अहम मंत्रालय मिलने की संभावना है, ताकि सिद्दरमैया की विरासत को आगे बढ़ाने का संदेश दिया जा सके। कांग्रेस विधायक दल की बैठक की तारीख आज तय की जाएगी जो कि अब महज एक औपचारिकता ही लगती है। इसके बाद, कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर डीके शिवकुमार के शपथ ग्रहण समारोह की तारीख तय की जाएगी।

कर्नाटक में राज्यसभा की जिन चार सीटों पर चुनाव होने हैं, उनमें से कांग्रेस दो सीटें आसानी से जीतती दिख रही है। तीसरी सीट पर भी उसे बढ़त हासिल है, जिसके लिए उसे बस कुछ और वोटों की जरूरत है। सूत्रों ने बताया कि प्रभारी रणदीप सुरजेवाला तीन में से दो राज्यसभा सीटों के लिए नामों का पैनल पेश करेंगे, और खड़गे को राज्यसभा में दोबारा मौका दिया जाएगा। राज्य में विधान परिषद की सात सीटों पर होने वाले चुनावों के लिए भी संभावित नामों का एक पैनल पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को सौंपा जाएगा।

## फरीदाबाद में मरीजों को मिलेगी फ्री डायलिसिस, अब दिल्ली भागने की जरूरत नहीं

**फरीदाबाद, एजेंसी।** अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कालेज में मरीजों को डायलिसिस की सुविधा मिलेगी। साथ ही जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल में मरीजों के स्वजन के ठहरने के लिए विश्राम गृह बनाने के कार्य का शिलान्यास किया जाएगा। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ऑनलाइन शुभारंभ करेंगे। जबकि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव और स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक डॉ. मनीष बंसल सहित अन्य अधिकारी जिले में पहुंचेंगे। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की दिशा में शुक्रवार का दिन बेहद अहम है। जिले के किडनी मरीजों के लिए सिर्फ जिला नागरिक बादशाह खान अस्पताल और एनआइटी तीन स्थित इएसआइसी अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा है। कई बार अव्यवस्था और बेड नहीं होने के कारण मरीजों को निजी अस्पताल व दिल्ली की ओर रूख करना पड़ता है। जिससे मरीजों को दिक्कतों का सामना तो करना ही पड़ता है। इससे उनकी जेब पर भी असर होता है। अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कालेज में मरीजों को डायलिसिस की सुविधा होने से मरीजों को निजी और दिल्ली के अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज मिल सकेगा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि मेडिकल कालेज में आधुनिक मशीनों से लैस डायलिसिस यूनिट तैयार कर ली गई है। यहां प्रशिक्षित डाक्टरों और तकनीकी स्टाफ को तैनात किया गया है।

# एसी देखकर भड़के राजस्थान के मंत्री, ड्राइवर पर जमकर बरसे

**जयपुर, एजेंसी।** देशभर में पेट्रोल-डीजल और ऊर्जा की बचत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार लोगों से अपील कर रहे हैं। राजस्थान में भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा समेत कई मंत्रियों ने अपने काफिले कम कर ईंधन बचाने का संदेश देने की कोशिश की है। लेकिन इसी बीच सीकर से सामने आया एक वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें राजस्थान सरकार के वन मंत्री और सीकर जिले के प्रभारी मंत्री संजय शर्मा सरकारी गाड़ी में एसी चलाकर बैठे एक पुलिस जवान पर भड़कते नजर आ रहे हैं।

दरअसल, पूरा मामला 27 मई का बताया जा रहा है। उस दिन प्रभारी मंत्री संजय शर्मा सीकर में आयोजित एक अहम बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। बैठक खत्म होने के बाद जब मंत्री बाहर निकले तो उनकी नजर परिसर में खड़ी एक सरकारी गाड़ी पर पड़ी। गाड़ी के सभी शीशे बंद थे और अंदर एक पुलिस जवान बैठा हुआ था। मंत्री जैसे ही गाड़ी के करीब पहुंचे तो उन्हें पता चला कि वाहन का इंजन चालू है और एसी फुल स्पीड में चल रहा है।

यह देखते ही मंत्री संजय शर्मा का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने तुरंत गाड़ी का दरवाजा खुलवाया और मौके पर ही जवान की क्लास लगा दी। मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा कि क्या थोड़ी देर बिना एसी के नहीं बैठ सकते? एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों से तेल और ऊर्जा बचाने की अपील कर रहे हैं और दूसरी तरफ सरकारी संसाधनों की इस तरह बर्बादी की जा रही है।

**ऑन-कैमरा फटकार का वीडियो वायरल**-मंत्री का यह



पूरा एक्शन कैमरे में कैद हो गया, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में मंत्री बेहद सख्त लहजे में जवान को फटकार लगाते दिखाई दे रहे हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने तुरंत अपनी डायरी मंगवाई और संबंधित जवान का नाम नोट करवाकर विभागीय कार्रवाई के निर्देश भी दिए। घटना के बाद यह वीडियो राजनीतिक और प्रशासनिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। कुछ लोग मंत्री के इस कदम को सरकारी संसाधनों के संरक्षण की दिशा में सख्त लेकिन जरूरी कार्रवाई बता रहे हैं, तो वहीं कुछ लोग इसे ऑन-कैमरा सख्ती और दिखावटी कार्रवाई करार दे रहे हैं।

**सरकारी गाड़ियों में ईंधन खर्च पर उठे सवाल**- सोशल मीडिया पर भी वीडियो को लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कई यूजर्स का कहना है कि सरकारी वाहनों में इस तरह बेवजह इंजन चालू रखकर एसी चलाना आम बात बन चुकी है, जिससे हर साल लाखों रुपए का ईंधन बर्बाद होता है। वहीं कुछ लोगों ने सवाल उठाया कि क्या केवल एक जवान पर कार्रवाई से व्यवस्था सुधरेगी या फिर पूरे सिस्टम में सुधार की जरूरत है।

# देश में हर चौथी लड़की की शादी 21 साल से पहले, बाल विवाह में बंगाल और झारखंड सबसे आगे

**कोलकाता, एजेंसी।** लड़कियों की शिक्षा और देर से शादी को बढ़ावा देने के लिए चलाए जा रहे देशव्यापी अभियानों के बावजूद भारत के कई राज्यों में आज भी बाल विवाह की कुप्रथा देखने को मिल रही है। 'सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम' की सांख्यिकीय रिपोर्ट 2024 के अनुसार, पश्चिम बंगाल और झारखंड में देश भर में सबसे अधिक बाल विवाह हो रहे हैं। यहां लड़कियों की शादी 18 साल की कानूनी उम्र से पहले की जा रही है।

भारत के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा जारी इस रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर जहां महिलाओं की शादी की औसत उम्र बढ़कर 23.1 साल हो गई है और 73.5% महिलाएं 21 साल के बाद शादी कर रही हैं, वहीं पूर्वी और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में यह समस्या आज भी गंभीर बनी हुई है।

राष्ट्रीय स्तर पर, 2024 में शादी करने वाली 2.1% महिलाएं 18 साल से कम उम्र की थीं, जबकि 24.5% ने 18 से 20 साल की उम्र के बीच शादी की। लगभग तीन-चौथाई - 73.5% - ने 21 साल या उससे भी कम उम्र में शादी की। कुल मिलाकर, 2024 में भारत में हर



चार में से एक से ज्यादा महिला ने 21 साल की उम्र से पहले ही शादी कर ली।

रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम बंगाल में 18 साल से कम उम्र में शादी करने वाली लड़कियों का अनुपात देश में सबसे अधिक 6.3% दर्ज किया गया, जिसके बाद झारखंड 4.9% के साथ दूसरे स्थान पर रहा। वहीं, छत्तीसगढ़ भी उन राज्यों में शामिल है जहां लड़कियों का एक बड़ा हिस्सा (2.9%) अभी भी 18 साल से पहले ही शादी कर लेता है। ग्रामीण भारत में, 18 साल की उम्र पूरी होने से पहले शादी करने वाली लड़कियों का अनुपात 2.4% था, जबकि शहरी इलाकों में यह 1.1% था। ग्रामीण क्षेत्रों में पश्चिम बंगाल में बाल विवाह का अनुपात सबसे अधिक 5.9% दर्ज किया गया, जिसके बाद झारखंड (5.8%) का स्थान रहा। शहरी इलाकों में भी बाल विवाह के मामले में पश्चिम बंगाल सबसे आगे रहा, जहां यह अनुपात 7.6% था। यह शहरी राष्ट्रीय औसत 1.1% से कहीं अधिक है।

'सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम' की 2024 के इस सर्वेक्षण में दिल्ली में बाल विवाह का कोई भी मामला सामने नहीं आया, जबकि केरल में यह दर सबसे कम 0.04% दर्ज की गई। हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में भी ये आंकड़े बहुत कम रहे। स्वास्थ्य और सामाजिक विशेषज्ञों का कहना है कि कम उम्र में शादी का सीधा असर लड़कियों की पढ़ाई छूटने, कम उम्र में मां बनने के खतरों और उनके खराब स्वास्थ्य के रूप में सामने आ रहा है।

## गाजियाबाद में आरटीओ ऑफिस के बाहर फैला दलालों का जाल, भरोसे में लेकर वाहन मालिकों से वसूल रहे रकम

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद में संभागीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) के बाहर दलालों की सक्रियता से वाहन स्वामी परेशान हैं। आरोप है कि लाइसेंस नवीनीकरण और अन्य कार्यों के नाम पर लोगों से चार से पांच हजार रुपये तक वसूले जा रहे हैं। रकम लेने के बाद भी काम समय पर नहीं हो रहा, जिससे लोगों को बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। लोग जल्दी काम कराने का भरोसा देकर लोगों को अपने झांसे में लेते हैं। शुरुआत में भरोसा दिलाया जाता है कि बिना किसी परेशानी के कुछ ही दिनों में कार्य पूरा करा दिया जाएगा, लेकिन बाद में काम लटक जाता है। जानकारी मांगने पर टालमटोल की जाती है। कई लोगों ने विरोध करने पर धमकाने जैसे व्यवहार की शिकायत भी की है। चर्चा यह भी है कि दलालों के बीच एडीटीसी सेंटर से लाइसेंस बनाए जाने और काम जल्दी



कराने के दावे खुलेआम किए जा रहे हैं। इससे कार्यालय की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। एआरटीओ प्रशासन अशोक कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि कार्यालय के बाहर सक्रिय दलालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाती है। वाहन स्वामियों से अपील है कि किसी भी कार्य के लिए सीधे विभागीय काउंटर या आनलाइन पोर्टल का उपयोग करें।साहिबाबाद निवासी एक वाहन स्वामी सोमवार को अपने ड्राइविंग लाइसेंस के नवीनीकरण की जानकारी लेने आरटीओ कार्यालय पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि कार्यालय के बाहर बैठे एक दलाल ने जल्दी काम कराने का भरोसा देकर उनसे चार हजार रुपये ले लिए थे।

## नोएडा के भंगेल एलिवेटेड रोड पर लगेंगे 18.81 करोड़ के नाइज बैरियर



**नोएडा, एजेंसी।** अगाहपुर से एनएसईजेड सेक्टर-82 तक बने 4.5 किलोमीटर लंबे भंगेल एलिवेटेड रोड पर नाइज बैरियर (ध्वनि अवरोध) लगवाने के लिए नोएडा प्राधिकरण ने टेंडर जारी कर दिया है। एक जून को टेंडर खोले जाएंगे। दो से तीन दिन में कंपनी का चयन कर लिया जाएगा। इसके बाद काम शुरू कराया जाएगा। संभवता दो माह में बैरियर लगाने का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए 18.81 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। एलिवेटेड रोड अगाहपुर, सेक्टर-40, 49, 48, 107 बरौला, भंगेल गांव की आबादी के बीच से निकला है। ट्रैफिक के शोर से आसपास के सेक्टर और गांव के निवासियों की परेशानी को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने ये योजना बनाई है। प्राधिकरण एजेंसी का चयन करेगा। काम पूरा करने में एजेंसी को दो महीने का समय लगेगा। नोएडा प्राधिकरण वर्क सर्किल आठ वरिष्ठ प्रबंधक रोहित सिंह ने बताया कि साउंड बैरियर छह फिट ऊंचाई के लगवाए जाएंगे। इसके लिए मानक इंडियन रोड कांग्रेस (आइआरसी) से लिए गए हैं। मनुष्य की श्रवण क्षमता 80 डेसिबल होती है। इससे ज्यादा मनुष्य बर्दाश्त नहीं कर सकता है। 0 से 25 डेसिबल पर तक की आवाज शांत वातावरण को दर्शाता है।

यदि आवाज की तीव्रता 80 डेसिबल से अधिक होती है तो मनुष्य बिमार पड़ने लगता है। वहीं, जब आवाज की तीव्रता 130-140 डेसिबल होती है तो व्यक्ति को बेचैनी होने लगती है लगातार इतनी तेज आवाज सुनने पर व्यक्ति बहरा भी हो सकता है।

उन्होंने बताया कि नाइस बैरियर हाईवे और घरों के बीच एक ध्वनि अवरोधक के रूप में काम करते है। यह ध्वनि को समाप्त नहीं करते बल्कि प्रभाव को कम कर उसकी क्षमता को कम कर देते है। यह 50 डेसिबल तक कम करने की क्षमता रखता है। ऐसे में घरों तक पहुंचने वाला ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव काफी कम हो जाएगा।

एलिवेटड रोड के दोनों ओर नाइज बैरियर लग जाने के बाद यहां पड़ने वाले सेक्टर-42, 48, 49, 47, 110, 107 के लोगों को परेशानी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण ने एलिवेटड रोड पर लूप बनाने के लिए भी टेंडर जारी कर दिया है।

# गुरुग्राम में फिर बुलडोजर एक्शन, 7 कच्चे कमरों को किया ध्वस्त; कार्रवाई से गांव में मचा हड़कंप

**नया गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) ने बृहस्पतिवार को दिल्ली-गुरुग्राम बॉर्डर स्थित सेक्टर-21 में बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब पौने एकड़ सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। वहीं, कार्रवाई के दौरान कुछ लोगों ने विरोध जताया और सूचना मिलने पर दिल्ली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। हालांकि, एचएसवीपी अधिकारियों ने जमीन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किए, जिसके बाद पुलिस वापस लौट गई। पूरे अभियान के दौरान ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नायब तहसीलदार जगदीश बिश्नोई मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार, सेक्टर-21 से सटे दिल्ली के सालापुर गांव के कुछ लोगों ने एचएसवीपी की जमीन पर पिछले कई वर्षों से कब्जा कर रखा था। यहां सात कच्चे कमरे बनाकर किराये पर दिए गए थे। स्थानीय आरडब्ल्यूए लंबे समय से इस अतिक्रमण को हटाने की मांग कर रही थी।

लोगों का कहना था कि कब्जे की वजह से इलाके में गंदगी फैल रही थी और बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ने से सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी पैदा हो रही थीं। आरडब्ल्यूए ने गांव की तरफ चारदीवारी बनाने की मांग भी उठाई हुई है।

### बुलडोजर से हटाया गया अतिक्रमण

एचएसवीपी के संपदा अधिकारी-एक राकेश सैनी के निर्देश पर गुरुवार दोपहर तोड़फोड़ दस्ता मौके पर पहुंचा और पीले पंजे की मदद से कार्रवाई शुरू की गई। इसी दौरान कब्जाधारियों ने कंट्रोल रूम में कॉल कर दिल्ली पुलिस को




बुला लिया। कुछ देर के लिए कार्रवाई रुकी रही, लेकिन दस्तावेजों की जांच के बाद दोबारा अभियान शुरू कर दिया गया। बाद में पूरे क्षेत्र को अतिक्रमणमुक्त करा लिया गया। इस मौके पर कार्यवाहक उपमंडल अधिकारी गौरव यादव, कनिष्ठ अभियंता ललित हंस, पटवारी गुरदीप, संजीव यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# विचार-मंथन

## संपादकीय

## समान हित के सिद्धांतों पर आधारित हो अमेरिका संग समझौता

तेल खरीद को लेकर अमेरिका ने भारत पर जिस तरह की शर्तें थोपीं, रूस से तेल खरीदने पर शुल्क में बढ़ोतरी की जिद ठानी, उससे साफ था कि वह इस मसले पर अपनी मनमानी थोपना चाहता है। भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते के लिए वार्ता पिछले कई महीने से टुकड़ों में चलती रही है, लेकिन अब तक यह अंतिम स्वरूप में नहीं पहुंच सकी है। इसी क्रम में अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने अपने ताजा भारत दौरे में एक बार फिर कुछ नए संकेत दिए, जिसमें इस मसले पर कदम आगे बढ़ाए जाने की रूपरेखा बनती दिख रही है।हालांकि व्यापार वार्ता में अपने-अपने हित के मद्देनजर दोनों पक्षों की ओर से दबाव बनाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, लेकिन पिछले कुछ समय से अमेरिका ने एकतरफा तौर पर जिस तरह की कसौटियां तय करने की कोशिश की है, वह कई मायनों में भारत के लिए सहज स्वीकार्य नहीं रही हैं। यही वजह है कि अब तक इस समझौते का अंतिम स्वरूप सामने नहीं आ सका है।अब अमेरिका की ओर से रूबियो ने जिस तरह परस्पर हित सुनिश्चित किए जाने की बात की है, उससे इसमें सकारात्मक प्रगति की उम्मीद जगी है। गौरतलब है कि भारत के विदेश मंत्री के साथ व्यापक वार्ता के बाद रूबियो ने कहा कि यह व्यापार समझौता दोनों देशों के लिए 'लाभकारी' और 'टिकाऊ' होगा। साथ ही यह अमेरिका और भारत के पारस्परिक हितों को आगे बढ़ाएगा।निश्चित तौर पर अमेरिका की ओर से दिए गए ये संकेत बीते कुछ समय से आर्थिक मसले पर जारी तनाव के माहौल में नरमी लाने का जरिया हो सकते हैं, लेकिन यह देखने की बात होगी कि व्यापार समझौता अपने अंतिम रूप में 'परस्पर और समान हित' के सिद्धांत पर आधारित होता है या नहीं।यह छिपा नहीं है कि अमेरिका ने कुछ महीने पहले दूसरे देशों से आयात पर पच्चीस से लेकर पचास फीसद तक शुल्क लगा कर किस तरह के हालात पैदा करने की कोशिश की थी। उसके इस रुख की वजह से दुनिया भर में प्रकारांतर से व्यापार युद्ध जैसी स्थितियां पैदा हो गई थीं।खासतौर पर तेल खरीद को लेकर अमेरिका ने भारत पर जिस तरह की शर्तें थोपीं, रूस से तेल खरीदने पर शुल्क में बढ़ोतरी की जिद ठानी, उससे साफ था कि वह इस मसले पर अपनी मनमानी थोपना चाहता है। उसका यह रुख किसी भी तरह से 'परस्पर और समान हित' को सुनिश्चित किए जाने की मंशा के अनुकूल नहीं लगता।अभी भी अमेरिका यही संदेश दे रहा है कि भारत उससे जितना तेल खरीदना चाहता है, उतना देने के लिए वह तैयार है। सवाल है कि तेल के लिए अगर भारत की निर्भरता केवल अमेरिका पर बनती है, तो इसके नतीजे क्या होंगे? अमेरिका एक विकल्प जरूर हो सकता है, लेकिन अपनी ऊर्जा जरूरतों को सुरक्षित बनाए रखने के लिए जरूरी है कि भारत अपने लिए अन्य देशों के वैसे व्यापक और विश्वसनीय स्रोतों का रास्ता भी खुला रखे, जो ज्यादा बेहतर और सस्ते हों।पश्चिम एशिया में जारी तनाव की स्थिति और होर्मुज जलमार्ग से आपूर्ति शृंखला बाधित होने की वजह से गहराते संकट से सभी वाकिफ हैं। इसी को आधार बना कर आज सरकार तेल और गैस की कीमतों में लगातार इजाफा कर रही है और आम लोगों पर बोझ बढ़ता जा रहा है।अब नई परिस्थितियों में अगर भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता आगे बढ़ती है, तो यह ध्यान रखने की जरूरत होगी कि वह दोनों देशों के समान हित के सिद्धांतों पर आधारित हो। विदेश नीति के मामले में अमेरिका अगर खुद को प्राथमिकता देता है, तो यह उचित है, लेकिन इसके समांतर भारत के लिए भी अपने हित को सबसे महत्त्वपूर्ण मानना स्वाभाविक है।

*अन्यथा ऊँची उपलब्धियों और भव्य योजनाओं के बीच भी हमारे घरों के किसी कोने में बैठा एक उपेक्षित वृद्ध हमारी समस्त प्रगति पर मौन प्रश्नचिह्न बनकर खड़ा रहेगा। अंततः याद रखना होगा-विरासत संपत्ति नहीं, संस्कार होते हैं, विकास इमारतों से नहीं, रिश्तों से मापा जाता है और वह समाज कभी महान नहीं कहलाता जहाँ माता-पिता को अपने अधिकार के लिए अदालतों में खड़ा होना पड़े।*

# यह कैसा समाज है, जिसमें अदालतें समझाएं रिश्तों का धर्म

**(ललित गर्ग)**

आज की सबसे बड़ी चुनौती केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक निर्धनता की है। नई पीढ़ी का एक बड़ा वर्ग आत्मकेंद्रित होता जा रहा है। भौतिक उपलब्धियाँ, कैरियर, उपभोगवाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अवधारणाएँ जीवन के केंद्र में आ गई हैं। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, रिश्तों की ऊष्मा कम हो रही है और संवाद का स्थान डिजिटल माध्यम ले रहे हैं। किसी भी सभ्यता की वास्तविक पहचान उसकी ऊँची इमारतों, चमकती सड़कों, आर्थिक प्रगति या तकनीकी उपलब्धियों से नहीं होती, बल्कि इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों, माता-पिता और निर्बल वर्ग के प्रति कितना संवेदनशील है। लेकिन आज का सबसे पीड़ादायक प्रश्न यही है कि जिस भारत ने मातृ देवो भवः, पितृ देवो भवः का उद्घोष किया, जिस धरती से वसुधैव कुटुम्बकम् का विचार पूरी दुनिया में पहुँचा, उसी भूमि पर आज माता-पिता को अपने ही घर में सम्मान और आश्रय पाने के लिए अदालतों का दरवाजा खटखटाना पड़ रहा है। हाल के वर्षों में देश की अदालतों में ऐसे मामलों की संख्या बढ़ी है, जहाँ वृद्ध माता-पिता को अपने ही बच्चों से संरक्षण, भरण-पोषण, रहने की व्यवस्था और संपत्ति पर अधिकार के लिए न्यायिक हस्तक्षेप लेना पड़ा। कहीं बेटे को अदालत यह निर्देश दे रही है कि वह अपनी वृद्ध मां को घर में एक कमरा, अलग स्नानघर और बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराए, तो कहीं दुर्व्यवहार करने वाली संतान को माता-पिता की संपत्ति से बेदखल करने के आदेश दिए जा रहे हैं। यह केवल कानूनी घटनाएँ नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक और नैतिक पतन की वे चेतावनियाँ हैं जो भविष्य के भारत की तस्वीर पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा रही हैं। वास्तव में यह अत्यंत विडंबनापूर्ण है कि जिस मां ने नौ महीने गर्भ में रखकर संतान को जीवन दिया, जिसने अपना रक्त, ममता और त्याग देकर उसे पाला, उसी मां को अपने ही घर में रहने के लिए न्यायालय की शरण लेनी पड़े। जिस पिता ने अपने पसीने और परिश्रम से घर बनाया, बच्चों का भविष्य संवारा, वृद्धावस्था में उसी घर में उसके अधिकार के लिए अदालत को हस्तक्षेप करना पड़े, यह स्थिति केवल व्यक्तिगत कृतघ्नता नहीं, बल्कि सामाजिक संवेदनाओं के क्षरण का प्रमाण है। यह प्रश्न इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि आज भारत विकसित भारत 2047 की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आर्थिक विकास, डिजिटल क्रांति, स्मार्ट शहर, वैश्विक नेतृत्व और आत्मनिर्भरता की बातें हो रही हैं। लेकिन यदि घर के किसी कोने में बैठे वृद्ध माता-पिता अकेलेपन, उपेक्षा और अपमान का जीवन जी रहे हों, तो क्या यह विकास पूर्ण माना जा सकता है? यदि हमारे बुजुर्ग अपनी छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए भी दूसरों पर निर्भर और उपेक्षित हो जाएँ, तो हमारी सारी उपलब्धियाँ खोखली प्रतीत होती हैं। आज की सबसे बड़ी चुनौती केवल आर्थिक नहीं, बल्कि भावनात्मक निर्धनता की है। नई पीढ़ी का एक बड़ा वर्ग आत्मकेंद्रित होता जा रहा है। भौतिक उपलब्धियाँ, कैरियर, उपभोगवाद और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की अवधारणाएँ जीवन के केंद्र में आ गई हैं। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, रिश्तों की ऊष्मा कम हो रही है और संवाद का स्थान डिजिटल माध्यम ले रहे हैं। परिणामतः बुजुर्गों का जीवन अकेलेपन, अवसाद और असुरक्षा का पर्याय बनता जा रहा है। यह सच है कि महानगरीय जीवन की अपनी कठिनाइयाँ हैं। रोजगार, समयाभाव, आर्थिक दबाव और बदलती जीवनशैली ने नई पीढ़ी की चुनौतियाँ बढ़ाई हैं। लेकिन इन कठिनाइयों के बावजूद माता-पिता के प्रति दायित्व समाप्त नहीं हो सकते। भारतीय संस्कृति में माता-पिता की सेवा केवल सामाजिक परंपरा नहीं, बल्कि जीवन-मूल्य रही है। श्रवण कुमार का आदर्श केवल कथा नहीं, बल्कि भारतीय चेतना का हिस्सा है। दुर्भाग्य यह है कि आज संपत्ति और स्वार्थ ने अनेक संबंधों को प्रभावित किया है। अखबारों में आए दिन ऐसे समाचार दिखाई देते हैं जिनमें संपत्ति के लिए माता-पिता को प्रताड़ित किया जाता है, घर से निकाला जाता है, मानसिक यातना दी जाती है या उनकी उपेक्षा की जाती है। अनेक वृद्धाश्रम ऐसे माता-पिता से भरे पड़े हैं जिनकी सबसे बड़ी गलती केवल यह थी कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी बच्चों के लिए समर्पित कर दी। यदि यह प्रवृत्ति यूँ ही बढ़ती रही तो भारत भी उस दिशा में बढ़ सकता है जहाँ पश्चिमी देशों की तरह माता-पिता और संतान के संबंध केवल कानूनी और औपचारिक होकर रह जाएँ। पश्चिमी समाज में अनेक माता-पिता प्रारंभ से ही बच्चों को आत्मनिर्भर बना देते हैं क्योंकि वे भविष्य में उनसे देखभाल की अपेक्षा नहीं रखते। लेकिन भारतीय समाज का आधार इससे भिन्न रहा है। यहाँ परिवार केवल जैविक इकाई नहीं, बल्कि भावनात्मक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संस्था रहा है। यह भी स्मरणीय है कि देश में वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, 2007 जैसे कानून बनाए गए हैं ताकि वृद्ध माता-पिता के अधिकारों की रक्षा हो सके। न्यायालयों ने अनेक अवसरों पर माता-पिता के संपत्ति अधिकारों को सुरक्षित रखा है और दुर्व्यवहार करने वाली संतानों के विरुद्ध कठोर टिप्पणियाँ भी की हैं। लेकिन कानून केवल सुरक्षा दे सकता है, संवेदना नहीं। अदालतें कमरे दिला सकती हैं, सम्मान नहीं, भरण-पोषण का आदेश दे सकती हैं, लेकिन ममता और अपनत्व नहीं लौटा सकतीं। यही कारण है कि समाधान केवल कानूनी नहीं, सामाजिक और सांस्कृतिक होना चाहिए। परिवारों में संस्कारों की पुनर्स्थापना आवश्यक है। बच्चों को केवल उच्च शिक्षा और आधुनिक सुविधाएँ देना पर्याप्त नहीं, बल्कि उन्हें मानवीय मूल्य भी देना होंगे। विद्यालयों, धार्मिक संस्थाओं और सामाजिक संगठनों को परिवार, सेवा, कृतज्ञता और बुजुर्ग सम्मान जैसे विषयों पर गंभीर पहल करनी चाहिए। आज आवश्यकता है कि विकसित भारत 2047 की अवधारणा में वृद्ध सम्मान को भी एक महत्वपूर्ण सूचक बनाया जाए। जिस देश में बुजुर्ग सुरक्षित, सम्मानित और संतुष्ट होंगे, वही वास्तव में विकसित कहा जा सकेगा। हमें ऐसी नीतियाँ बनानी होंगी जिनमें वृद्धजन कल्याण, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा और भावनात्मक सहयोग को प्राथमिकता मिले। साथ ही परिवारों को यह समझना होगा कि माता-पिता केवल जिम्मेदारी नहीं, हमारी जड़ें हैं। जिस वृक्ष की जड़ें सूख जाएँ, उसकी शाखाएँ अधिक समय तक हरी नहीं रह सकतीं। माता-पिता की उपेक्षा केवल एक व्यक्ति की नहीं, पूरी पीढ़ी की नैतिक पराजय है। यह भी विचारणीय है कि जो संतान आज अपने माता-पिता के साथ व्यवहार कर रही है, वही व्यवहार भविष्य में उसके हिस्से भी आ सकता है। बच्चे केवल उपदेश से नहीं, व्यवहार से सीखते हैं। यदि वे अपने माता-पिता को बुजुर्गों की उपेक्षा करते देखेंगे तो वही संस्कार आगे बढ़ेंगे। आज आवश्यकता अदालतों के आदेशों से अधिक अंतःकरण के जागरण की है। यह समय आत्ममंथन का है कि क्या हम तकनीकी रूप से आधुनिक होते-होते मानवीय रूप से निर्धन होते जा रहे हैं? भारत की पहचान उसकी संवेदनशीलता रही है। यदि हम इस संवेदनशीलता को बचा सके।

# जनजातीय धर्मभक्ति की ज्वाला से बढ़ा दिल्ली का तापमान

**(तरुण विजय)**

प्रसिद्द जनजातीय नेता, विचारक एंड राजनीति के धुरंधर गनेश राम भगत ने तो पूरे समागम को एक प्रकार से मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे रक्त में भगवान राम का रक्त है, हम भगवान राम के वंशज हैं। भगवान राम के लिए हमने रावण का हनन किया था और उस को परास्त किया था। लाल किले के प्राचीर से भारत वर्ष के कोने कोने से आये लाखों जनजातीय समाज के लोगों ने अपने धर्म, संस्कृति की रक्षा, हेतु जो हुंकार भरी उसकी अनुगूंज वर्षों वर्षों तक कायम रहेगी। सर्वाधिक मंत्रमुग्ध करने वाला प्रभावशाली विचारोत्तेजक सम्बोधन था भारत के गृहमंत्री अमित शाह का जिन्होंने निर्भीक स्पष्टता से भारतीय जनजातीय समाज की धर्मरक्षा, संस्कृतिरक्षा की बात की। वह अभूतपूर्व और असाधारण बात थी और उन्होंने लाखों जनजातीय बंधुओं-बहनों को एक प्रकार से रोमांचित कर दिया। उनके यह शब्द वर्षों तक याद किए जाएंगे कि भगवान बिरसा मुंडा को तो मैंने नहीं देखा लेकिन आज जो यहाँ जनजातीय समाज का सागर उमड़ पड़ा है मैं उन में बिरसा मुंडा के दर्शन कर रहा हूँ और यह जनजातीय सांस्कृतिक समागम बिरसा मुंडा के उलगुलान (परिवर्तन हेतु जन क्रांति) के बाद का पहला समागम है। भारत के इतिहास में ऐसा पहले कभी भी कोई धर्मरक्षा संस्कृतिरक्षा का समागम नहीं हुआ। इन शब्दों ने जो साहस दिया, जनजातियों का जो मनोबल बढ़ाया उसकी कोई तुलना नहीं है। यह समागम एक प्रकार से जनजातीय वहाँ महा कुंभ था जिसमें सात सौ से अधिक जनजातियों के लोग आए जो जैसलमेर से लेकर लद्दाख, तवांग अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, असम, त्रिपुरा से लेकर अंडमान निकोबार, बंगाल, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, तेलंगाना, केरल झारखंड से, छत्तीसगढ़- सब जगह से। ऐसा देश ने कभी देखा नहीं और दिल्ली के सद्भावी नागरिकों ने अपने घर के दरवाजे खोल दिए और हर घर में इन जनजातीय भाई-बहनों को रुकवाया गया। उनकी सेवा की, उनको भोजन, पानी दिया उनको स्टेशन से लाए और छोड़ने गए। ऐसा दिल्ली ने कभी दृश्य देखा नहीं। दिल्ली का ह्दय कितना बड़ा है वह इस समागम के आतिथ्य से पता चला। दिल्ली के राष्ट्रवादी कार्यकर्ताओं ने इस जनजातीय बंधू बहनों का इतना सुंदर सत्कार किया कि उसको व्यक्त करना संभव नहीं है। जो भी जनजातीय समाज छोड़कर ईसाई बनता है, कन्वर्टेड होता है उसको जनजातीय समाज की सूची यानी शेड्यूल ट्राइब सूची से बहार निकल कर मूल जनजातियों को बचाइए क्योंकि धर्मान्तरण करने वाला जनजातीय रह ही नहीं जाता है। जनजाति समाज के वरिष्ठ इंजीनीयर, पद्मश्री से अलंकृत अरुणाचल के प्रसिद्द वैचारिक अग्रणी तिची गुबिन ने कहा कि वहाँ अरुणाचल क्रिस्चियन फोरम है। उसके नेताओं ने खुले आम सोशल मीडिया पर धमकी दी है कि वे पूरे अरुणाचल को ईसाई लैंड बनाएंगे, क्रिस्चियन लैंड बनाएंगे। गुबिन ने मांग की है कि हमारे धर्म की रक्षा की जाए और जो भी हमारे समाज को छोड़कर ईसाई होता है उसको शिड्यूल ट्राइब की लिस्ट से डीलिस्ट किया जाए। प्रसिद्द जनजातीय नेता, विचारक एंड राजनीति के धुरंधर गनेश राम भगत ने तो पूरे समागम को एक प्रकार से मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारे रक्त में भगवान राम का रक्त है, हम भगवान राम के वंशज हैं। भगवान राम के लिए हमने रावण का हनन किया था।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 6107

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 6106

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## वर्ग पहेली 6107




**संकेत: बाएं से दाएं**
1. 1914 को इस विश्व प्रसिद्ध गजल और ठुमरी, दादरा आदि की गायिका ने जन्म लिया था, इनका मूल नाम अख्तरी बाई फैजाबादी था, इन्हें मल्लिका-ए-गजल के खिताब से नवाजा गया था (निधन 30 अक्टूबर 1974) (6)
7. अज्ञात, अप्रसिद्ध, किसे कोई न जानता हो (4)
8. जाकिर हुसैन का नाम इस वाद्य के साथ जुड़ा है (3)
9. शरीर का एक संवेदी अंग, नासिका, घ्राणेन्द्रिय (2)
10. याद करने के लिए बारंबार पढ़ना (3)
11. कंधा, स्कंध, जुलाहों की कूंची (2)
12. हाथी को यह भी कहते है (2)
14. हलफ, कसम, सौगंध (3)
15. रिश्ता, संबंध (2)
17. पदवी, दर्जा, पोस्ट, पद (3)
19. लब्ध करना, प्राप्त करना (2)
20. शक्तिहीनता, अशक्तता, क्षीणता (4)
22. बुंदेलखंड का प्रसिद्ध लोकनृत्य (2)
23. दस्ता, ब्रिगेड, उर्दू का एक अक्षर (2)
24. वह जो किया जाए (2)

**ऊपर से नीचे**
1. निर्दोष, बेकसूर, निष्पापा (4)
2. सुगंध, खुशबू, महक (3)
3. वर्जित किया हुआ, निषिद्ध (2)
4. हिंदूओं का प्रसिद्ध तीर्थस्थल जहां बर्फ के शिवलिंग का दार्शन होता है (5)
5. कुल लाल सुखी लिए हुए (4)
6. किसी वी.वी.आई.पी. के आने पर तोपों का फेर (3)
11. स्याह जुबान, बदजबान, शाप देने वाला (4)
13. अभिनेता नसीरूद्दीन शाह की दिवंगत अभिनेत्री सास (5)
14. नफीरी, एक मंगल वाद्य (4)
16. कोई चुटीली बात, कटाक्ष, कटुवचन (2)
18. वह बाल जिसका पिता मर गया हो, अनाथ (3)
21. फन, सोम (चंद्र) का सोलहवां अंश, आर्ट, सूर्य का बारहवां हिस्सा, हुनर (2)

### वर्ग पहेली 6106 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| फि | जी | | ग | या | ना | | |
| रा | त | | ल | र | ज | ना | |
| क | ना | ग | त | | | ना | ता |
| गो | | म | फ | ल | र | | न |
| र | क्षा | | ह | स्त | | पा | ना |
| ख | | र | मी | | हॉ | की | |
| पु | ष्प | क | | आ | | जा | वा |
| री | | मी | जा | न | | | दी |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन वित्तीय योजना और व्यावहारिक निर्णय लेने के लिए बहुत अच्छा है। आपका ध्यान मुख्य रूप से निवेश, बचत या पुराने रुके हुए पैसों से जुड़े मामलों को सुलझाने पर रहेगा। किसी भी तरह के जोखिम भरे निवेश और भावुकता में आकर किए जाने वाले खर्चों से बचें। सावधानीपूर्वक की गई प्लानिंग ही आपकी वित्तीय स्थिरता बनाए रखेगी।

### वृष
आज वित्तीय योजना और व्यावहारिक निर्णय लेने में आपकी मदद करेगी। इस समय आपका पूरा ध्यान बचत और पारिवारिक खर्चों पर रहेगा। ग्यारहवें भाव में राहु बैठे हैं, जो आपको पेशेवर संपर्कों या सामाजिक दायरे के माध्यम से अच्छा लाभ करा सकते हैं। भावुकता में आकर खर्च करने या जोखिम भरे निवेश से पूरी तरह दूर रहें।

### कर्क
आज आपको संयुक्त धन, निवेश या पुराने अटके हुए वित्तीय मामलों को बहुत सावधानी से संभालने की जरूरत है। आपकी सुख-सुविधाओं और भावनात्मक जरूरतों पर खर्चों को बढ़ा सकता है। आपको कार्यस्थल पर आने वाले दबाव और चुनौतियों को पूरी दृढ़ता के साथ संभालने की शक्ति देगी। आपका मानसिक तनाव बढ़ता है।

### सिंह
आज टीम वर्क के माध्यम से आपको अच्छा धन लाभ और नए अवसर दिला सकता है। छठे भाव में सूर्यदेव और बुधदेव की उपस्थिति पैसों से जुड़े व्यावहारिक निर्णय लेने और काम के सिलसिले में स्थिरता लाने में मददगार होगी। आज आपको भावुकता में आकर पैसे खर्च करने या किसी भी तरह के जोखिम भरे निवेश से बचना चाहिए।

### मिथुन
आपके आर्थिक विकास का समर्थन कर रहे हैं। आज पैसों के मामले में जल्दबाजी में कोई भी बड़ा फैसला लेने या अनावश्यक खर्चों से आपको बचना चाहिए। व्यावहारिक रूप से बनाई गई योजना और अनुशासित तरीके से किया गया खर्च ही आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाए रखेगा।

### कन्या
आज आपको पैसों के मामलों में अनुशासन और वित्तीय स्थिरता बनाए रखने की प्रेरणा देंगे। वित्तीय योजनाएं बनाने और समझदारी भरे निर्णय लेने में आपका पूरा सहयोग करेगा। आज जल्दबाजी में आकर कहीं भी पैसा खर्च न करें और न ही कोई जोखिम भरा निवेश करें।

### तुला
आज पेशेवर संपर्कों के माध्यम से धन लाभ के अच्छे संकेत दे रही है। आपकी अपनी राशि में बृहस्पतिदेव बैठे हैं, जो आपके आत्मविश्वास को बढ़ाएंगे और आर्थिक योजनाओं में तरक्की के अवसर देंगे। हालांकि, वृषभ राशि और बारहवें भाव में सूर्यदेव और बुधदेव की युति आपको फालतू के खर्चों पर नियंत्रण रखने की सलाह देती है।

### वृश्चिक
आज आपको आर्थिक लाभ हो सकता है। आपको पैसों से जुड़ा कोई भी जोखिम भरा फैसला लेने से बचना चाहिए। सुख-सुविधाओं या पारिवारिक मामलों पर आपका खर्च बढ़ा सकती है। सीनियर्स और सहकर्मियों के साथ आपकी बातचीत को बहुत आसान और प्रभावी बनाएगी। टीम के साथ मिलकर काम करने से आज आपको कुछ बेहद उपयोगी अवसर मिल सकते हैं।

### मकर
आज पारिवारिक माध्यम से अच्छे धन लाभ का संकेत दे रही है। करियर में तरक्की से जुड़े नए और बेहतरीन अवसर ला सकती है। आठवें भाव में शनिदेव बैठे हैं, इसलिए आज के दिन किसी भी प्रकार के जोखिम भरे निवेश से पूरी तरह दूर रहें। व्यावहारिक योजना बनाकर चलने से आपका वित्तीय संतुलन ठीक रहेगा। आपका आत्मविश्वास बहुत बढ़ा हुआ रहेगा।

### कुंभ
आज आपका पूरा ध्यान वित्तीय सुरक्षा, बचत और संयुक्त संसाधनों के सही मैनेजमेंट पर रहने वाला है। दूसरे भाव में मंगलदेव बैठे हैं, जो यह संकेत देते हैं कि आपको जल्दबाजी या गुस्से में आकर कहीं भी पैसा खर्च करने से बचना चाहिए। इस दौरान पैसों को लेकर किसी के साथ आपकी बहस भी हो सकती है, इसलिए संयम रखें। सोच-समझकर लिए गए निर्णय आज आपकी आर्थिक स्थिति को स्थिर बनाएंगे।

### धनु
आज आपकी आर्थिक स्थिरता और स्मार्ट प्लानिंग को मजबूत सहारा देंगे। दसवें भाव में राहु की स्थिति करियर में उन्नति या नए पेशेवर अवसरों के माध्यम से अच्छा लाभ दिला सकती है। आपके अनावश्यक खर्च बढ़ सकते हैं। आज जल्दबाजी में आकर कहीं भी पैसा खर्च करने से बचें। सोच-समझकर लिए गए।

### मीन
आज आपका पूरा ध्यान बचत बढ़ाने और आर्थिक स्थिरता हासिल करने पर रहेगा। पेशेवर प्रयासों और करियर के माध्यम से अच्छे लाभ के संकेत दे रही है। छठे भाव में राहु की उपस्थिति आपको वित्तीय कंपटीशन या पुराने रुके हुए मामलों से बाहर निकालने में मदद करेगी। आज आपको जोखिम भरे निवेश या जल्दबाजी में खर्च करने से बचना चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा सोमांक प्रिंटर्स, बी-17 और बी-18 (भाग), ग्रोथ सेंटर जसोइया, औरंगाबाद, बिहार - 824101 में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, समाचार संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# आईपीएल में स्मार्ट चश्मों के इस्तेमाल पर लगी रोक

## बीसीसीआई ने सुरक्षा और भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के लिए बताया खतरा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीएसयू) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों द्वारा स्मार्ट चश्मों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। बोर्ड ने इन चश्मों में मौजूद उन्नत संचार सुविधाओं को सुरक्षा और भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के लिए खतरा बताया है। बीसीसीआई एसीएसयू ने सभी फ्रेंचाइजी को जारी एक परामर्श में कहा कि कुछ कंपनियां खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को स्मार्ट चश्मे बेच रही हैं।

बीसीसीआई ने कहा, इन उपकरणों में लाइव स्ट्रीमिंग, टेक्स्ट संदेश भेजने और प्राप्त करने के साथ-साथ मोबाइल डेटा या वाई-फाई के जरिए ऑडियो और वीडियो कॉलिंग जैसी उन्नत संचार सुविधाएं उपलब्ध हैं। पीएमओए (खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों का क्षेत्र) के न्यूनतम मानकों के तहत ऐसे स्मार्ट चश्मों को ऑडियो/वीडियो रिकॉर्डिंग उपकरण और संचार उपकरण दोनों श्रेणियों में रखा गया है। इसी कारण पीएमओए क्षेत्र में इन्हें रखने या इस्तेमाल करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

### जब सिर्फ 3 साल के थे वैभव सूर्यवंशी

## उसी वक्त हो गई थी 97 रन की भविष्यवाणी, आर्चर का 12 साल पुराना पोस्ट वायरल



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के स्टार पेसर और राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की पहले भी कई पुरानी पोस्ट वायरल होती रही हैं। उनकी पुरानी पोस्ट को अक्सर वर्तमान में होने वाली घटनाओं से जोड़ा जाता है। कई लोगों का मानना है कि आर्चर की यह भविष्यवाणी हैं। ऐसा ही एक पोस्ट गुरुवार (28 मई 2026) को सामने आया है। इस पोस्ट में आर्चर ने 97 लिखा था। अब इसको बुधवार को वैभव द्वारा आईपीएल 2026 के एलिमिनेटर में खेली गई 97 रन की पारी से जोड़ा जा रहा है।

**आर्चर का 12 साल पुराना ट्वीट वायरल-** जोफ्रा आर्चर के इस पुराने ट्वीट को राजस्थान रॉयल्स की फ्रेंचाइजी ने खुद अपने एक्स हैंडल पर शेयर किया है। यह पोस्ट अगस्त 2014 का है। इसमें आर्चर ने 97 लिखा है और उसके बाद प्रश्न चिन्ह लगाते हुए फायर का इमोजी लगाया है। इसका कनेक्शन अब वैभव सूर्यवंशी की 29 गेंद पर खेली गई 97 रन की पारी से जोड़ा जा रहा है। कई लोग इस पर एक से बढ़कर एक कमेंट कर रहे हैं। कोई उन्हें फ्यूचर प्रेडिक्टर कह रहा है तो कोई उन्हें टाइम ट्रैवलर बता रहा है। जोफ्रा आर्चर ने जब यह पोस्ट किया था, उस वक्त वैभव सूर्यवंशी महज 3 साल के रहे होंगे। यानी 97 क्यों उन्होंने पोस्ट किया था, यह एक बहुत बड़ी गुत्थी है। इससे पहले भी अक्सर कई होने वाली घटनाओं से जुड़े उनके पुराने ट्वीट वायरल होते रहे हैं। फिलहाल यह सब सोशल मीडिया पर वायरल बाते हैं, लेकिन आर्चर ने कभी इस पर खुलकर कुछ नहीं कहा।

# सिंधू और लक्ष्य सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे, प्रणय बाहर



**सिंगापुर (एजेंसी)।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन ने बृहस्पतिवार को यहां सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अलग अलग अंदाज में जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि एचएस प्रणय कई गलतियों की वजह से बाहर हो गए। सिंधू ने 37 मिनट के भीतर जापान की रिको गुंजी को 21-9, 21-12 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरिया की आन से यंग से होगा। सिंधू कभी भी ओलंपिक चैंपियन को हरा नहीं सकी हैं और आठ बार पराजित हो चुकी हैं। पिछली हार पिछले साल चाइना ओपन में मिली थी। अमरोहा के लक्ष्य ने भी क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है क्योंकि दूसरे वरीय कुनलावुत विदितसर्ण ने महज दो अंक के बाद पीठ की समस्या के कारण रिटायर होने का फैसला किया। अब 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य का सामना जापान के कोकी वातानाबे से होगा। पुरूष युगल में चौथी वरीयता प्राप्त सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कड़े मुकाबले में चीनी ताइपै के ली झि हुइ और यांग पो सुआन को एक घंटे तक चले मुकाबले में 21-15, 11-21, 21-18 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

# आईपीएल 2026 का फाइनल देखने के लिए चुकानी होगी भारी कीमत

### ● फ्लाइट्स और होटलों के किराए में बढ़ोतरी



**अहमदाबाद (एजेंसी)।** रविवार को अहमदाबाद में होने वाला आईपीएल 2026 का फाइनल मैच यात्रा को लेकर वैसा ही जबरदस्त उत्साह पैदा कर रहा है, जैसा आम तौर पर लंबे वीकेंड, शादियों और आईफोन की सेल के दौरान देखने को मिलता है। फाइनल से कुछ दिन पहले ही मैच के लगभग सभी टिकट बिक चुके हैं। वहीं होटल की बुकिंग और हवाई किराए में भी भारी उछाल आया है क्योंकि फैन्स 1,32,000 लोगों की क्षमता वाले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपनी जगह पक्की करने की होड़ में लगे हैं।

**हवाई किराया तीन से चार गुणा -** ट्रैवल इंडस्ट्री के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली-अहमदाबाद और बेंगलुरु-अहमदाबाद जैसे मुख्य रूटों पर हवाई किराए दोगुने हो गए हैं। एक ट्रैवल सर्विसेज की मानें तो मैच के समय के आस-पास की फ्लाइट्स में प्रीमियम इकॉनमी और बिजनेस क्लास की सीटें कई रूटों पर पहले ही बिक चुकी हैं। उन्होंने कहा, बेंगलुरु से कुछ फ्लाइट्स का एक तरफ का किराया 22,800 रुपए से भी ज़्यादा हो गया है, जबकि आम तौर पर यह 6,000 से 8,000 रुपए के बीच रहता है। इससे एक बार फिर यह साबित हो गया है कि आईपीएल का फाइनल मैच एयरलाइंस को भी आक्रामक खेल दिखाने पर मजबूर कर सकते हैं।

**होटलों में भी भारी मांग, किराया भी बढ़ा -** अहमदाबाद और गांधीनगर के होटलों में भी भारी मांग देखने को मिल रही है। गांधीनगर स्थित द लीला होटल के जनरल मैनेजर विकास सूद ने एक समाचार पत्र को बताया कि होटल उन मेहमानों के लिए ट्रांसपोर्ट की सुविधा देगा, जो स्टेडियम जाना चाहते हैं। स्टेडियम होटल से लगभग 20 मिनट की दूरी पर है। इस होटल में कमरों का किराया लगभग 14,000 रुपए प्रति रात से शुरू होता है। अहमदाबाद के द फोरम होटल के वाइस प्रेसिडेंट (ऑपरेशंस) विकास खज़ांची ने बताया कि उनका होटल डायनामिक प्राइसिंग (मांग के हिसाब से कीमत तय करना) का तरीका अपना रहा है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि कीमतों में बढ़ोतरी एक %वाजिब दायरे के अंदर ही रहेगी। होटल के कमरों का किराया जो आम तौर पर 6,000 से 16,000 रुपए (टैक्स के अलावा) के बीच रहता है, भारी मांग के चलते बढ़ गया है। अधिकारियों ने बताया कि फाइनल मैच से दो दिन पहले ही गांधीनगर स्थित द लीला के लगभग 85त्न कमरे और द फोरम होटल के लगभग 50 प्रतिशत कमरे बुक हो चुके थे। द प्राइड ग्रुप ऑफ होटल्स के एसोसिएट वाइस-प्रेसिडेंट कौस्तुव मुखर्जी ने कहा कि मांग जबरदस्त रही है, खासकर स्टेडियम के पास की प्रॉपर्टीज़ में।

### फीफा विश्व कप

### वार्म-अप मैचों से हुए बाहर

# नेमार का पहला मैच खेलना संदिग्ध





**नई दिल्ली।** फीफा विश्व कप 2026 में करिश्मा करने की तैयारी कर रही ब्राजील की उम्मीदों को तगड़ा झटका लगा है। टीम के स्टार फॉरवर्ड नेमार का विश्व कप के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है। नेमार वार्म-अप मैचों से भी बाहर हो गए हैं। ब्राजील को रविवार को ब्रासीलिया में पनामा के खिलाफ मैच खेलना है। इसके बाद ब्राजील 5 जून को मिस्र के खिलाफ अपना दूसरा वार्म-अप मैच खेलेगी। इन दोनों मैचों में नेमार के खेलने की संभावना नहीं है। ब्राजीलियन फुटबॉल कॉन्फेडरेशन (सीबीएफ) ने बताया, 'बुधवार को नेशनल कैंप में शामिल हुए नेमार विश्व कप के पहले ट्रेनिंग सेशन में हिस्सा नहीं ले पाए। उन्हें अपनी चोटिल दाहिनी पिंडली के लिए और मेडिकल जांच करवानी पड़ी। '

नेमार के स्कैन से ग्रेड 2 की पिंडली की चोट की पुष्टि हुई है। सीबीएफ के मेडिकल विभाग के अनुसार, 'यह वही चोट है जिसने इस फॉरवर्ड खिलाड़ी को 17 मई से खेल से दूर रखा हुआ है। 17 मई को ही उन्होंने आखिरी बार ब्राजील की नेशनल लीग में सैंटोस की ओर से खेलते हुए कोरीटिबा के खिलाफ मैच खेला था। इस मैच में सैंटोस को हार का सामना करना पड़ा था। ' सीबीएफ के डॉक्टर रोड्रिगो लास्मार ने स्थानीय मीडिया को बताया कि इस अनुभवी फॉरवर्ड खिलाड़ी को ठीक होने में लगभग दो से तीन सप्ताह लगेंगे। इससे विश्व कप में उनके खेलने की उम्मीदें बहुत कम रह गई हैं। नेमार बुधवार को कैंप में पहुंचे और रियो डी जनेरियो के बाहर टेरेसोपोलिस में स्थित पांच बार के वर्ल्ड चैंपियन ब्राजील के ट्रेनिंग सेंटर में बाकी टीम के साथ शामिल हुए। अंतिम मेडिकल जांच के नतीजों का इंतजार है, लेकिन ऐसा बहुत कम ही लगता है कि नेमार इस रविवार को ब्रासीलिया में पनामा के खिलाफ होने वाले विश्व कप से पहले ब्राजील के पहले वार्म-अप मैच में खेल पाएंगे।

ईएसपीएन ब्राजील ने बुधवार को बताया कि मंगलवार को विला बेलमिरो में कोपा सुदामेरिकाना के एक मैच में सैंटोस को डेपोर्टिवो कुएन्का के खिलाफ 3-0 से जीतते देखने के बाद, नेमार ने वर्ल्ड कप में अपनी उपलब्धता को लेकर जताई जा रही चिंताओं को ज्यादा तवज्जो नहीं दी।

बता दें कि ब्राजील के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले नेमार का करियर पिछले 2 साल से इंजरी की वजह से बुरी तरह प्रभावित है।

# फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए अर्जेंटीना की टीम का ऐलान

### पिछला खिताब जीतने वाली टीम के 17 प्लेयर्स को जगह, मेसी कप्तानी करेंगे



**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी)।** फुटबॉल वर्ल्ड कप के लिए अर्जेंटीना की 26 सदस्यीय टीम घोषित कर दी गई। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने गुरुवार को स्क्वॉड का ऐलान किया। 39 साल के होने जा रहे लियोनेल मेसी टीम की कप्तानी करेंगे। यह उनका छठा वर्ल्ड कप होगा। इससे पहले वे 2006, 2010, 2014, 2018 और 2022 वर्ल्ड कप खेल चुके हैं।कोच लियोनेल स्कालोनी ने खिलाड़ियों की इंजरी पर कहा- 'ज्यादातर खिलाड़ी टूर्नामेंट तक फिट हो जाएंगे।' स्क्वॉड में 17 खिलाड़ी 2022 कतर वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम के हैं। अर्जेंटीना ने फाइनल में फ्रांस को हराकर तीसरी बार विश्व खिताब जीता था।अर्जेंटीना ने 2022 में फ्रांस को फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराकर वर्ल्ड कप जीता था।

**मेसी की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव -** टीम चयन से पहले कई खिलाड़ियों की फिटनेस चिंता का विषय थी। मेसी बाएं हैमस्ट्रिंग में खिंचाव से जूझ रहे हैं। इसी कारण वे इंटर मियामी का पिछला मैच पूरा नहीं खेल पाए थे। गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज की उंगली में फ्रैक्चर हुआ था। क्रिस्टियन रोमेरो, नहुएल मोलिना और गोंजालो मोंटियल भी चोट से उबर रहे हैं, लेकिन उन्हें स्क्वॉड में शामिल किया गया है।

### अर्जेंटीना टीम

**गोलकीपर्स-** एमिलियानो मार्टिनेज, जेरोनिमो रूली, जुआन मुस्सो।

**डिफेंडर्स-** गोंजालो मोंटियल, नहुएल मोलिना, लिसांद्रो मार्टिनेज, निकोलस ओटामेंडी, लियोनार्डो बालेरडी, क्रिस्टियन रोमेरो, निकोलस टैग्लियाफिको, फाकुंडो मेडिना।

**मिडफील्डर्स-** जियोवानी लो सेल्सो, लिएंड्रो परेडेस, रोड्रिगो डी पॉल, एक्सेकियल पलासियोस, एंजो फर्नांडीज, एलेक्सिस मैक एलिस्टर, वैलेंटिन बार्को।

**फॉरवर्ड-** लियोनल मेसी, निकोलस गोंजालेज, गिउलियानो सिमेओने, लाउतारो मार्टिनेज, जोस मैनुएल लोपेज, जूलियन अल्वारेज, थियागो अल्माडा और निको पाज।

# अर्जेंटीना ने फीफा विश्व कप के लिए टीम की घोषणा की, मेसी छठी बार लेगें हिस्सा

**ब्यूनस आयर्स (एजेंसी)।** अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने लगातार बढ़ती चोटों की चिंताओं के बीच स्पष्ट किया है कि कप्तान लियोनेल मेसी सहित ज्यादातर मौजूदा विश्व चैंपियन खिलाड़ी 2026 फीफा विश्व कप के लिए टीम का हिस्सा होंगे। अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार विश्व खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगा। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने 26 सदस्यीय विश्व कप टीम की घोषणा की, जिसमें 39 वर्ष के होने जा रहे लियोनेल मेसी सबसे बड़े आकर्षण हैं। इस टीम में 17 ऐसे खिलाड़ी है जिन्होंने चार वर्ष पहले कतर में फ्रांस को हराकर अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाया था। टीम घोषित होने से पहले कई खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ था। खुद मेसी भी चोट से जूझ रहे हैं। इसी कारण वह पिछले रविवार इंटर मियामी के मैच को पूरा नहीं खेल सके थे। मेसी अपने करियर का छठा विश्व कप खेलने जा रहे हैं। इससे पहले वह 2006 में जर्मनी, 2010 में दक्षिण अफ्रीका, 2014 में ब्राजील, 2018 में रूस और 2022 में कतर विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं। टीम के प्रमुख गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को भी मौका दिया गया है। पिछले सप्ताह यूरोपा लीग फाइनल के दौरान उनकी दाहिने हाथ की अनामिका में फ्रैक्चर हो गया था। कोच स्कालोनी ने चोटिल डिफेंडर क्रिस्टियन रोमेरो को भी टीम में रखा है। इसके अलावा नाहुएल मोलिना और गोंजालो मोंटियल भी चोट से उबर रहे हैं।

# एएफसी अंडर-20 एशियन कप 2027 क्वालीफायर्स में भारत का मुकाबला उज्बेकिस्तान

### सीरिया और बांग्लादेश से होगा

**कुआलालंपुर।** भारत की अंडर-20 पुरुष टीम को एशियन कप 2027 क्वालीफायर्स के ग्रुप बी में रखा गया है। भारतीय टीम उज्बेकिस्तान, सीरिया और बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। इसकी घोषणा एफसी हाउस में हुए ड्रॉ के बाद की गई। उज्बेकिस्तान 25 अगस्त से 6 सितंबर, 2026 के बीच अपनी राजधानी



ताशकंद में एक सेंट्रलाइज्ड एकल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में ग्रुप बी की मेजबानी करेगा। इस साल की शुरुआत में घोषित एएफसी युवा प्रतियोगिताओं के नए फॉर्मेट के अनुसार, एएफसी अंडर-20 एशियन कप क्वालीफायर्स में एक दो-चरण वाली प्रणाली शुरू की गई है, जिसमें प्रमोशन और रेलिगेशन का तंत्र शामिल है। क्वालिफिकेशन चरण में, 32 टीमों को चार-चार टीमों के आठ ग्रुप में बांटा गया है। इनमें से ग्रुप विजेता और सात सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एएफसी अंडर-20 एशियन कप के 43वें संस्करण के लिए आगे बढ़ेंगी। वहीं, प्रत्येक ग्रुप की सबसे नीचे रहने वाली टीम को अगले संस्करण के डेवलपमेंट चरण में भेज दिया जाएगा। आगामी क्वालीफायर्स के डेवलपमेंट चरण के लिए, 12 टीमों को चार-चार टीमों के तीन ग्रुप में बांटा गया है। इनमें से तीन ग्रुप विजेता और प्रत्येक ग्रुप की दूसरे स्थान पर रहने वाली तीन टीमों को अगले संस्करण के क्वालिफिकेशन चरण में प्रमोट किया जाएगा। टीमों का वरीयता क्रम पिछले तीन संस्करणों (2018, 2023, 2025) में उनके प्रदर्शन और प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों की संख्या के आधार पर तय किया गया था। 20वें स्थान पर मौजूद भारत को क्वालिफिकेशन चरण में पॉट 3 में रखा गया था।

भारत का लक्ष्य 2006 के बाद पहली बार एएफसी अंडर-20 एशियन कप के लिए क्वालीफाई करना होगा। 2006 में भारत ने ही इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। इस टूर्नामेंट में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में ईरान के साथ संयुक्त विजेता बनना रहा है।

पिछले संस्करण (2025) में, भारतीय टीम गोल अंतर के आधार पर क्वालीफाई करने से मामूली अंतर से चूक गई थी।

# हार्दिक की कप्तानी जाना तय

### मुंबई इंडियंस से हो सकती है छुट्टी, सीनियर खिलाड़ियों से कोचिंग स्टाफ नाराज





**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 में मुंबई इंडियंस ने 14 में से 10 मैच गंवाए और 9वें नंबर पर रही। इस खराब प्रदर्शन के बाद हार्दिक पंड्या की कप्तानी जाना तय है। टीम से भी उनकी छुट्टी हो सकती है। मुंबई इंडियंस अपने स्क्वाड में बड़े बदलाव करने के लिए तैयारी में है। इसकी शुरुआत कप्तानी से होगी। मीडिया से मुंबई इंडियंस से जुड़े तीन लोगों से बात की। इस दौरान पता चला कि हार्दिक की कप्तानी जाने की संभावना है। टीम में उनकी जगह पर भी चर्चा हो रही है। इसके अलावा सीनियर खिलाड़ियों से कोचिंग स्टाफ नाराज है। सूत्र ने कहा,'सत्र के दौरान इस बात के काफी संकेत मिले कि टीम मैनेजमेंट उन्हें कप्तान बनाए रखने के लिए उत्सुक नहीं था। टीम में साफ तौर पर चर्चा है।' राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के सीजन के आखिरी मैच के बाद कोचिंग स्टाफ ने टीम से बातचीत की। सूत्र ने कहा, 'कोचिंग स्टाफ ने सीनियर खिलाड़ियों को यह साफ-साफ बताया कि वे जहां भी खेलें, उन्हें कोचों की बात माननी होगी। ऐसे कई मौके आए जब कोचिंग स्टाफ ने कुछ ऐसा बताया जो डेटा पर आधारित था, लेकिन खिलाड़ियों ने उसे नहीं माना।'

**मुंबई इंडियंस हर विकल्प पर विचार करेगी-**आगे क्या होगा? मुंबई इंडियंस के एक पुराने जानकार के अनुसार, 'आने वाले दिनों में इस पर गंभीरता से सोचा जाएगा और चर्चा होगी। हर विकल्प पर विचार होगा। कई सवालों पर ध्यान देने की जरूरत है। आगे चलकर, क्या हार्दिक कप्तान बन रह सकते हैं? क्या वह सिर्फ एक खिलाड़ी के तौर पर टीम में रहेंगे?'

**समस्या केवल कप्तानी नहीं-**समस्या कप्तानी से भी गहरी है। एक और सूत्र ने कहा, 'हम इस आईपीएल में कुछ ज्यादा सफल टीमों की तरह पावरप्ले का इस्तेमाल नहीं कर पाए हैं। हम समय के साथ आगे नहीं बढ़ पाए हैं।' इस साल प्लेऑफ में जगह बनाने वाली टीमों राजस्थान रॉयल्स और सनराइजर्स हैदराबाद ने टी20 में बल्लेबाजी को नए तरीके परिभाषित किया। टॉप ऑर्डर ने लगातार 10 रन प्रति ओवर से ज्यादा से रन बनाए।

**मुंबई इंडियंस का कोई भी खिलाड़ी ऑरेंज या पर्पल कैप की रेस में नहीं था-**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और गुजरात टाइटंस में अनुभवी गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, कगिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज की अहमियत दिखने को मिली।

## न्यूज बाइट्स

### वरीय अधिवक्ता रवीन्द्र सिंह के निधन पर शोकसभा आयोजित

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** वरीय अधिवक्ता रवीन्द्र कुमार सिंह के निधन पर शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद तथा जिला विधिज्ञ संघ के संयुक्त तत्वावधान में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित न्यायिक पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि अर्पित की। ज्ञात हो कि रवीन्द्र कुमार सिंह जिले के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित अधिवक्ताओं में शामिल थे। वे पूर्व में विशेष लोक अभियोजक (स्पेशल पीपी) तथा जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद के सचिव पद का भी दायित्व निभा चुके थे। विधि व्यवसाय में उनका योगदान लगभग 57 वर्षों का रहा। व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित शोकसभा की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन कुमार ने की। इस अवसर पर न्यायालय के अधिकांश न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे और दिवंगत अधिवक्ता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया। वहीं जिला विधिज्ञ संघ, औरंगाबाद में आयोजित शोकसभा की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय ने की, जबकि संचालन महासचिव जगनारायण सिंह ने किया।

### आंधी-तूफान, बारिश और आकाशीय बिजली का कहर

# वज्रपात से अलग-अलग जगहों पर शिक्षक और किसान की हुई मौत



**निज सं.** | रफीगंज / दाउदनगर (औरंगाबाद)

जिले में शुक्रवार सुबह आए आंधी-तूफान और बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। एक घटना रफीगंज प्रखंड में हुई, जहां विद्यालय परिसर में वज्रपात की चपेट में आने से एक शिक्षक की जान चली गई, जबकि दूसरी घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र में हुई, जहां सुबह टहलने निकले किसान की मौत हो गई। दोनों घटनाओं के बाद संबंधित परिवारों में शोक की लहर है। रफीगंज प्रखंड के भेखनपुरा प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत शिक्षक सुनील कुमार सिंह (43 वर्ष) की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। वे पांडेय करमा गांव के निवासी थे और वर्तमान में रफीगंज शहर स्थित अपने आवास पर परिवार के साथ रह रहे थे। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह मौसम खराब होने के बावजूद वे समय पर विद्यालय जाने के लिए निकले थे। विद्यालय परिसर पहुंचते ही अचानक वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आने से वे गंभीर रूप से झुलस गए। विद्यालय के अन्य शिक्षकों एवं कर्मियों ने उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। पत्नी ब्यूटी कुमारी, जो पेशे से अधिवक्ता हैं, पति की मौत की खबर सुनकर बार-बार बेहोश हो रही थीं। अस्पताल परिसर का माहौल बेहद भावुक हो गया।

### वज्रपात से दाउदनगर में किसान की गई जान

**दाउदनगर(औरंगाबाद) (नि.सं)।** दूसरी घटना दाउदनगर थाना क्षेत्र के केशराड़ी गांव में हुई। यहां केदार यादव (55 वर्ष) शुक्रवार सुबह टहलने के लिए घर से निकले थे। इसी दौरान मौसम अचानक खराब हो गया और तेज बारिश व आंधी के बीच वज्रपात की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर ग्रामीणों ने उन्हें तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर दाउदनगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने वज्रपात से मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि आगे की आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। लगातार बदलते मौसम और वज्रपात की घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से खराब मौसम के दौरान खुले स्थानों, खेतों और पेड़ों के नीचे जाने से बचने तथा मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनियों का पालन करने की अपील की है। शुक्रवार की इस दोहरी त्रासदी ने एक बार फिर आकाशीय बिजली के खतरे को उजागर कर दिया है।

### नौ वर्षीय बेटी के सिर से उठा पिता का साया

मृतक शिक्षक अपने पीछे पत्नी और नौ वर्षीय पुत्री अदिति राज को छोड़ गए हैं। अदिति रफीगंज के एक विद्यालय में चौथी कक्षा की छात्रा है। पिता की असमय मृत्यु से बच्ची गहरे सदमे में है। परिजन और स्थानीय लोग उसे संभालने का प्रयास करते रहे। सहकर्मी शिक्षकों ने बताया कि सुनील कुमार सिंह अपने कर्तव्यों के प्रति अत्यंत ईमानदार और समर्पित शिक्षक थे। खराब मौसम के बावजूद विद्यालय पहुंचने के लिए निकले थे और कर्तव्य निर्वहन के दौरान ही उनकी जान चली गई। घटना के बाद शिक्षकों में आक्रोश भी देखने को मिला। मौके पर पहुंची शिक्षिका शुभकामना शर्मा ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारियों के दबाव के कारण शिक्षक प्रतिकूल मौसम में भी विद्यालय पहुंचने को मजबूर होते हैं।

# मिलेगा सबको सम्मान, होगा जीवन आसान, जनता दरबार में जिलाधिकारी ने सुनीं लोगों की समस्याएं




- इंदिरा आवास, भूमि मापी, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स, मानदेय भुगतान और अनुग्रह अनुदान से संबंधित शिकायतें भी दर्ज हुईं।
- सभी परिवादों को पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को कार्रवाई के लिए भेजा गया।

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

मुख्यमंत्री के सात निश्चय-3 कार्यक्रम की भावना के अनुरूप 'मिलेगा सबको सम्मान, होगा जीवन आसान' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष बड़ी संख्या में परिवादी पहुंचे और अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से जुड़े मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता तथा अनुग्रह अनुदान सहित जनहित से जुड़े विभिन्न विषय शामिल रहे।

जिलाधिकारी ने सभी परिवादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में प्राप्त सभी आवेदनों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया, ताकि निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनका शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले की गंभीरता से जांच कर निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करें, ताकि लोगों को न्याय मिल सके और उन्हें कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी परिवादों का निष्पादन निर्धारित समय-सीमा के भीतर किया जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया गया कि जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए और प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। जनता दरबार के माध्यम से जिला प्रशासन आम लोगों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनके समाधान की दिशा में पहल कर रहा है, जिससे शासन और जनता के बीच संवाद एवं विश्वास को और अधिक मजबूत बनाया जा सके।

## बटाने नदी पुल की बदहाल स्थिति पर पूर्व सांसद ने मुख्य सचिव और पथ निर्माण विभाग को लिखा पत्र

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर कुटुंबा प्रखंड स्थित बटाने नदी पर निर्मित पुल के पुनः क्षतिग्रस्त होने को गंभीर मामला बताते हुए बिहार सरकार के मुख्य सचिव एवं पथ निर्माण विभाग के सचिव का ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने पत्र भेजकर जनहित में त्वरित कार्रवाई की मांग की है। पूर्व सांसद ने अपने पत्र में कहा है कि कुटुंबा प्रखंड में बटाने नदी पर निर्मित यह पुल कुछ ही वर्ष पूर्व बनाया गया था, लेकिन निर्माण कार्य में कथित अनियमितता और गुणवत्ता में कमी के कारण शुरू से ही इसमें तकनीकी खामियां सामने आने लगी थीं। स्थिति ऐसी बनी कि पुल पर आवागमन रोककर डायवर्सन के माध्यम से यातायात संचालित करना पड़ा और बाद में पुल के ऊपरी हिस्से की मरम्मत भी कराई गई। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य पर सरकार को करोड़ों रुपये अतिरिक्त खर्च करने पड़े, जो बेहतर निर्माण गुणवत्ता सुनिश्चित होने पर बचाए जा सकते थे। इसके बावजूद अब पुल एक बार फिर क्षतिग्रस्त हो गया है और उसकी स्थिति खतरनाक बताई जा रही है। पूर्व सांसद के अनुसार संभावित दुर्घटना की आशंका को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर पुल पर वाहनों का परिचालन बंद कर दिया है। वर्तमान में यातायात को वैकल्पिक मार्ग से संचालित किया जा रहा है, जिससे लोगों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। इसके कारण यात्रियों और वाहन चालकों का समय तथा ईंधन दोनों अधिक खर्च हो रहे हैं।

## इग्नू की की परीक्षा एक जून से परीक्षा केंद्र पर पूरी हुई तैयारी

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद



इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के अध्ययन केंद्र 05200, सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में जून 2026 सत्र की टर्म एंड परीक्षा 1 जून से शुरू होगी। यह परीक्षा 21 जुलाई 2026 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संपन्न कराने के लिए महाविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महाविद्यालय की ओर से जारी निर्देश के अनुसार परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक संचालित होगी। परीक्षार्थियों को निर्धारित समय से कम से कम 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है, ताकि प्रवेश प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। अध्ययन केंद्र के समन्वयक सह केंद्र अधीक्षक प्रो. डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने बताया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

उन्होंने परीक्षार्थियों को निर्देश दिया कि वे परीक्षा केंद्र पर केवल आवश्यक सामग्री जैसे कलम, प्रवेश पत्र और वैध पहचान पत्र ही लेकर आएं। मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, कैलकुलेटर अथवा अन्य किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को परीक्षा केंद्र में लाने की अनुमति नहीं होगी।

## संभावित बाढ़ और सुखाड़ से निपटने को लेकर प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

**एसवीवी संवाददाता** | औरंगाबाद

संभावित बाढ़, सुखाड़ और भीषण गर्मी की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन की तैयारियों की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बिहार सरकार की पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री सह औरंगाबाद जिला प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने की। बैठक की शुरुआत में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने प्रभारी मंत्री का पौधा भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद जिलाधिकारी ने जिले में संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की स्थिति से निपटने के लिए की गई तैयारियों का विस्तृत प्रतिवेदन दृश्य प्रस्तुतीकरण के माध्यम से प्रस्तुत किया। बैठक में बताया गया कि जिले में पुनपुन, सोन, बटाने, बतरे, अदरी और केसहर प्रमुख नदियां हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान सामान्य से कम वर्षापात दर्ज किया गया है। बिहार मौसम सेवा केंद्र के अनुसार वर्ष 2026 में जून से सितंबर तक सामान्य से कम बारिश होने की संभावना जताई गई है।

